3 राजधानी
बगैर बताए अब गायब नहीं हो सकेंगे डॉक्टर

6 अभिमत
रूस-यूक्रेन युद्ध की भयावहता

10 कारोबार
सेंसेक्स 157 अंक मजबूत

12 स्पोर्ट्स
दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 343
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं युवा आईएएस
राष्ट्रीय-9


# थाईलैंड में गोलीबारी, 36 की मौत

● मरने वालों में 24 बच्चे, हमलावर ने पत्नी और बच्चों को मारकर खुद भी दी जान

● चाइल्ड केयर सेंटर को बनाया निशाना

**एपी।** बैंकॉक

**पूर्वोत्तर** थाईलैंड के एक डे केयर सेंटर में एक पूर्व पुलिसकर्मी ने बृहस्पतिवार को गोलीबारी की जिसमें दर्जनों बच्चों और शिक्षकों की मौत हो गई। हमलावर ने घटनास्थल से भागने के दौरान भी गोलीबारी की जिससे कई और लोग घायल हुए हैं। थाईलैंड के इतिहास में सबसे खूनी हमले में कम से कम 36 लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ से जुड़े मामले में पुलिस सेवा से बर्खास्त किए गए हमलावर ने बाद में घर जाकर पत्नी और बेटे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।

सबसे पहले मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा ली गई तस्वीरों में दिख रहा है कि स्कूल के फर्श पर छोटे-छोटे बच्चों के शव उनके कंबलों में पड़े हैं, जो दोपहर में आराम कर रहे थे। तस्वीरों में दिख रहा है कि उनके सिर पर कटने व गोली के निशान है और वे खून से लथपथ हैं। सरकारी प्रसारक थाईपीबीएस को एक शिक्षिका ने बताया कि हमलावर कार से निकला और बाहर दोपहर का खाना खा रहे व्यक्ति को गोली मार दी, जिसके बाद उसने और गोलियां चलाई।

उन्होंने बताया कि जब हमलावर बंदूक में गोली भर रहा था, तब वह मौका पाकर स्कूल के अंदर चली आईं। उन्होंने बताया, मैं वापस दौड़कर वहां पहुंची,बच्चे सो रहे थे जिनकी उम्र दो से तीन साल के बीच थी। हमला पूर्वोत्तर थाईलैंड स्थित नोंग बुआ लाम्फू शहर में हुआ जो देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि डे केयर (दिन में बच्चों की देखरेख करने वाला केंद्र जहां आमतौर पर नौकरी पेशा महिलाएं अपने बच्चों को छोड़कर जाती हैं) के कर्मी ने जब बंदूकधारी हमलावर को देखा तो उसने दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन हमलावर गोली चलाते हुए अंदर दाखिल हो गया। प्रत्यशदर्शी ने थाईलैंड के कोम चाड ल्यूक टेलीविजन को घटनास्थल पर बताया, हमले में मारी गई एक शिक्षिका की गोद में घटना के समय बच्चा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम 10 अन्य लोग घायल हुए हैं जिनमें से छह की हालत गंभीर है।

सबसे पहले मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा रिकॉर्ड गए वीडियो में दिख रहा है कि एक मंजिला इमारत में बचावकर्मी दाखिल हो रहे हैं, इमारत के सामने बने शीशे का दरवाजा टूटा है और जमीन पर खून बिखरा है। वीडियों में बच्चों के परिवार के सदस्य डे केयर की इमारत के बाहर विलाप करते दिख रहे हैं। ऑनलाइन जारी एक तस्वीर में डे केयर के एक कमरे में खून से सने गद्दे फर्श पर पड़े और रंग-बिरंगे अक्षरों से सजाई गई दीवारें दिख रही हैं। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की (शेष पेज 4)



बैंकाक में गोलीबारी में अपनों को खोने के बाद दुखी परिजन

## दक्षिण मेक्सिको में बंदूकधारियों के हमले में 20 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी (एपी)।** हमलावरों ने बुधवार को दक्षिणी मेक्सिको राज्य ग्युरेरो में एक मेयर, उनके पिता और 16 अन्य लोगों को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। स्टेट अटॉर्नी जनरल सैंड्रा लुज वाल्डोविनोस ने बुधवार देर रात मिलेनियो टेलीविजन को बताया कि सैन मिगुएल तोतोलापन शहर में बंदूकधारियों के हमले में 20 लोग मारे गए और दो घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मृतकों में मेयर कोनराडो मेंडोज़ा और शहर के पूर्व मेयर उनके पिता भी शामिल हैं। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में सिटी हॉल और जगह जगह गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। बाद में बुधवार को, पड़ोसी राज्य मोरेलोस में, मेक्सिको सिटी के दक्षिण में कुर्नवाका शहर में एक जनप्रतिनिधि की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मेक्सिको में अधिकारियों पर हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की सुरक्षा रणनीति (शेष पेज 4)

# अमेरिका में अगवा सिख परिवार के चारों सदस्य मृत पाए गए



अपहृत सिख परिवार के सदस्यों की हत्या की जानकारी देते मर्सेड काउंटी के शेरिफ वर्न वार्नके

● मृतकों में आठ माह की बच्ची भी शामिल, संदिग्ध को हिरासत में लिया

● मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर के निवासी इस परिवार का सोमवार को अपहरण किया गया था

**एजेंसी।** सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया में अपहृत सिख परिवार के चारों सदस्य एक बगीचे में मृत मिले हैं। मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर के हरसी पिंड के रहने वाले इस परिवार का सोमवार को अपहरण कर लिया गया था।

मर्सेड काउंटी के शेरिफ वर्न वार्नके ने बताया कि आठ माह की बच्ची आरुही धेरी, उसकी मां जसलीन कौर (27), पिता जसदीप सिंह (36) और जसदीप के भाई अमनदीप सिंह (39) के शव इंडियाना रोड एंड हचिनसन रोड के पास एक बगीचे से बुधवार शाम बरामद हुए। वार्नके ने बताया कि बगीचे के पास खेत में काम करने वाले एक मजदूर ने शव देखे और उसने तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सभी शव एक साथ मिले। वार्नके ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं अपना रोष शब्दों में बयां नहीं कर सकता। शेरिफ ने मामले में संदिग्ध जीसस मैनुअल सालगाडो के बारे में कहा, इस इंसान को नरक में जगह मिलेगी।

मर्सेड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार को दिन में परिवार के अपहरण से जुड़ा एक नया वीडियो साझा किया था। वीडियो में पहले जसदीप और अमनदीप इमारत से निकलते नजर आ रहे हैं और उनके हाथ बंधे हैं। इसके बाद अपहरणकर्ता जसलीन और (शेष पेज 4)



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर चिड़ियाघर में तेंदुए के दो मादा शावकों को दूध पिलाकर उनका नामकरण भवानी और चंडी किया

## 15 नवम्बर तक गड्ढामुक्त हो प्रदेश: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आवागमन** की सुगमता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सड़कों की गड्ढामुक्ति के लिए वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को आहूत उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने उक्त अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में आगामी आठ अक्टूबर से आयोजित भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा भी की। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देशों में कहा गया कि बेहतर कनेक्टिविटी प्रगति का माध्यम होती है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विगत 05 वर्ष में इस क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। आज सुदूर गांवों तक अच्छी सड़कों की कनेक्टिविटी है। बॉर्डर एरिया तक बेहतरीन सड़कों का संजाल है। इसका सीधा लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के (शेष पेज 4)

# जांच के लिए भेजे गए कफ सीरप के नमूने

● सरकार ने कहा- नतीजों से आगे कार्रवाई में मिलेगी मदद

● गांबिया में मौतों पर डब्ल्यूएचओ ने किया अलर्ट

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** कंपनी द्वारा निर्मित कफ सीरप से गांबिया में कथित रूप से बच्चों की मौत को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अलर्ट के बाद सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि कफ सीरप के नमूने भारत के औषधि महानियंत्रक डीसीजीआई को जांच के लिए भेजे गए हैं और इसके नतीजों से आगे की कार्रवाई में मदद मिलेगी।

डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा कथित तौर पर उत्पादित दूषित और कम गुणवत्ता वाले चार कफ सीरप पश्चिमी अफ्रीका के देश गांबिया में हुई बच्चों की मौत का कारण हो सकते हैं। डीसीजीआई ने इस संबंध में पहले ही जांच शुरू कर दी है और डब्ल्यूएचओ से विस्तृत ब्योरा मांगा है। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी द्वारा निर्मित चार तरह के कफ सीरप के नमूनों को जांच के लिए कोलकाता स्थिति केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (सीडीएल) में भेजा गया है।


विज ने कहा, नमूनों को भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) और हरियाणा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एकत्र किया और इसे कोलकता स्थित सीडीएल को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के औषध विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) से बात की है। विज (शेष पेज 4)

## पीएफआई के मामलों को देखने के लिए यूएपीए ट्रिब्यूनल गठित

● दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस दिनेश शर्मा अधिकरण की करेंगे अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। ये ट्रिब्यूनल हाल ही में प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) तथा उससे जुड़े संगठनों से संबंधित मामलों को देखेगा। एक बार यदि किसी संगठन को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत प्रतिबंधित किया जाता है तो सरकार द्वारा एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जाता है जो इस बात को तय करता है कि क्या संगठन को गैरकानूनी घोषित करने के (शेष पेज 8)



## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,222 | ↑ | 156 | |
| निफ्टी | 17,331 | ↑ | 57 | |
| सोना | 52,220 | ↑ | 497 | /10g |
| चांदी | 61,605 | ↓ | 80 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी गंभीर

**लखनऊ।** गुड़गांव में मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। अस्पताल द्वारा बृहस्पतिवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक यादव की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है और उन्हें जीवन रक्षक औषधियां दी जा रही हैं। बुलेटिन के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक दल उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। गौरतलब है कि 82 वर्षीय यादव का पिछली 22 अगस्त से मेदांता अस्पताल से इलाज किया जा रहा है और उन्हें पिछले रविवार को निम्न रक्तचाप और सांस लेने में तकलीफ की समस्या गंभीर होने पर भर्ती कराया गया था।

# राष्ट्रपति पर टिप्पणी कर घिरे उदित राज



● भाजपा ने बोला हमला, कहा कि यह टिप्पणी कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता उदित राज द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को प्रमुख विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि यह टिप्पणी कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद मुर्मू सोमवार को पहली बार गुजरात पहुंची थीं। गांधीनगर में गुजरात सरकार की ओर से आयोजित (शेष पेज 4)

**उदित राज का विवादित ट्वीट- द्रौपदी मुर्मू जी जैसी राष्ट्रपति किसी देश को न मिलें। चमचागीरी की भी हद है। कहती हैं कि 70% लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा।**

### एनसीडब्ल्यू ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता उदित राज को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उनकी चापलूसी वाली टिप्पणी पर तलब किया है। बृहस्पतिवार को जारी नोटिस में आयोग ने उन्हें 10 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने और उनकी (कांग्रेस नेता की) बेहद निंदनीय और शर्मनाक टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। अपने नोटिस में एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग ने उनकी टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। महिला निकाय ने प्रेस के लिए जारी एक बयान में कहा, बयान बेहद निंदनीय और शर्मनाक हैं। आयोग ने उदित राज को एक नोटिस भेजा है। एनसीडब्ल्यू ने एक सुनवाई तय की है और राज को 10 अक्टूबर, 2022 को अपराह्न तीन बजे आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है। भाजपा और अन्य पक्षों द्वारा बयान के लिए सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना का सामना कर रहे कांग्रेस नेता ने ट्विटर पर एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू पर उनका बयान उनका व्यक्तिगत बयान है और इसका कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं।

## हिमस्खलन स्थल से 12 शव और मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**नेहरू** पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) ने बताया कि उत्तरकाशी में हुए हिमस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। बचावकर्मियों ने मौके से और 12 पर्वतारोहियों के शव बरामद किए हैं। माना जा रहा है कि 15 पर्वतारोही अब भी लापता हैं। पर्वतारोही चढ़ाई के बाद लौटते समय 17 हजार फुट की ऊंचाई पर द्रौपदी का डांडा-द्वितीय चोटी पर मंगलवार को हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। एनआईए द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, अभी तक 16 शव बरामद हुए हैं जिनमें से 12 प्रशिक्षुओं के हैं जबकि दो शव प्रशिक्षकों के हैं। हिमस्खलन वाले दिन महज चार शव बरामद हो सके थे। संस्थान ने बताया कि मौके पर अभी तक राहत एवं बचाव कार्य जारी है। उसने कहा, हालांकि, खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को राहत कार्य से (शेष पेज 4)

# कृषि विवि में प्राकृतिक खेती के पाठ्यक्रम शामिल करें: शाह

## प्रदेश सरकार शीघ्र ही प्राकृतिक खेती बोर्ड की घोषणा करने जा रही है: योगी

● गोशालाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए शासकीय व्यवस्था बनायी जाए

● कम लागत व अधिक उत्पादन का एक मात्र मंत्र प्राकृतिक खेती ही हो सकता है



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नेचुरल फार्मिंग एण्ड डिजिटल एग्रीकल्चरष् के सम्बन्ध में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेतीए गो-आधारित कृषि की एक प्राचीन परम्परा है। बैठक आयोजित करने का उद्देश्य राज्यों का प्राकृतिक खेती एवं डिजिटल कृषि विषय पर ध्यान आकर्षित करना हैए जिससे उनके द्वारा इस सम्बन्ध में लिये गये इनिशियेटिव तथा संकल्प, परिणाम देने वाले तथा एक दिशा की ओर ले जाने वाले हों। उन्होंने सभी राज्यों द्वारा कृषि विवि में प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित पाठ्यक्रम को शामिल किये जाने पर बल देते हुए कहा कि गोशालाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए शासकीय व्यवस्था बनायी जाए। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश को जरूरत के हिसाब से कृषि उत्पादन करना है तो डिजिटल कृषि को अपनाना होगा। डिजिटल कृषि से किसान मोबाइल पर कृषि सेवाओं और परामर्श की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को समयबद्ध व सटीक फसल एडवायजरी मिल सकेगी। डिजिटल कृषि के अन्तर्गत सभी किसानों के कृषि क्षेत्रों को शामिल किया जाए तो किसानों के उत्पादन का एक्सपोर्ट होगा जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास से इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि के महत्व के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही प्राकृतिक खेती बोर्ड की घोषणा करने जा रही है। इसके माध्यम से प्राकृतिक खेती और औद्यानिक फसलों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्राकृतिक खेती भारतीय नस्ल के गोवंश के संरक्षण के साथ ही अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राकृतिक खेती के विजन को जिस मजबूती के साथ देश में लागू किया जा रहा है वह अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने और उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। कम लागत व अधिक उत्पादन का एकमात्र मंत्र प्राकृतिक खेती ही हो सकता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश प्राकृतिक खेती के माध्यम से अपनी आस्था के सम्मान के साथ ही अन्नदाता किसानों की समृद्धि को आगे बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बुन्देलखण्ड के सभी 7 जनपदों के 47 विकास खण्डों में प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में नोटिफिकेशन जारी कर सब्सिडी भी दी है। प्रदेश में गंगा के तटवर्ती सभी 27 जनपदों के 105 विकास खण्डों में प्राकृतिक खेती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 04 राज्य कृषि विवि एवं 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों को प्राकृतिक खेती के अभियान से जोड़ा गया है। प्रदेश के 1 लाख 25 हजार किसान आज प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। प्रदेश में 1 लाख 10 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती प्रारम्भ हो चुकी है। इस वर्ष मानसून में कम बारिश हुई जिन स्थानों पर गो.आधारित प्राकृतिक खेती की गयी वहां पर कम बारिश के बावजूद फसल अच्छी हुई है। फसलों के उत्पादन के लिए जिन स्थानों पर फर्टिलाइजर या केमिकल का उपयोग ज्यादा हुआ वहां फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा है।



# केशव ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया यूपी आने का न्योता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात की तस्वीरें केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से साझा कीं।

उन्होंने लिखा कि आज राष्ट्रपति भवन दिल्ली में ममता, समता, क्षमता की प्रतीक भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आत्मीय भेंट की और 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से विजयदशमी व आगामी दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं प्रदेश के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही उत्तर प्रदेश प्रवास के लिए अनुरोध भी किया। अंत में उन्होंने लिखा कि प्रदेश आपके प्रथम आगमन के लिए प्रतीक्षारत है। इसके अलावा केशव प्रसाद मौर्य विजय दशमी के मौके पर अपने व्यस्त कार्यक्रमों को छोड़कर दिल्ली अचानक दिल्ली चले गए थे। उन्होंने बुधवार को दशहरे के दिन छत्तीसगढ़ के बीजेपी प्रभारी ओम माथुर से मुलाकात की थी। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल से भी मुलाकात की थी। साथ ही केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा भी इस दौरान उनके साथ थे।

# राहुल गांधी की यात्रा से भयभीत भाजपा राजभर को अपने पाले में लाने को बेताब: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को जिस प्रकार से सभी वर्गों का व्यापक समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा में खलबी मच गई है। यह भाजपा का चाल, चरित्र और चिंतन है जो इस यात्रा से भयभीत होकर वह ओम प्रकाश राजभर को अपने पाले में लाने को बेताब है। अभी यात्रा दक्षिण के कर्नाटक राज्य में है पर उस यात्रा का ताप अब भाजपा सताने लगा है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि नि ओम प्रकाश राजभर ने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और उनके नेताओं को कोई ऐसी गाली नहीं बख्शी और निजी हमले तक किए। आज उसी राजभर से भाजपा गलबहियां है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का नौजवान, छात्र, बेरोजगारों की लंबी फौज इस यात्रा को आशा की नज़र से देख रही है। भाजपा और योगी सरकार व्यापक बहुमत के बाद भी सत्ता में रहकर भी आम आदमी के लोककल्याण के लिए काम नहीं कर पाई। न रोजगार दे पाए, न मंहगाई रोक पाए, न भ्रष्टाचार, इसलिए आज बौखला कर उलूल जुलूल बयान दिए जा रहे इससे कुछ होने वाला नहीं।

# हम कर्म पर विश्वास रखते हैं इसलिए भव्य राममंदिर निर्माण तेजी से हो रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरुवार को राजस्थान में जयपुर के विराटनगर स्थित पावनधाम श्री पंचखंड पीठ में आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के त्रयोदश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान स्वामी सोमेंद्र शर्मा का चादरपोशी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सीएम ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन 1949 से प्रारंभ होकर 1983 में रामजन्मभूमि समिति के गठन होने के साथ बढ़ता है। देश में इस आंदोलन को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में संतों ने धार दी थी। तब लोग बोलते थेए कोई परिणाम नहीं आने वाला है पर हम तो भगवान श्रीकृष्ण के श्कर्मण्येवाधिकारस्ते, मां फलेषु कदाचन के भाव पर विश्वास करते हैं। हम फल की इच्छा नहीं, कर्म पर विश्वास करते हैं। संतों ने अपने आंदोलन से इसे साबित किया, इसलिए परिणाम आना ही था। आज अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। पीएम ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर कार्यक्रम को बढ़ाया। अब तक 50 फीसदी से अधिक कार्य बढ़ चुका है। इस दौरान भी आचार्य जी अयोध्या धाम पधारे। उनके मन में खुशी थी। उस आंदोलन के साथ उन्होंने खुद को समर्पित करके इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दियाए यही है भारत के संतों की परंपरा। संत अपनी परंपरा एवं संस्कृति से जुड़कर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करता है। यही एक संत धर्म भी है। सम-विषम परिस्थितियों में अपने पद से विचलित न होकर सनातन हिंदू धर्म के लिए और विराट हिंदू समाज की रक्षा के लिए उन्होंने बढ़चढ़कर भाग लिया। सीएम ने कहा कि आचार्य जी बेबाक व तर्कसंगत तरीके से अपनी बात रखते थे। इसी का परिणाम है कि विराट हिंदू समाज सम्मान के साथ उनके प्रति श्रद्धा व आदरभाव रखता है। आज आचार्य जी भौतिक रूप से हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन सनातन धर्म के लिए उनका योगदान सदैव सूक्ष्म रूप से उनके उद्देश्यों, संभाषणों के माध्यम से हमारे बीच उन्हें सदैव जीवंत बनाए रखेंगे। हिंदी, गोरक्षा, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ का आंदोलन रहा हो या रामसेतु की रक्षा का आंदोलन। सनातन धर्म से जुड़े ऐसे कोई मानबिंदु नहीं थे जिसमें उन्होंने योगदान न दिया हो। आचार्य जी की इस परंपरा को आज स्वामी सोमेंद्र जी महाराज ने निर्वहन करने का प्रण लिया है। विश्वास है कि समर्थ गुरू रामदास की परंपरा के साथ जिस तेज के साथ विगत दो पीढ़ियों ने सनातन हिंदू धर्म के लिए कार्य किया उस अभियान को सम.विषम परिस्थितियों में स्वामी सोमेंद्र जी महाराज बढ़ाएंगे। विराट परंपरा है तो विराट जिम्मेदारी भी है। आचार्य के अनुयायी, शुभचिंतक पूज्य संतों के आशीर्वाद से दो परंपराओं के तेज व आशीर्वाद से बढ़ाने का कार्य करेंगे। उनके प्रति व पीठ के प्रति हमारी सद्भावना व शुभकामना है। सीएम ने कहा कि श्रीपंचखंड पीठ ने सदैव सभी सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। भारत विभाजन के समय विरोध करने के लिए देश के पूज्य संतों के नेतृत्व में जो आंदोलन चल रहा था उसमें भी इस पीठ की भूमिका थी। महात्मा रामचंद्र वीर जी महाराज व स्वामी आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज आंदोलन में कूद पड़े थे। आजादी के उपरांत जब भी युद्ध थोपे गए तो देश के हित में नागरिक के रूप में हमारा दायित्व क्या होना चाहिए। उसके भी निर्वहन के लिए जनजागरूकता अभियान संतों के नेतृत्व में चल रहे थेए उसमें भी पीठ बढ़चढ़ कर भाग ले रही थी।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आचार्य धर्मेंद्र का गोरक्षपीठ से तीन पीढ़ियों से गहरा संबंध था। जब भी गोरक्षपीठ से निमंत्रण मिलता था वे वहां पहुंचते थे। उनके मन में सदैव अपनत्व का भाव झलकता था। आचार्य धर्मेंद्र जी महाराज के श्रीचरणों में नमन करते हुए गोरक्षपीठ व सनातन हिंदू धर्म के अनुयायियों की तरफ से नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# सूबे में सकुशल हुआ 35960 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, रावण के 1859 पुतलों का दहन

● त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूपी पुलिस कटिबद्ध: एडीजी कानून-व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कुल 38600 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसमें से 35960 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका है, शेष 264 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आने वाली विभिन्न तिथियों में समयानुसार शासन के निर्देशानुसार सकुशल कराया जाएगा। राज्य के एडीजी कानून ववस्था प्रशांत कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही शासन के निर्देशों का पालन कराने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश मुख्यालय द्वारा सभी जनपदों को दिए गए हैं। एडीजी ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश भर में शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा, विसर्जन, दशहरा का कार्यक्रम शासन द्वारा दिए निर्देशों के मुताबिक सतर्क दृष्टि रखते हुए सकुशल संपन्न कराया जा रहा है। सभी जिलों को जुलूसों, कार्यक्रमों के दौरान लोक व्यवस्था के प्रतिकूल अथव किसी नई परम्परा की शुरुआत न होने पाए इसके दृष्टिगत समुचित वीडियोग्राफी कराए जाने, सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कराने व ड्रोन कैमरा से चेकिंग कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर से छह अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान इस वर्ष आगरा 3, गोरखपुर 2, बाराबंकी 2 तथा जौनपुर, प्रयागराज व ललितपुर में 1-1 कुल 10 घटनाएं डूबने की घटित हुईं। सभी जिलों के अधिकारियों को इसके लिए लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए हैं। एडीजी ने बताया कि इस वर्ष कुल 1919 रावण पुतला दहन के लिए रखे गए थे, जिसमें से 1859 पुतलों क दहन सकुशल सम्पन्न कराया गया। शेष बचे 60 पुतलों का दहन आने वाली विभिन्न तिथियों में कराया जाएगा। इस वर्ष रामलीला मंचन, रावण पुतला दहन के दौरान बाराबंकी में 2 तथा बस्ती में एक व्यक्ति की बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गदग। उत्तर प्रदेश पुलिस शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा, विसर्जन दुर्गा प्रतिमाओं तथ दशहरा- रावण दहन के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है तथा शांतिपूर्ण त्यौहार मनवाने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस प्रबन्ध एवं चौकसी की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। जिससे शासन के दिशा निर्देशों क पूर्ण रूप से पालन करवाया जा सके।

# सितंबर में सरकार के खजाने में आए 14 हजार 661.89 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के सितंबर माह में कुल 14 हजार 661.89 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पिछले साल सितम्बर में आए राजस्व से 3123.73 करोड़ रुपए अधिक है। पिछले वर्ष इसी माह में 11 हजार 538.16 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस में राज्य सरकार को प्राप्त हुए राजस्व और बजट खर्च के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के अगस्त में मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में 13024.46 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। जो निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 76.6 प्रतिशत है। सितंबर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 16 हजार 285.48 करोड़ रुपए के सापेक्ष प्राप्ति 90 प्रतिशत रही है। इस प्रकार माह अगस्त की तुलना माह सितंबर में 1637.43 करोड़ रुपए अधिक की प्राप्ति हुई है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत सितंबर में कुल 4746.57 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। पिछले साल सितम्बर के माह में 4290.92 करोड़ रुपए की प्राप्ति थी। वैट के तहत 4623.30 करोड़ का राजस्व आया। जबकि सितम्बर 2021 में 2200.40 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति रही। उन्होंने बताया कि वैट के तहत सितंबर में निर्धारित लक्ष्य 2911.40 करोड़ रुपए के सापेक्ष 158.8 प्रतिशत है। खन्ना ने बताया कि आबकारी के तहत सितंबर में कुल 2536.38 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि पिछले साल इसी माह में यह प्राप्ति 2559.85 करोड़ रुपए की थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के माह सितंबर में 1978.84 करोड़ रुपए, परिवहन के तहत 593.32 करोड़, भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत 183.48 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले छमाही अप्रैल से सितंबर के बीच में विभागों ने बजट खपत करने में तेजी दिखाई है। अभी तक बजट का 206734.34 करोड़ रुपये खर्च किया जा चुका है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 के पहले छह माह में बजट का कुल 177918.13 करोड़ रुपउ ही खर्च हुए थे। इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में अभी तक पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 28836.21 करोड़ रुपए अधिक खर्च किए जा चुके हैं।

# एसीओ को मिलेगा विस्तार, खुलेंगी आठ नई यूनिट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकारी** कर्मचारियों के भ्रष्टाचार पर नकेल कसने और उनकी धरपकड़ का अहम जिम्मा संभालने वाले यूपी पुलिस के एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन (एसीओ) का विस्तार करने की तैयारी है। इसके लिए यूपी में जल्दी ही एसीओ की आठ नई यूनिट खोली जाएंगी। वर्तमान में यूपी के पूर्व और पश्चिमी क्षेत्र में एसीओ की कुल 11 यूनिट हैं। जिनमें पूर्वी क्षेत्र में गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, आगरा और झांसी तथा पश्चिमी क्षेत्र में मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ और लखनऊ में ही एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन मुख्यालय है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस संबंध में गृह और पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। मुख्यमंत्री ने एंटी करप्शन को और सशक्त करने तथा उसकी नई यूनिट खोलने के निर्देश दिए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में भी एसीओ का दायरा बढ़ाने की घोषणा की थी। सरकार जिन नए क्षेत्रों में नई यूनिटें खोलने जा रही है उनमें आजमगढ़, मिर्जापुर, चित्रकूट, प्रयागराज, देवीपाटन, बस्ती, अलीगढ़ और सहारनपुर शामिल हैं। इसके लिए डीजी एसीओ नासिर कमाल की तरफ से शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मंजूरी मिलते ही इन जिलों में एएसपी के नेतृत्व में यूनिटें खोली जाएंगी। इनमें से चार जगहों पर ऑफि स के लिए भवन भी चिह्नित कर लिए गए हैं।

# रामराज्य की भावना के अनुरूप हो प्रत्येक प्राणी का संरक्षण: सीएम

## तेंदुए के दो मादा शावकों को दूध पिलाकर मुख्यमंत्री ने किया नामकरण

● एक को भवानी तो दूसरे को चंडी नाम दिया मुख्यमंत्री ने

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामराज की भावना के अनुरूप मानव कल्याण के साथ प्रत्येक प्राणी की रक्षा व संरक्षण में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। इसकी प्रेरणा हमें रामायण से भी मिलती है। रामायण की गाथा में अरण्य कांड जीव जंतुओं के संरक्षण, प्रकृति के प्रति दायित्वों, जीवों के प्रति व्यवहार की सीख देता है। अरण्य कांड में एक प्रकार से पूरी भारतीय ज्ञान संपदा समाहित है। सीएम योगी बुधवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान गोरखपुर चिड़ियाघर में तेंदुए के दो मादा शावकों को दूध पिलाकर उनका नामकरण भवानी और चंडी करने, सफेद बाघिन गीता को क्रॉल से बाड़ा प्रवेश कराने, चिड़ियाघर के हाल में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रामचरित मानस की पंक्तियों शिहत अनहित पसु पच्छिउ जाना, मानुष तनु गुन ग्यान निधाना का स्मरण करते हुए कहा कि कौन हितैषी है और कौन हानि पहुंचाने वाला पशुओं में इसका स्पंदन होता है। इस उद्धरण को और स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम वन में माता सीता व अपने अनुज लक्ष्मण के साथ ही गए थे लेकिन वनवास काल में उनकी मदद वनवासियों, भालू, वानर, गिद्ध यहां तक कि पेड़, पौधों व जंगल के नदी नालों ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य भी तभी संरक्षित रहेगा जब वह प्रकृति के प्रति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सजग रहेगा। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सभी लोगों के योगदान की अपील की। सीएम योगी ने वन्यजीव संरक्षण तथा ईको टूरिज्म को लेकर प्रदेश सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ में प्रदेश का पहला नाइट सफारी शुरू करने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, वन्यजीवों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होगी, मनोरंजन के साथ बच्चों का ज्ञानवर्धन भी होगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के रानीपुर में टाइगर रिजर्व बनाए जाने की भी घोषणा हो चुकी है। भगवान राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय चित्रकूट में ही व्यतीत किया था। बिजनौर व रामनगर में भी ईको टूरिज्म से जुड़े प्रस्ताव मंजूर हो चुके हैं। सरकार वन्यजीवों के लिए महाराजगंज, मेरठ, चित्रकूट, पीलीभीत आदि जगहों पर रेस्क्यू सेंटर बना रही है। महाराजगंज के सोहगीबरवा क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण केंद्र बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीवों से होने वाली हानि को सरकार ने आपदा की श्रेणी में रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार जलीय जीवों के संरक्षण को लेकर भी संवेदनशील है।

### सोहगीबरवा में शुरू होगी जंगल सफारी: वन मंत्री

**कार्यक्रम** में वन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि महाराजगंज के सोगीबरवा में सरकार जल्द ही जंगल सफारी की सुविधा शुरू करेगी। जंगल सफारी से ईको टूरिज्म बढ़ेगा, लोगों को रोजगार मिलेगा। दूसरे प्रदेशों के लोग पर्यटन के साथ ही अब उत्तर प्रदेश में रोजगार के लिए भी आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण प्रेम व वन्यजीवों से लगाव का उल्लेख करते हुए वन मंत्री ने कहा कि सीएम योगी ने अपने जन्मदिन पर सुबह उठते ही सबसे पहला काम पौधरोपण का किया था। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर पौधरोपण अवश्य करें।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम कल्लू से बदलकर कल्लू अहमद पुत्र बन्ने कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। जड़ियन टोला कड़ा कौशाम्बी।

सूचना

मैंने अपना नाम शहजान से बदलकर शहजान अली पुत्र बरकत अली कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। 130/567-ए बाबूपुरवा, कानपुर नगर।

सूचना

मैंने अपना नाम शानू से बदलकर शानू अहमद पुत्र नसीम अहमद कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। 132/527 मुन्शीपुरवा बाबूपुरवा, कानपुर नगर।

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम विशाल वर्मा है। लेकिन मेरे पिता के आफिस रिकार्ड में मेरा नाम विशाल अंकित है। जबकि यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी कि मेरे हैं। विशाल वर्मा पुत्र स्व0 विक्रम कुमार निवासी 356/340/1227 अशोक विहार आलमनगर, लखनऊ।

CHANGE OF NAME

I, Nikhil Kumar holder of Indian Passport No: V5122244 issued at DUBAI on 24/03/2022 and Permanent Resident of Vill Dudhali P o Rajupur P s Deoband Saharanpur Pin 247341 Uttar Pradesh India and presently residing at 13A FLAT NO 107 Ghoroob Mridif Dubai do hereby change my name from Nikhil Kumar to Mohammad Nabeel Ali with immediate effect.

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582



ऐशबाग रामलीला मैदान में रामलीला मंचन के दौरान राम-रावण के युद्ध का मंचन



राम द्वारा रावण के वध से धुं-धुं कर जलता रावण का पुतला



सदर में दुर्गा पूजा के दौरान सिंदूर खेला कार्यक्रम के दौरान महिलाएं

# बारिश के बीच टूटा रावण का दंभ, धू-धूकर जला पुतला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बारिश** के बीच रावण दहन की परंपरा का क्रम नहीं टूटा। बुधवार को सुबह से खुले मैदान में रखे रावण समेत अन्य के पुतलों को पन्नी आदि से ढककर बचाने की जोर आजमाइश चलती रही। रात आठ बजे बारिश कम होने के बाद रामलीला समितियों व अन्य लोगों ने राहत की सांस ली। फिर पुतला दहन ने जोर पकड़ा।

शहर के सबसे प्राचीन और बड़े करीब 65 फुट के रावण के पुतले का दहन ऐशबाग रामलीला मैदान में हुआ तो भीड़ ने जय श्रीराम के जयघोष लगाए। मौसम में परिवर्तन और परिस्थितियां विपरीत होने के बाद भी ऐशबाग रामलीला मंचन और रावण दहन किया गया।

समिति के अनुसार प्रभु राम के प्रति समस्त रामभक्तों की जो श्रद्धा है उसी ने समिति को साहस दिया कि इतनी भारी बारिश के बाद भी विजय दशमी को पहले कि तरह आयोजित किया जा सका। भव्य तरीके से रावण दहन जोरदार आतिशबाजी के साथ हुआ। मैदान में भरे पानी के बीच में दर्शकों का उत्साह और जोश कम नहीं पड़ा। लोग बच्चों को कंधे पर बिठाकर रावण दहन दिखाने पहुंचे। बाहर लगे मेले में भी बच्चोंए महिलाओं समेत सभी ने खूब मस्ती की। यहां विजय दशमी के दिन मंदोदरी रावण संवाद, मेघनाथ व रावण वध के दृश्य प्रस्तुत किये गए।

# नर्सिंग संवर्ग के लिए मिशन निरामया की शुरुआत करेंगे मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कल पीजीआई के कन्वेंशन सेंटर से होगा शुभारंभ

**भविष्य** की जरूरतों के दृष्टिगत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण में व्यापक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से प्रदेश में मिशन निरामया की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। आठ अक्टूबर को इसका शुभारंभ पीजीआई के कन्वेंशन सेंटर से होगा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। मिशन निरामया के तहत नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्याप्त शिक्षक, सेवारत शिक्षकों का आधार सत्यापन आदि पर फोकस किया जाएगा। नर्सिंग व पैरामेडिकल के क्षेत्र में प्रदेश के कई संस्थान अच्छा कार्य कर रहे हैं। इन बेस्ट प्रैक्टिसेज को अन्य संस्थानों में भी लागू किया जायेगा। अभियान में बेहतर प्रशिक्षण के साथ-साथ बेहतर सेवायोजन पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल से संवाद कर नीति तय करने की दिशा में कार्ययोजना तय की जाएगी क्योंकि नर्सिंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज बहुत आवश्यक है।

# त्योहारों पर मार्ग प्रकाश की तत्काल समुचित व्यवस्था की जाए: मंडलायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मंडलायुक्त** डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर निगम के अधीन मार्ग प्रकाश व्यवस्था के संबंध में आयुक्त सभागार में बैठक में मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहारों के अवसर पर जहाँ कही मार्ग एवं जनसमूह के एकत्र होने की संभावना हो उन स्थानो पर मार्ग प्रकाशो की तत्काल समुचित व्यवस्था की जाये। जो लाइट खराब मिलती है उसको 24 घंटे से ज्यादा समय नही लगना चाहिये बदलने के लिए। बड़े जंक्शन और चैराहो पर विशेष ध्यान दिया जाये मार्ग प्रकाश व्यवस्था को लेकर। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने बताया कि नगर निगम एवं ईईएसएल कंपनी द्वारा रात्रि में स्ट्रीट लाईटो की स्थिति का दैनिक सर्वे किया जाय। कंपनी अपने मेन पवार की संख्या में बढ़ोत्तरी करे साथ मे मशीनों की संख्या भी बढाये, संबंधित कंपनी डेली सर्वे करके अपडेट देना सुनश्चित करेगे। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही किसी दशा में क्षम्य नही हैं पूरे जिम्मेदारी के साथ कार्य करें अधिकारी।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● ठाकुरगंज व विभूतिखंड में हुई आत्महत्याओं की घटनाएं

**ठाकुरगंज** इलाके में किराये के मकान में रह रहे एक ई रिक शा चालक ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं विभूतिखंड इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मौके से कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार असियामऊ कैम्पल रोड थाना ठाकुरगंज निवासी सफीक ने पुलिस को सूचना दिया कि उसके मकान में 32 वर्षीय अतहर हुसैन उर्फ पिन्टू किराये पर सपरिवार रहता है। बीती रात उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक ई रिक शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मृतक की पत्नी का नाम साहीन है और उसके एक पुत्री है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर इंस्पेक्टर विभूतिखंड आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि वास्तुखंड विभूतिखंड निवासी मनोहर लाल ने सूचना दिया कि उनके मकान में 24 वर्षीय शिवम सिंह किराये पर रहता था। जो कि प्रतापगढ़ कर रहने वाला था। बुधवार की प्रात: उनका एक रिश्तेदार कमरे पर पहुंचा तो देखा कि कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांकर देखा तो शिवम पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि मृतक प्राइवेट नौकरी करता था और अविवाहित था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छात्राओं के लिए दूर परीक्षा केन्द्र बनाए जाने पर जताई नाराजगी

**लखनऊ।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 15 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से प्रस्तावित प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) में छात्राओं के सेंटर 100 से 200 किमी दूर भेजे जाने पर नाराजगी जताई है। इस बावत संगठन की तरफ से मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर संशोधन की मांग की है। एसएफआई के राज्य पदाधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पात्रता परीक्षा में अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र उनके जिलों में न देकर 100 से 200 किमी दूर अन्य जिलों में दे दिया गया है। इससे उनको काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। इसे लेकर न सिर्फ विद्यार्थी बल्कि उनके अभिभावक भी काफी परेशान हैं। पीईटी में लगभग 30 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे ज्ञापन में एसएफआई के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने सरकार से मांग की है कि छात्राओं का परीक्षा केंद्र उनके गृह जनपद में ही किया जाए। वहीं परीक्षा के एक दिन पहले, उस दिन और एक दिन बाद अतिरिक्त बसें चलाई जाएं। प्रवेश पत्र के आधार पर सरकारी वाहनों में अभ्यर्थियों का किराया नि:शुल्क किया जाए।

# बगैर बताए अब गायब नहीं हो सकेंगे डॉक्टर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकारी** अस्पतालों में तैनात डॉक्टर अब बगैर महानिदेशालय को बताये ड्यूटी से गायब नहीं हो सकेंगे। अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग नया पोर्टल तैयार करा रहा है। जिस पर डॉक्टर के कार्यभार ग्रहण करने से लेकर रिटायरमेंट व अवकाश का पूरा विवरण ऑनलाइन दर्ज होगा। प्रदेश में प्रांतीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा संवर्ग में करीब 12 हजार चिकित्सक हैं। इनकी तैनाती 170 जिला अस्पतालों, 943 सीएचसी व 3649 पीएचसी में है। महानिदेशालय से लेकर विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी वरिष्ठता के आधार पर इनकी तैनाती है। जनवरी से मई 2022 तक करीब 1009 नए डॉक्टरों की तैनाती की गई है। जुलाई में इनका निरीक्षण किया गया तो पता चला कि करीब 30 फीसदी से ज्यादा चिकित्सक कार्यभार ग्रहण करने के बाद से गायब हैं। ये संबंधित सीएचसी व जिला अस्पताल में आए ही नहीं। इसी तरह पहले से तैनात तमाम डॉक्टर भी गायब हैं, लेकिन उनके बारे में विभाग के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। इसे देखते हुए विभाग में तैनाती के वक्त ही डॉक्टरों का पूरा ब्योरा ऑनलाइन मौजूद रहेगा। इससे अगर कोई डॉक्टर सप्ताहभर से ज्यादा अनुपस्थिति हुआ तो इसकी सूचना विभाग के सभी उच्चाधिकारियों तक पहुंच जाएगी। बता दें कि वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग ने पीएमएचएस संवर्ग के आंकड़े जुटाए थे। इसमें पता चला था कि 207 चिकित्साधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के बाद से गायब हैं। इसी तरह 586 चिकित्साधिकारी सेवा योगदान के बाद परिवीक्षा अवधि बिना पूरी किए गायब थे। 203 चिकित्साधिकारी परिवीक्षा अवधि पूरी करने के बाद से अनुपस्थित चल रहे थे। अभी हॉल ही में अमरोहा की डिप्टी सीएमओ बगैर कार्यालय आये छह माह से घर बैठे तनख्वाह ले रही थीं। यह सूचना सामने आने के बाद उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**लखनऊ।** मानक नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट मेंआने से साईकिल सवार अधेड़ इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई 7 सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव की पहचान हो जाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सहित ट्रैक्टर को कस्टडी मे ले लिया है। मानक नगर कोतवाली प्रभारी शमीम खान ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित पूरन नगर में गुरुवार दोपहर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार की मौत हो गई है7 राहगीरों ने ट्रैक्टर ट्राली चालक को पकड़ स्थानीय पुलिस को जानकारी दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर सहित चालक को कस्टडी में ले लिया है वही पुलिस को मृतक के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान 46 वर्षीय अमित कुमार पुत्र जयचंद निवासी 107 इंद्रपुरी कृष्णा नगर लखनऊ के रूप में हुई है।

## सिपाही के बेटे की गोली लगने से संदिग्ध हालत में मौत

**लखनऊ।** विभूतिखण्ड इलाके में बुधवार को सिपाही के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। वह पेशे से प्रापर्टी डीलर था। पुलिस के मुताबिक कर्ज से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रायबरेली निवासी करन सिंह-22 लखनऊ में प्रापर्टी डीलिंग का काम करता था। पिता लखन सिंह कानपुर में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। करन विभूतिखण्ड इलाके में अपने मामा के घर रह रहा था। वह काम के सिलसिले में अक्सर किसी न किसी के पास जाता रहता था। एक-दो दिन से करन कठौता चौराहे के पास स्थित विक्रम के घर पेइंग गेस्ट के रूप में रह रहा था। बुधवार शाम को करन के कमरे से गोली चलने की आवाज सुन हड़कंप मच गया। घर में मौजूद लोग भाग कर आए तो वह खून से लथपथ पड़ा था। इंस्पेक्टर विभूतिखण्ड डॉ आशीष मिश्रा के मुताबिक करन ने अवैध पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## युवक की सिर कूचकर हत्या

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके के तेलीबाग स्थित शमशान घाट में एक युवक की सिर कूंच कर हत्या कर शव फेक दिया गया। मृतक के सिर और पेट के निचले हिस्से पर चोट के निशान हैं सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने मृतक की पहचान कराई तो पास मौजूद लोगों ने मृतक की पहचान चंदन यादव 45 रूप में करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और वह शमशान घाट पर रहता था और आने वाले मुर्दो को जलाने के लिए लकड़ियां व अन्य व्यवस्थाओं में हाथ बंटाता था ओर उससे मिले पैसों से अपना गुजारा करता था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। मृतक के भाई सुनील यादव ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के बाद मिले पैसों को नशेबाजी में उड़ा दिया था और अब उसका घरवालों से कोई संपर्क नहीं रहता था।

## महिला को तालाब में डुबाने का प्रयास, चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में तालाब के विवाद में दबंगों ने पड़ोसी महिला को तालाब में डुबाने का प्रयास किया। पुलिस से शिकायत पर आरोपी ने महिला को पीटा। दहशत में परिवार ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया। बुधवार को जब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई और मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। भीखनपुर गांव की रीमा देवी के मुताबिक गांव के बाहर उनका तालाब है।पड़ोसी अमित यहां अक्सर अपने जानवर छोड़ देता है। मंगलवार दोपहर को अमित ने अपने जानवरों को महिला के तालाब में छोड़ दिए जिस वजह से तालाब में लगी सिंघाड़े की फसल को नुकसान होने लगा, इसकी शिकायत जब महिला ने की तो अमित ने रीमा की पिटाई कर दी और तालाब में घसीट लिया वहां उसे डुबाने का प्रयास किया। रीमा की मदद को गांव के कुछ लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले। पुलिस ने आरोपितों का पक्ष लिया और उसे लौटा दिया। इस पर हमलावर और बेखौफहो गये। शिकायत की बात से अमित और उसके घर वालों ने रीमा व उसकी बेटी को पीटा। घटना का वीडियो बुधवार को वायरल हो गया। इसके बाद ही पुलिस ने चार लोगों को पकड़ लिया।

## झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों पर हमला

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के सराय करोरा में झगड़े की सूचना पर पहुंचे दो कांस्टेबिल को दबंगों ने लाठी-डण्डों से पीटा और मोबाइल तोड़ दिया। किसी तरह जान बचाकर दोनों सिपाही थाने पहुंचे तो जहां उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर दो भाइयों समेत चार को नामजद करते हुए करीब डेढ़ दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर विनय सिंह ने बताया कि कांस्टेबिल संतरेश कुमार व अतुल कुमार पॉलीगान 141 पर तैनात थे। 3 अक्टूबर को सूचना मिली कि कुछ लोग नशे की हालतत में सराय करोरा में झगड़ा कर रहे हैं। इस सूचना पर पॉलीगान 141 वहां पहुंची तो पुलिस ने झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। तभी अरविंद कुमार उसके भाई गोलू, शिवा व उसके भाई मोनू व करीब डेढ़ दर्जन लोगों के साथ लाठी-डण्डा लेकर आ गये और हमला कर दिया। सिपाहियों पर हुए हमले में संतरेश कुमार व अतुल गंभीर रूप से घायल हो गये। सिपाही संतरेश कुमार ने बीते बुधवार को मामले की तहरीर गोसाईंगंज थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## दूरस्थ क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों का होगा निरीक्षण

**लखनऊ।** दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित परिषदीय विद्यालयों का 20 अक्टूबर तक निरीक्षण होगा। इस बावत डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने आदेश जारी कर दिये हैं। निरीक्षण के दौरान उन विद्यालयों पर विशेष फोकस किया जायेगा, जो इससे पूर्व निरीक्षण के समय छूट गये थे। डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि निरीक्षण को लेकर बीएसए कार्यालय में बैठक कर दूरस्थ स्थित चार ब्लॉकों का चयन करते हुए वहां स्थिति स्कूलों की सूची तैयार की जाएगी और इनका आवंटन विभिन्न निरीक्षणकर्ताओं को किया जाएगा। बता दें कि सितम्बर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत छह हजार से ज्यादा शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस अभियान में विशेष तौर पर शिक्षकों के स्कूल आने के समय पर नजर रखी जा रही है।

# कला-शिल्प महाविद्यालय में होगी टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स की पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कला** एवं शिल्प महाविद्यालय में परास्नातक स्तर पर मास्टर्स आफ टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स की पढ़ाई होगी। अभी तक यह कोर्स महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित होता है। कोर्स को लेकर एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसके प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

मंजूरी मिलने के बाद इसे कार्य परिषद से पारित करा कर एडमिशन लिया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एंड डीन प्रो रतन कुमार ने बताया कि अभी तक सेल्फ फाइनेंस मोड पर बैचलर आफ फाइन आर्ट इन टेक्सटाइल चल रहा है। इसमें 10 सीटों पर प्रवेश का प्राविधान है। कुछ समय पहले हुई संकाय परिषद की बैठक में इस कोर्स में मास्टर्स डिग्री करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। अब विद्या परिषद में इसे अनुमोदन के लिए भेजा गया है। वहीं डिप्लोमा कोर्स के रूप में फर्नीचर डिजाइन, मेटल डिजाइन, वुड कार्विंग को अपग्रेड करके डिपार्टमेंट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव भी भेजा गया है। यदि मंजूरी मिल गई तो छात्र फर्नीचर सहित कई चीजों की डिजाइन बनाना सीख सकेंगे।

# बीबीएयू में पीजी कोर्स में दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विवि में गुरुवार से पीजी पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। सीयूईटी के स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी सुबह 9.30 बजे से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बीबीएयू में पीजी के सभी कोर्स में कुल 2500 सीट हैं। जबकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि 15 अक्टूबर है। बीबीएयू एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो रिपुसूदन सिंह ने बताया कि यूजी कोर्स के दौरान 1050 सीटों के मुकाबले अब तक करीब 20 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दाखिला के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। रजिस्ट्रेशन पंजीकरण के लिए 200 रुपए जनरल कैटेगरी और 100 रुपए रिजर्व कैटेगरी के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है।

## हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ** विवि में एलएलबी, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीबीए, बीसीए और में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल अलॉटमेंट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। हॉस्टल अलॉटमेंट के लिए स्टूडेंट्स 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इच्छुक छात्र-छात्राएं विवि की वेबसाइट पर जाकर इसके लिए आवेदन कर सकते है। विवि के करीब डेढ़ दर्जन हॉस्टल में 2 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स के रहने की सुविधा है। 10 अक्टूबर के बाद मेरिट के आधार पर हॉस्टल आवंटन की सूची जारी की जाएगी।

# लखनऊ में आज से तीन दिन तक जुटेंगे फेफड़ा व श्वांस रोग के विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पल्मोनरी क्रिटिकल केयर मेडिसिन एवं एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, एराज़ यूनीवर्सिटी के द्वारा संयुक्त रूप से टीबी एवं श्वास रोग की 16 वीं वार्षिक कान्फ्रेंस यूपीटीबीसीकॉन-2022 का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार यानी 8 अक्टूबर को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक करेंगे।

वर्कशाप के आयोजन सचिव व पल्मोनरी एण्ड क्रिटिकल केयर मेडिसिन के विभाग प्रमुख डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि यह आयोजन चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन कौशल निपुणता में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन 3 कार्यशालाओं का आयोजन होगा जो कि एक दूसरे के समानान्तर सम्पादित होंगी। इसमें प्रथम कार्यशाला निद्रा में श्वास सम्बन्धी विकार, द्वितीय कार्यशाला फेफड़े का उन्नत परीक्षण एवं तृतीय कार्यशाला सघन चिकित्सा केन्द्र में परीक्षण से सम्बन्धित होगी। इन सभी कार्यशालाओं का सम्पादन विश्व विख्यात चिकित्सक जैसे प्रोफेसर डा दिगम्बर बेहरा (पीजीआई चंडीगढ भूतपूर्व प्रोफेसर एण्ड हेड डिपार्टमेन्ट ऑफ पीसीसीएम), डा संदीप साल्वी(डाइरेक्टर चेस्ट रिसर्च फाउन्डेशन,पूणे) एवं डा दीप्ती गोठी (प्रोफेसर,ईएसआई-पीजीआई,नई दिल्ली)करेंगे। इस आयोजन के प्रमुख अंगों में टीबी उन्मूलन के सम्बन्धित प्रमुख शोधकर्ताओं जैसे डॉ रोहित सरीन (डायरेक्टर ऑफनेशनल इन्स्टीट्यूट, नई दिल्ली) एवं डॉ राजेन्द्र प्रसाद (बीसी रॉय अवार्डी एवं भूतपूर्व डायरेक्टर वल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान नई दिल्ली) का व्याख्यान सम्मिलित किया गया है। इस आयोजन में व्याख्यान, सेमिनार एवं पैनल डिस्कशन को शामिल किया गया है जो फेफडे की सभी प्रकार की बीमारियों जैसे श्वास नली की बीमारियां, आईएलडी,फेफड़े का कैंसर, छाती की सर्जरी, स्लीप मेडिसिन, इमेजिन्ग, ब्रोन्कोस्कोपी, थोरेकोस्कोपी, आईसीयू इन्टरवेंशन,फेफड़ा प्रत्यारोपण के साथ-साथ कोविड एवं कोविड पश्चात होने वाले कॉप्लीकेशन्स के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई है। कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष से प्रसिद्ध विशेषज्ञ जैसे बैंगलोर से डॉ मंजूनाथ, पीजीआई रोहतक के डॉ पवन कुमार सिंह, एम्स नई दिल्ली के डॉ विजय हड्डा ,जयपुर से डॉ वीरेन्द्र सिंह,एम्स पटना से डॉ दीपेंद्र राय,एम्स ऋषिकेश के डॉ गिरीश सिंधवानी, आईजीआईएमएस शिमला से डॉ मलय सरकार, नई दिल्ली से डॉ अंबरीश जोशी सहित अन्य लोग व्याख्यान देंगे। यूपी से एसजीपीजीआई के प्रो जिया हाशिम, डॉ आरएमएल इंस्टीट्यूट लखनऊ के सीरियर थोरेसिक सर्जन डॉ सुभाष राजपूत, आगरा मेडिकल कॉलेज के डॉ गजेंद्र विक्रम सिंह और डॉ संतोष कुमार, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के डॉ मोहित भाटिया, जीएसवीएम कानपुर के डॉ संजय वर्मा और डॉ अवधेश कुमार, इलाहाबाद से डॉ आशीष टंडन भी इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। फेफड़ा प्रत्यारोपण में मैक्स हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ राहुल चंडोला अपना वक्तव्य देंगे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ सुधीर चौधरी के द्वारा प्रतिष्ठित रॉबट कॉच व्याख्यान देना सुनिश्चित किया गया है।

## सूबे में बीपीएच यूनिट से मिलेगी मरीजों को सहूलियत

**लखनऊ।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुँचाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में सरकार की तरफ से प्रदेश में पहली बार ब्लॉक पब्लिक हेल्थ (बीपीएच) यूनिट खोलने का निर्णय लिया गया है। जिससे मरीजों को प्राथमिक इलाज मिल सके। साथ ही गंभीर मरीजों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया जा सकेगा। अभी तक सीएचसी-पीएचसी से गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करने की बाध्यता रही है। इसमें डॉक्टर से लेकर पैरामेडिकल स्टाफहोंगे। दवाएं, पैथोलॉजी व दूसरी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इन सेंटरों में इलाज की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त होगी। ये केंद्र शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन काम करेंगे। फिलहाल, एनएचएम की तरफ से स्वास्थ्य की इस योजना को मंजूरी मिल गयी है और 15वें वित्त आयोग के तहत के 75 जनपदों में 94 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के भवन निर्माण को मंजूरी दी है। इस संबंध में संयुक्त सचिव प्राणेश चन्द्र शुक्ल की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक प्रत्येक यूनिट के लिए लगभग 48.95 लाख की दर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन केंद्रों के लिए कुल 4601.30 लाख के बजट को मंजूरी दी गई है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022



## सीएम से यूके इण्डिया बिजनेस काउन्सिल के चेयरपर्सन ने शिष्टाचार भेंट की

# ब्रिटिश कंपनियां रक्षा क्षेत्र में करेंगी निवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर यूके इण्डिया बिजनेस काउन्सिल के चेयरपर्सन रिचर्ड हेल्ड ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश में यूनाइटेड किंगडम के उद्यमियों, निवेशकों तथा कम्पनियों द्वारा निवेश पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कोरोना कालखण्ड में ब्रिटिश कम्पनी वेबले स्कॉट के उत्तर प्रदेश में निवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रिटिश कम्पनियों के लिए राज्य में डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेयरी सहित सभी क्षेत्रों में निवेश के पर्याप्त अवसर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स के लिए निवेशोन्मुखी नीतियां तैयार की जा रही हैं। यह आयोजन ब्रिटिश उद्यमियों और निवेशकों के लिए भी अनेक सम्भावनाओं वाला हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। मैन्युफैक्चरिंग इण्डस्ट्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट के कई बड़े प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। प्रदेश में बेहतर सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश, देश ही नहीं, दुनिया के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभर रहा है। भेंट के दौरान रिचर्ड हेल्ड ने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूके कन्ट्री पार्टनर के तौर पर प्रतिभाग करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को लंदन की यात्रा के लिए निमंत्रित करते हुए विभिन्न ब्रिटिश कम्पनियों के प्रतिनिधियों से भेंट करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है।

## निजी विवि या उच्च शिक्षण संस्थान सरकारी स्कूलों को लेंगे गोद

**लखनऊ।** प्रदेश में अब निजी यूनिवर्सिटी या उच्च शिक्षण संस्थान, विद्यालय या मान्यता प्राप्त संस्थान अपने पास के 8 किमी के दायरे में आने वाले सरकारी प्राइमरी व जूनियर स्कूलों को गोद लेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ट्विनिंग के सिद्धांत का पालन करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। योजना के तहत दोनों संस्थानों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक और शिक्षक विचार विमर्श कर रणनीति तय करेंगे और ट्विनिंग करेंगे और पीयर या ग्रुप लर्निंग के लिए वातावरण तैयार करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे एक लर्निंग हब बनेगा जिसके माध्यम से दोनों संस्थाओं के संसाधनों तक सभी स्टूडेंट्स की पहुंच बन पाएगी। यह साझेदारी एक तरह से दो संस्थानों के बीच मेंटरशिप कार्यक्रम की तरह होगी और जिस संस्थान के पास बेहतर संसाधन होंगे, वह दूसरे के साथ साझा करेगा।

# जनता दर्शन में बोले सीएम, सबकी समस्या का होगा समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ
गोरखपुर



**बुधवार** सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 350 फरियादियों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अपनी बिटिया की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में मिलने आई महिला को मुख्यमंत्री ने अभ्युदय कोचिंग की जानकारी दी। बताया कि सरकार की तरफ से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। बिटिया को कतई परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। देवरिया से आई एक महिला ने सऊदी अरब में अपने एक परिजन की स्वदेश वापसी के लिए गुहार लगाई। सीएम योगी ने उसे आश्वस्त किया कि विदेश मंत्रालय से बात कर पूरी मदद की जाएगी। इसके अलावा फरियादियों के अलग अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियोंए माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

# टीलेवाली मस्जिद मामले में अब 21 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**टीलेवाली** मस्जिद का कब्जा हिंदुओं को देने की मांग वाली एक वाद में निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध दाखिल रिवीजन अर्जी पर गुरुवार को प्रतिवादी पक्ष की सुनवाई पूरी हो गई। प्रतिवादी गणों की ओर से वकील शेखर निगम ने सत्र अदालत में एक अर्जी प्रस्तुत कर कहा कि रिवीजनिस्ट को सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड ने इमाम के पद से हटा दिया है। ऐसे में रिवीजन पोषणीय नहीं है। जबकि वादी पक्ष ने अपनी इस अर्जी पर बहस के लिए मोहलत की मांग की। एडीजे प्रफुल्ल कमल ने बहस और आदेश के लिए 21अक्टूबर की तारीख मुकर्रर कर दी। वर्ष 2013 में निचली अदालत में दाखिल इस वाद में कहा गया है कि यह पूरा परिसर शेषनागेस्ट टीलेश्वर महादेव का स्थान है। लिहाजा इस पर हिंदुओं को पुजा.अर्चना करने की अनुमति दी जाए व उनके दर्शन में बाधा डालने वालों को रोका जाए। निचली अदालत में यह वाद लार्ड शेषनागेस्ट टीलेश्वर महादेव विराजमान, लक्ष्मण टीला शेषनाग तीरथ भूमि, डॉ वीके श्रीवास्तव, रामरतन मौर्य, वेद प्रकाश त्रिवेदी, चंचल सिंह, दिलीप साहू, स्वतंत्र कुमार त्रिपाठी व धनवीर सिंह की ओर से दाखिल किया गया था। इस वाद में युनियन ऑफ इंडिया जरिए सचिव गृह मंत्रालय, आर्कियोलाजी सर्वे ऑफ इंडिया की लखनऊ सर्किल, स्टेट आफ यूपी जरिए प्रमुख सचिव गृह, जिलाधिकारी लखनऊ, पुलिस महानिदेशक उप्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लखनऊ, पुलिस अधीक्षक पश्चिम लखनऊ, इंसपेक्टर चौक व सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ जरिए चीफ एग्जीक्यूटिव आफीसर के साथ ही मौलाना फजुर्लरहमान को प्रतिवादी बनाया गया है। 18 जुलाई 2017 को निचली अदालत ने मौलाना फजुर्लरहमान की मौत के बाद उनके विधिक उत्तराधिकारी मौलाना फजलुल मन्नान को प्रतिवादी प्रतिस्थापित करने का आदेश दिया था। निचली अदालत में प्रतिवादी की ओर से इस वाद को खारिज करने की मांग की गई थी। 25 सितंबर 2017 को निचली अदालत ने इस मांग को नामंजूर कर दिया था। सत्र अदालत में निचली अदालत के इसी आदेश को जरिए रिवीजन चुनौती दी गई है।

## स्मार्ट हब व्यापार मर्चेंट ऐप लांच

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े प्राईवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी बैंक ने स्मार्टहब व्यापार मर्चेंट ऐप के लॉन्च की घोषणा की जो मर्चेंट की दैनिक व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया विस्तृत भुगतान एवं बैंकिंग समाधान है। स्मार्टहब व्यापार एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों के लिए तत्काल डिजिटल और पेपरलेस मर्चेंट ऑनबोर्डिंग संभव बनाता है और मर्चेंट को भुगतान के विभिन्न माध्यमों द्वारा इंटरऑपरेबल भुगतान स्वीकार करने में समर्थ बनाता है। इसके द्वारा मर्चेंट दूर से पैसों का भुगतान संभव बनाने के लिए मोबाईल या ईमेल से पेमेंट लिंक भेज सकते हैं और पैसे मंगा सकते हैं। यूपीआई द्वारा प्राप्त किए गए पैसों को तत्काल बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है जिससे मर्चेंट को सेल्स की रसीद तत्काल प्राप्त हो जाए। विनिमय के मामले में मर्चेंट की चिंता को कम करने के लिए स्मार्टहब व्यापार में एक इनबिल्ट वॉईस फीचर दिया गया है जो मर्चेंट को सफल विनिमय के बारे में सूचित करता है और मर्चेंट को किसी अन्य माध्यम द्वारा विनिमय को ट्रैक करने की जरूरत नहीं पड़ती, न ही उसे वॉईस पर आधारित नोटिफिकेशन पाने के लिए एक पृथक डिवाईस की जरूरत पड़ती है। पराग राव कंट्री हेड पेमेंट्स कंज़्यूमर फाईनेंस टेक्नॉलॉजी एवं डिजिटल मार्केटिंग ने कहा कि एचडीएफसी बैंक लार्ज फॉर्मेट चेंस से लेकर स्थानीय किराना स्टोर्स तक सभी मर्चेंट की वृद्धि में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश में एमएसएमई सेक्टर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करता है और इस सेक्टर को सशक्त बनाकर हम समाज के एक बड़े वर्ग को सशक्त बनाने में मदद कर सकते हैं।

# फिनटेक कंपनी प्रेस्ट लोन्स के क्षेत्रीय कार्यालय का लखनऊ में उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रसिद्ध** फिनटेक कंपनी प्रेस्ट लोन्स ने दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात में अपनी शाखाओं का व्यापक नेटवर्क तैयार करने के बाद लखनऊ में आज अपने क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के साथ उत्तर प्रदेश में प्रवेश किया है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ अशोक मित्तल ने बताया कि कंपनी ने नितिन सक्सेना को, जो एक वरिष्ठ और अनुभवी वित्तीय सेवाओं के दिग्गज हैं, को अपना मुख्य सलाहकार नियुक्त किया है, जो उत्तर प्रदेश में विस्तार करने के लिए कंपनी का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेस्ट लोन्स पूरे प्रदेश में अपने संचालन का विस्तार करेगी और कोविड के बाद संभलती अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में योगदान करेगी। अशोक मित्तल ने कहा कि हम यूपी में अपने प्रवेश से बहुत खुश हैं। इससे हमें अपनी उपस्थिति बढ़ाने और यूपी में अपनी पहुंच का विस्तार करने में मदद मिलेगी। प्रेस्ट लोन्स एक नवयुगीन फिनटेक कंपनी है जिसका उद्देश्य भारत में बिजनेस और एमएसएमई क्षेत्र में तीव्र, लचीला एवं पारदर्शी ऋण उत्पाद प्रदान करता है। इस कंपनी में होम लोन, बिजनेस लोन और एमएसएमई लोन (अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुरक्षित ऋण दोनों) जैसे लोन उत्पादों की पूरी श्रंखला है जो व्यावसायिक वर्ग की आवश्यकता की पूर्ति करती है जिसमें एक लाख से लेकर 25 लाख तक का लोन दिया जाता है। कंपनी ने एक उच्च स्तरीय एल्गोरिद्म विकसित किया है जो केवल वित्तीय जानकारी पर निर्भर नहीं है, बल्कि वैकल्पिक डेटा के गहन विश्लेषण का उपयोग करते हुए ऋण राशि, कार्यकाल और ब्याज दर पर पहुंचता है।

## पेड़ काटने में लापरवाही से गुल रही बिजली

**मोहनलालगंज।** ट्री कटिंग कराने में बरती गई लापरवाही का खामियाजा बुधवार को सिसेण्डी इलाके के तकरीबन 80 हजार लोगों को सारा दिन बिजली संकट झेलकर चुकाना पड़ गया। परेशानहाल उपभोक्ता सीयूजी नंबर पर फोन मिलाते रहे लेकिन फोन तक नहीं उठाया। लिहाजा 1912 और पावर कारपोरेशन के ट्वीटर हैण्डल पर शिकायत के बाद शाम को विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। मोहनलालगंज ओल्ड सबस्टेशन से पोषित सिसेण्डी इलाके की लाइन काफी लम्बी और जर्जर है। उस पर बारिश से पहले लाइन के आसपास ट्री कटिंग में भी लापरवाही बरती गई। लिहाजा मंगलवार रात बारिश और हवा चलने से पेड़ों की डालियां लाइन पर आ जाने से सिसेण्डी फीडर ब्रेक डाउन हो गया। जिसकी वजह से सिसेण्डी जबरौली उत्तरगांव भदेसुवा भरोसवा मीनापुर त्रिलोकपुर भौंदरी समेत तकरीबन 50 गांव के लगभग 80 हजार लोगों की बिजली बुधवार को सारा दिन गुल रही। 12 घण्टे बिजली आपूर्ति ठप रहने लोगों के घर पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। सबस्टेशन के एसएसओ और जेई के सीयूजी नंबर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता काल करते रहे लेकिन जिम्मेदार फोन तक उठाने से परहेज करते रहे। जेई संदीप कुमार ने बताया बरसात के कारण पेड़ों की डालियां लाइन पर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। लाइन को दुरुस्त कराकर आपूर्ति सामान्य की गई।

## डीएम की पहल पर बुजुर्ग सरजूदेई को मिली राशनकार्ड की सौगात



**मोहनलालगंज।** डीएम की पहल पर बुजुर्ग सरजूदेई का साल भर बाद राशनकार्ड बन गया। आपूर्ति विभाग की टीम ने बुजुर्ग के घर पहुंचकर बुजुर्ग को राशनकार्ड की सौगात दी। मोहनलालगंज के गौरिया खुर्द गांव की रहने वाली 90 साल की सरजूदेई ने पहली अक्टूबर को सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम सूर्यपाल गंगवार से राशन नहीं मिलने की समस्या बताई थी। बुजुर्ग सरजूदेई ने आनलाइन आवेदन करने के साल भर बाद भी राशनकार्ड नहीं बनाए जाने की शिकायत डीएम से की थी। डीएम के निर्देश पर 5 कुन्तल खाद्यान्न बुजुर्ग सरजूदेई के घर सरकारी गाड़ी से भेजा गया था। डीएम के निर्देश पर बुजुर्ग सरजूदेई का पात्र गृहस्थी राशनकार्ड भी बना दिया गया है। एसडीएम हनुमान प्रसाद ने बताया राशनकार्ड जारी कराकर बुजुर्ग के घर जाकर टीम ने उन्हें सौंप दिया है। अब उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होगी।

## फर्जीवाड़ा कर बेंच दी किसान की जमीन

**मोहनलालगंज।** फर्जीवाड़ा कर मोहनलालगंज के रायभान खेड़ा में किसान की जमीन बेंच दी गई। कुछ लोग जमीन पर कब्जा लेने पहुंच गए तब जाकर असल किसान को फर्जीवाड़े की भनक लग सकी। पीड़ित किसान ने खरीदार और गवाहों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। मोहनलालगंज के रायभान खेड़ा निवासी किसान भगवानदीन ने बताया उनकी लगभग 14 बिस्सा जमीन का फर्जी किसान खड़ा कर कुछ लोगों ने बैनामा कर दिया। कुछ लोग जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तब जाकर उन्हें इसकी जानकारी हो सकी। रजिस्ट्री आफिस में पड़ताल कराने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जिसके बाद पीड़ित भगवानदीन ने डीसीपी साउथ से शिकायत की। डीसीपी के आदेश पर पुलिस ने खरीदार और दोनों गवाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया केस दर्ज कर फर्जीवाड़ा करने वालों की तलाश की जा रही है।

## नौ साल पहले लापता युवती बरामद

**मोहनलालगंज।** नौ साल पहले लापता हुई किशोरी को गुरुवार की सुबह मोहनलालगंज पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी 2013 में लापता हो गई थी। किशोरी के पिता ने भागू खेड़ा की अंकिता और महेश खेड़ा निवासी प्रेमलाल पर शक जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। मुखबिर की सूचना पर 2013 में लापता हुई युवती को पुलिस ने गुरुवार की सुबह मोहनलालगंज कस्बे में बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पूछताछ में युवती ने बताया 2013 में अंकिता और प्रेमलाल उसे बेंचने के लिए दिल्ली ले गए लेकिन केस दर्ज होने की भनक लगते ही दोनों उसे दिल्ली में अकेला छोड़कर भाग निकले। दिल्ली में रहने के दौरान युवती ने महोबा के एक युवक से विवाह कर लिया। अब वह अपने पति के साथ महोबा में रहती है। दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा में साल्वर बिठाने वाले गिरोह का जालसाज गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने बीती 25 जुलाई को आयोजित राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर साल्वर बैठाने एवं अन्य माध्यमों से विभिजन्न परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित तरीके से परीक्षा की शुचिता भंग करने के आरोपी को गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि वे लोग लेखपाल की परीक्षा में पास कराने के लिए 7-7 लाख रुपए तय करते हैं तथा 2-2 लाख रुपए एडवांस लेते हैं। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2022 को प्रदेश विभिन्न जिलों में लेखपाल पद के लिए परीक्षा संपादित हुई थी। परीक्षा को नकल विहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए शासन ने एसटीएफ को निर्देशित किया था। एसटीएफ की मेरठ इकाई की टीम ने परीक्षा में साल्वर बिठाकर अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण कराने वाले गिरोह का खुलासा किया था। एसटीएफ की ओर से इस संबंध में मुरादाबाद के मझोला थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में सुमित निवासी छपरौली, बागपत वांछित चल रहा था। एसटीएफ उसकी तलाश में जुटी थी। एक सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने गाजियाबाद बस स्टैंड से सुमित को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2018 में रेलवे ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा में कुरुक्षेत्र हरियाणा के परीक्षा केन्द्र पर 2 साल्वर बैठाए थे परन्तु वो दोनो ही बायोमैट्रिक में निकल गए थे। इस भर्ती परीक्षा में उसने कुल 8 साल्वर बैठाने के लिए अपने गांव के राहुल को 17 लाख रुपए एडवांस दिए थे। राहुल का सम्बन्ध नीरज निवासी सोनीपत, हरियाणा से हैए जो राहुल के कहने पर बिहार एंव हरियाणा से साल्वर लेकर आता है। यह परीक्षा उत्तर प्रदेश के भी विभिन्न जनपदों में संचालित की जा रही थी, जिसमें भी साल्वर बैठाने की योजना बनायी थी परन्तु परीक्षा के समय ही उसे व उसके साथियो संजीत दहिया निवासी सोनीपत हरियाणा, नवीन मलिक निवासी सोनीपत हरियाणा, विक्रान्त निवासी बागपत, गौरव निवासी बडौत बागपत, सचिन निवासी बडौत बागपत एवं अंकित निवासी बडौत बागपत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा दो साथी रोहित और सोमवीर फरार हो गए थे। जो बाद में न्यायालय हाजिर होकर जेल गए थे। जुलाई 2022 में यूपी लेखपाल परीक्षा में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जनपद मुरादाबाद के परीक्षा केन्द्रो पर साल्वॅर बैठाए थे। उसने बताया कि परीक्षा के समय ही हमारे साल्वरों व उसके साथियों को एसटीएफने गिरफ्तार कर लिया था और वह तभी से लगातार फरार चल रहा था। आज वह गाजियाबाद से दिल्ली जाने के लिए बस अड्डे पर आया था।

# केंद्र की योजनाओं से यूपी की महिलाओं के जीवन में उजियारा

## उज्ज्वला योजना से 1.70 करोड़ महिलाओं को धुएं से मिली निजात

### ● मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हुई 52 लाख से अधिक माताएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाईं। इन योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में उजाला फैला दिया। इन योजनाओं को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने धरातल पर उतारकर लाभार्थियों तक इसे पहुंचाया। लाभ मिला तो यहां महिलाओं के जीवन में भी खुशहाली आ गई। नारी सुरक्षाए सम्मान व स्वालंबन की तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने तेजी से कदम बढ़ाया है। 2016 में शुरू हुई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ उत्तर प्रदेश की महिलाओं को भी मिला। पहले महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाती थीं। उसका धुआं महिलाओं को बीमार कर रहा था। परंतु केंद्र की मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना का लाभ दिया। इससे सूबे की करीब 1.70 करोड़ महिलाओं को लाभ मिला। वे भी बीमारी से बचीं। अब गैस-सिलेंडर पर दोनों वक्त की रोटी बनाकर घर पर सुकून से परिवार के साथ बैठकर भोजन करती हैं। बीमारियों से दूर रहने में भी यह योजना काफी कारगर रही। गोरखपुर की सोनी निगम ने बताया कि सरकार की इस योजना ने हम महिलाओं का काफी हद तक ख्याल रखा। इतनी मूलभूत जरूरतों का ध्यान कभी नहीं दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भी उत्तर प्रदेश के लिए काफी कारगर रही। योजना के तहत बच्चे का जन्म होने पर छह हजार रुपये की आर्थिक सुविधा मिलती है। इस योजना का लाभ जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंचाने के लिए यूपी सरकार ने काफी कारगर कदम उठाए हैं। इस योजना का लाभ प्रदेश की 52 लाख 55 हजार 129 महिलाओं को मिल चुका है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्रदेश की 2 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया। रेहड़ी-पटरी के जरिए अपना कार्य करने के लिए सरकार ने इन्हें स्वावलंबन की तरफआकर्षित किया। इस योजना का लाभ पाकर महिलाएं अपने पैर पर खड़ा हो रही हैं। प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को उत्तर प्रदेश में काफी संबल मिला। इस योजना के जरिए बेटियों को सशक्त बनाया गया और उनकी शिक्षा पर जोर दिया गया। यह योजना केंद्र से लेकर राज्य तक काफी कारगर रही। उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत 1.90 करोड़ बेटियों को लाभान्वित किया गया।

# पेज एक का शेष

## थाईलैंड में...

पहचान 34 वर्षीय पूर्व पुलिस अधिकारी पन्या कामराप के तौर पर की है। पुलिस मेजर जनरल पैसल लुइसोमबून ने पीपीटीवी को दिए साक्षात्कार में बताया कि संदिग्ध को मादक पदार्थ संबंधी आरोपों के कारण इस साल के शुरु में बर्खास्त कर दिया गया था। स्थानीय पुलिस प्रमुख दामरोंगसाक कित्तीप्रफा ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि संदिग्ध को जब पुलिस बल से निकाला गया था, तब वह सार्जेंट के पद पर तैनात था और उसे मादक पदार्थ के मामले में शुक्रवार को अदालत में पेश होना था। उन्होने कहा कि आशंका है कि हमलावर ने डे केयर को हमले के लिए चुना क्योंकि यह उसके घर के करीब था। कित्तीप्रफा ने इससे संवाददाताओं को बताया था कि हमलावर ने मुख्य रूप से 9 एमएम पिस्तौल का इस्तेमाल किया जिसे उसने खुद खरीदा था। पैसल ने बताया कि हमलावर ने हमले में हैंडगन, शॉटगन और चाकू सहित कई हथियारों का इस्तेमाल किया।

## दक्षिण मेक्सिको...

पर तीखी बहस हो रही है। मेक्सिको में लगातार हो रही हिंसा पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रपति ने नागरिक पुलिस के बजाय सशस्त्र बलों पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है। मोरेलोस के गवर्नर क्यूहेटेमोक ब्लैन्को ने हमले की निंदा की और ट्विटर के माध्यम से कहा कि सुरक्षा बल हमलावरों की तलाश कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, मेंडोज़ा और मारिन की मृत्यु के बाद लोपेज़ ओब्रेडोर के प्रशासन के दौरान जान गंवाने वाले मेयर की संख्या 18 हो गई और ऐसे सांसदों की संख्या आठ हो गई है।

## अमेरिका में...

आठ माह की बच्ची को बाहर लाता दिख रहा है। संदिग्ध सालगाडो को मंगलवार दोपहर हिरासत में ले लिया गया था। उसने खुद को मारने की कोशिश की थी और वह अस्पताल में भर्ती है। शेरिफ कार्यालय के अनुसार, संदिग्ध के परिवार ने अधिकारियों को बताया था कि सालगाडो ने सिख परिवार का अपहरण करने की बात उनके सामने स्वीकार की थी।

## 15 नवम्बर...

साथ-साथ उसके रख-रखाव का और उनकी मरम्मत का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बरसात का मौसम अंतिम चरण में है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्ति का कार्य किया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी, नगर विकास, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, गन्ना विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग सहित सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग इस संबंध में व्यापक कार्ययोजना तैयार करें। औद्योगिक क्षेत्रों और कृषि मंडी क्षेत्रों में अच्छी सड़कों का होना आवश्यक है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। गड्ढामुक्ति का यह अभियान 15 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति गांव में रहता हो या फिर मेट्रो सिटी में, अच्छी सड़कें, बेहतर कनेक्टिविटी उसका अधिकार है। ऐसे में सड़क सिंगल लेन की हो अथवा दो, चार या छह लेन की, उसकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क निर्माण की परियोजनाएं समय पर पूरी हों। लापरवाही अथवा अधोमानक सड़कों के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना विकास विभाग ने विगत 05 वर्ष में शानदार कार्य किया है।

## जांच के...

ने कहा कि कंपनी द्वारा उत्पादित कफ सीरप को निर्यात के लिए मंजूरी दी गई थी और यह देश में बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। विज ने कहा, सीडीएल की रिपोर्ट आने के बाद जो भी कदम उठाना होगा वह उठाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही हमलोग किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मौत के सटीक कारण डब्ल्यूएचओ द्वारा ना तो उपलब्ध कराए गए हैं और ना ही दवा और इसके लेबल का ब्योरा केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझा किया गया है ताकि उत्पादन के स्रोत की पुष्टि हो सके। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 29 सितंबर को डीसीजीआई को सूचित किया था कि वह वर्तमान में तकनीकी सहायता और गांबिया को परामर्श उपलब्ध करा रहा है, जहां बच्चों की मौत का संभावित कारण ग्लाइकोलाएथीलीन ग्लाइकोल से युक्त दूषित दवाओं का इस्तेमाल हो सकता है जिनके नमूनों की जांच (हाल में डब्ल्यूएचओ द्वारा किए गए विश्लेषण में इसकी पुष्टि की गई है) में इसकी मात्रा मिली।

## पीएफआई के...

लिए पर्याप्त कारण या आधार है या नहीं। न्याय और विधि मंत्रालय के विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक मेमोरेंडम में कहा गया है कि जस्टिस शर्मा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल के जब तक अध्यक्ष रहेंगे यह समय उनकी 'वास्तविक सेवा' के तौर गिनी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एससी शर्मा ने जस्टिस शर्मा को इसके लिए नामित किया। प्रक्रिया के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्रालय विधि मंत्रालय से यूएपीए ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी के तौर पर हाईकोर्ट के किसी निवर्तमान जज का नाम देने का अनुरोध करता है। इसके बाद विधि मंत्री संबंधित हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष के तौर किसी जज के नाम की सिफारिश करने का अनुरोध करते हैं। पीएफआई के संबंधित संगठनों में रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), आल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईसी), नेशनल कंफडेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाजेशन (एनसीएचआरो), नेशनल वुमेंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, इंपावर इंडिया फाउंडेशन तथा रिहैब फाउंडेशन, केरल शामिल हैं।

## राष्ट्रपति पर...

एक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा था, गुजरात में पैदा होने वाला नमक सभी भारतीयों द्वारा खाया जाता है। भारत में नमक की खपत का करीब 80 प्रतिशत उत्पादन गुजरात में होता है। उदित राज ने बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था, द्रौपदी मुर्मू जी जैसी राष्ट्रपति किसी देश को न मिलें। चमचागिरी की भी हद है। कहती हैं कि 70 प्रतिशत लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, यह आश्चर्यजनक और दुख की बात है कि कांग्रेस के नेता लगातार इस प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। यह कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। पात्रा ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द का इस्तेमाल किए जाने का उल्लेख किया और कहा कि उस वक्त भी ऐसा ही विवाद हुआ था। हालांकि, चौधरी ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह शब्द गलती से उनके मुंह से निकल गया था। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, उदित राज ने पहले भी इस प्रकार का अपराध किया है। उन्होंने न सिर्फ राष्ट्रपति मुर्मू, बल्कि शीर्ष संवैधानिक पद का और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का भी लगातार अपमान किया है। पूनावाला ने कहा, उदित राज ने तत्कालीन राष्ट्रपति (कोविंद) के लिए गूंगा और बहरा शब्द का इस्तेमाल किया था। अब उन्होंने मुर्मू जी को चमचा कहा है। कांग्रेस ने कभी उन पर कार्वाई नहीं की, क्योंकि वह उनकी राय का समर्थन करती है। इस मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद उदित राज ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू के बारे में की गई उनकी टिप्पणी निजी है और इससे कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। पूनावाला ने कहा कि उदित राज द्वारा टिप्पणी को निजी करार दिए जाने से कुछ नहीं होने वाला है।

## हिमस्खलन स्थल...

वापस बुला लिया गया है। उसने बताया कि मौसम अगर सही रहा तो शुक्रवार सुबह फिर से हेलीकॉप्टर की मदद ली जाएगी। राज्य आपात अभियान केन्द्र (एसईसीओसी) ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में स्थित हाई ऑल्टिट्यूड वायफेयर स्कूल की 14 सदस्ईय टीम भी आज से बचाव कार्य में जुट गई है। टीम का नेतृत्व कर रहे नायब सूबेदार अनिल कुमार ने पीटीआईभाषा को बताया, टीम में प्रशिक्षु सहित कुल 34 पर्वतारोही थे। कुमार उन घायल 14 पर्वारोहियों में से एक हैं जिन्हें एनआईए के बेस कैंप से लाकर बुधवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन के दौरान 33 पर्वतारोहियों ने दरारों में छुपकर शरण ली थी। उन्होंने कहा, चूंकि मैं अन्य से आगे चल रहा है, मैं दरार के बाईं ओर लटक गया। जब बर्फस्थिर होने लगी तो मैंने रस्सियां खोलीं और अपनी टीम के लोगों को बचाना शुरू किया। अन्य प्रशिक्षक भी मेरे साथ शामिल हुए। उचित उपकरण नहीं होने के कारण उन्हें बर्फ हटाने में दो घंटे लगे। प्रशिक्षक ने बताया कि जो भी दिखा उसे बाहर खींच लिया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद टीम के 29 सदस्य दरारों में फंसे रह गए।

# शंघाई सहयोग संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने रामनगर की रामलीला महात्मा बुद्ध की स्थली और काशी विश्वनाथ धाम की विरासत देखी

● काशी की कला व वैभव निहार मोहित हुए विदेशी मेहमान, बनारस हस्तशिल्प की प्रशंसा करते हुए खरीदे कई सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**शंघाई सहयोग संगठन** ( एससी ओ) से जुड़े दो देशों के दूतावासों के सचिवों के नेतृत्व में बनारस आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने बुधवार को महात्मा बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ में भारत की पुरातात्विक व ऐतिहसिक विरासत देखी। संग्रहालय में रखे राष्ट्रीय चिह्न शीर्ष सिंह की चमक को देख कर अभिभूत हुए। विदेशी मेहमानों ने महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन की भी जानकारी ली। किर्गिस्तान दूतावास के प्रथम सचिव असेल अकमतकालबी व उज्बेकिस्तान के आजमजोन मन्सूरोब के नेतृत्व में दल सुबह 11 बजे महात्मा बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचा। पुरातात्विक संग्रहालय में राष्ट्रीय चिह्न शीर्ष सिंह को चारों तरफ से घूम कर उसकी बनावट व कला को निहारा। बुद्धा गैलरी में रखी धम्म चक्र प्रवर्तन मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा सहित अन्य पुरावशेषों के इतिहास के बारे में जाना समझा। पर्यटक पुलिस के निरीक्षक अच्छे लाल ने जानकारी देते हुए भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति से प्रथम उपदेश तक की यात्रा तक से रूबरू कराया। परिसर में अशोक की लाट, प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेष, धर्मराजिका स्तूप, स्मारकों के इतिहास से रूबरू होकर बौद्ध धर्म के आस्था का केंद्र धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों को निहाराते।

सायंकाल दल संत रविदास घाट पहुंचा और जलयान से नमो घाट तक गंगा के घाटों की छटा निहारी। इस बीच दशाश्वमेध घाट पर प्रतिदिन सांध्य गंगा आरती की झांकी देखी। काशी विश्वनाथ धाम में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सड़क से लेकर गंगा घाट तक परिसर का अवलोकन किया। काशी विश्वनाथ धाम की पौराणिकता, ऐतिहासिकता और अब विस्तारीकरण व सुंदरीकरण के बारे में भी जानकारी ली। शंघाई सहयोग संगठन का प्रतिनिधिमंडल सोमवार शाम बनारस आया। उनके वाराणसी भ्रमण शेड्यूल में रामनगर की रामलीला देखना प्रमुख था। हालांकि दो दिनों में कोई खास प्रसंग न होने से दल लीला स्थल तो नहीं गया लेकिन मंगलवार को रामनगर दुर्ग में विजयदशमी पूजन देखने के साथ ही विजय जुलूस की सवारी देखी। परंपराओं को देख अचरज में रहे। आगे देव दीपावली और महाशिवरात्रि समेत विभिन्न पर्व - उत्सवों व आयोजनों पर भी शंघाई सहयोग संगठन के प्रतिनिधि मंडल आएंगे। उनके लिए अन्य विशेष आयोजन भी किए जाएंगे।

शंघाई सहयोग संगठन की सांस्कृतिक व पर्यटन राजधानी बनी काशी में पहली बार संगठन से जुड़े तीन देशों के दूतावासों के सचिवों (विदेशी मेहमान) ने मंगलवार को यहां की कला व वैभव को निहारा और जमकर तारीफ की। कजाकिस्तान दूतावास के प्रथम सचिव अर्दक का किमजानोव, किर्गिस्तान दूतावास की प्रथम सचिव असेल अकमतकालानी व उज्बेकिस्तान के आजमजोन मंसूरोव सुबह लगभग साढ़े दस बजे सबसे पहले बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) देखने पहुंचे। भव्य सेंटर की प्रसंशा करते हुए कहा कि कला को सहेजने के लिए यह बड़ा प्रयास है। किर्गिस्तान की प्रथम सचिव ने एक हैंड बैग व सूती चादर खरीदी। एक-एक हस्त शिल्प उत्पाद को देखा व सराहा। टीएफसी म्यूजियम का भी अवलोकन किया। इस तरह का प्रयास मेरे देश में भी है। छोटा देश है, वहां वन डिस्ट्रिक्ट वन विलेज का कांसेप्ट है। हाथ के बुने कपड़े खरीद कर लोग अपनी कला का रंग भरते हैं। एससीओ से जुड़े देशों के दूतावास का यह दल टीएफसी देखने के बाद रामनगर पहुंचा। दुर्ग का वैभव देख प्रशंसा करते अघाए। काशिराज परिवार की ओर से इन मेहमानों के सम्मान में बैठने के लिए खास व्यवस्था की गई थी। राजसी शान शौकत व परंपरागत ढंग से दुर्ग में विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन देखा। विधि-विधान से हो रहे पूजन के एक-एक पल को मेहमान ने कैमरे में सहेजा। पीएसी गारद की सलामी, रामनगर राज परिवार का शाही दरबार, मुसाहिब साहबानो (दरबारियों) की ओर से पेश नजराना की परंपरा, काशिराज परिवार की महिलाओं द्वारा अनंत नारायण सिंह की नजर उतारा जाना उनके लिए अचरज से कम न था।

# दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर शिक्षिका से ऐंठे 80 लाख, पुलिस ने भेजा जेल

● पीड़िता का आरोप है कि कारोबारी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**दुष्कर्म और ब्लैकमेल** कर शिक्षिका से 80 लाख रुपये ऐंठने के आरोपी को सारनाथ पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। पीड़िता का आरोप है कि कारोबारी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया, वही वीडियो वायरल की धमकी देकर कई बार में 80 लाख रुपये वसूला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## ये है पूरा मामला

लखनऊ के इंदिरा नगर की रहने वाली युवती के अनुसार वह रोहनिया स्थित एक स्कूल में काम करती थी। वर्ष 2016 के दौरान स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नरिया निवासी प्रशांत कुमार सिंह ने मुलाकात हुई। इसके बाद मुलाकात का सिलसिला बढ़ता गया। जनवरी वर्ष 2017 में प्रशांत हमारे घर पर शराब और कोल्ड ड्रिंक लेकर आया। धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। अचेत होने पर दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। होश में आने पर विरोध करने पर प्रशांत ने फोटो और वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद प्रशांत अकसर हमारे घर पर आकर दुष्कर्म करता था। इन सबसे परेशान होकर अपनी नौकरी छोड़ दी। एक जिम में पार्टनरशिप भी छोड़कर अगस्त 2017 में वापस लखनऊ चली गई। प्रशांत हमारी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इस वजह से मुझे वापस लखनऊ से वाराणसी आना पड़ा।

2017 से 2021 के बीच प्रशांत ने ब्लैकमेल कर 80 लाख रुपये ले लिया। अक्तूबर 2017 में शिवपुर स्थित जिम खोलने के नाम पर प्रशांत ने 42 लाख निवेश कराया। 2018 में बियर की दुकान खोली और उस समय छह लाख रुपये वसूला। इसके बाद हरहुआ स्थित ट्रैक्टर एजेंसी खोला तो उस समय 26 लाख 27 हजार रुपये लिया। इसके अलावा घूमने फिरने और मौज मस्ती के नाम पर पौने पांच लाख रुपये खर्च कराए। बावजूद पैसों की मांग बढ़ती गई। 2 दिसंबर 2019 को प्रशांत ने मारपीट की तो वह लखनऊ लौट गई। इसके बाद प्रशांत से अपने रुपए वापस मांगना शुरू किया, तो वह आनाकानी करने लगा। सारनाथ इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# एनटीपीसी में आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद के सोन शक्ति स्टेडियम में बुधवार की शाम असत्य पर सत्य अधर्म पर धर्म बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व दशहरे का आयोजन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक रिहंद ए के चट्टोपाध्याय व वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय द्वारा आरंभ किया गया। सोनशक्ति स्टेडियम में आतिशबाजी का दौर काफी देर तक चलता रहा। मुख्य अतिथि द्वारा क्रैकर्स से परिपूर्ण विशालकाय रावण के पुतले को आग के हवाले किया गया। राम रावण युद्ध से संबन्धित इस दशहरे पर्व को मुख्य अतिथि ने समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर कर सत्य भलाई सत्कर्म त्याग संयम धर्म एवं कल्याण कारी समाज की कामना की। उक्त अवसर पर महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में दर्शक आदि उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीसीसीआईएसएफ रिहंद इकाई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बल के जवान प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान तथा प्राइवेट सिक्यूरिटी विनोद कुमार दुबे के नेतृत्व में सिक्युरिटी बल के जवान जगह तैनात रहे।

# काशी की लक्खा मेलों में शुमार है नाटी इमली का ऐतिहासिक भरत मिलाप

● हर हर महादेव के उद्घोष के बीच चारों भाइयों का हुआ मिलन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





**कोरोना** के कारण नाटीइमली का भरत मिलाप 2020 में स्थगित रहा तो पिछले साल परमिशन कारणों से सिर्फ औपचारिकता भर ही निभाई जा सकी थी। अबकी दो साल बाद छह अक्टूबर को पूरी भव्यता से भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। व्यवस्थापक मुकुंद उपाध्याय के अनुसार लीला दोपहर 2.30 बजे शुरू हुआ और 4.40 बजे चारों भाइयों का मिलन हुआ। इसमें काशिराज परिवार भी शामिल हुआ। लक्खा मेला में जय श्री राम का गूंजा उद्घोष। काशी के लक्खा मेलों में से एक नाटी इमली मैदान में ऐतिहासिक भरत मिलाप का आयोजन विजय दशमी के ठीक अगले दिन शनिवार को किया जा रहा है। सुबह से ही तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आयोजन समिति ने विश्व विख्यात आयोजन के लिए सुरक्षा सहित बैरिकेडिंग का जायजा लिया। आयोजन की तैयारियां पूरी होने के बाद दोपहर से नाटी इमली मैदान में भक ?तों का हुजूम उमड़ा तो हर हर महादेव के साथ ही जय श्री राम का भी उद्घोष गूंज उठा।

## चारो भाइयों का परंपरागत रूप से मिलन का प्रसंग

आयोजन के दौरान उत्साह ऐसा कि लोगों को काबू करना भी मुश्किल होने लगा। आयोजन के दौरान श्रीराम चरित मानस पाठ के साथ ही चारों भाइयों के मिलन का प्रसंग पाठ श्रीचित्रकूट राम लीला के रामायणी दल ने किया तो ठीक 4:40 बजे चारो भाइयों का परंपरागत रूप से मिलन का प्रसंग मंच पर हुआ तो समूची काशी निहाल हो उठी। भरत मिलाप मैदान खचाखच आस्थावानों से भर गया तो प्रशासन ने और लोगों की एंट्री बंद कर दी। मौका था चारों भाइयों के मिलन का। दोपहर बाद रथ नाटी इमली पहुंचा तो उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा। भरत मिलाप के मैदान आस्था का कोई ओर छोन नजर नहीं आ रहा था। भरत और शत्रुघ्न भी लीलास्थल पर पहुंचे तो आयोजन की कड़ियां शाम चार बजे जुड़ गईं। भरत मिलाप मैदान पर श्रीराम लक्ष्मण और माता जानकी के आते ही पूरा मैदान हर हर महादेव और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भरत मिलाप मैदान खचाखच आस्थावानों से भर गया तो प्रशासन ने और लोगों की एंट्री बंद कर दी।

## आकाशवाणी पर आंखों देखा हाल

नाटी इमली के भरत मिलाप का आंखों देखा हाल आकाशवाणी के वाराणसी केंद्र से सुनाया गया। इसे आकाशवाणी के यूट्यूब व एफएम चौनल पर भी सुन सकेंगे। लीला स्थल पर दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक, पांडुरंग पुराणिक व पवन कुमार शास्त्री मौजूद रहेंगे। प्रसारण शाम 3.45 बजे से अंत तक चला।

# डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान करने की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**चिकित्सा** विशेषज्ञों एवं एम्बुलेन्स सेवाओं के साथ जोड़ेगा और उन्हें एमरजेन्सी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएगा; मजदूरों की सुरक्षा -जो निजी मोबाइल नेटवर्क के अग्रणी तकनीक प्रदाता एथोनेट एवं टाटा कम्युनिकेशन्स ट्रांसफोर्मेशन सर्विसेज़ के साथ साझेदारी में डिजिटल ट्विन के ज़रिए मजदूरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस आईएमसी 2022 के दौरान यूज़र्स के लिए 5 जी का लाईव अनुभव पेश किया। सम्मेलन के पहले दिन माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत में 5 जी के लॉन्च के साथ, वी ने दिल्ली में अपने सभी यूज़र्स को नेक्स्ट-जैन 5 जी टेक्नोलॉजी का अनुभव पाने के लिए आमंत्रित किया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नाचते-गाते दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



● मुस्लिम भाइयों ने स्टाल लगा श्रद्धालु को कराया गया नाश्ता

●संवेदनशील रास्तों से होकर गुजरा दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस

**मऊ।** शारदीय नवरात्र में भगवती आदिशक्ति की आराधना के बाद कड़ी सुरक्षा में गुरुवार की सुबह मां दुर्गा की प्रतिमाओं का टोंस और सरयू नदी में विसर्जन शुरू हुआ। सबसे चुनौती पूर्ण श्रीदुर्गापूजा महासमिति की ओर से शहर और आस.पास के क्षेत्रों की पूजा पंडालों में स्थापित मूर्तियों का विसर्जन कराने में प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों को बुधवार की पूरी रात जूझना पड़ा। जुलूस के साथ बारी.बारी से दशई पोखरा पहुंची इन प्रतिमाओं का लंका विजय के बाद भगवान राम ने आरती उतारी। इसके बाद नाचते.गाते भक्तों ने अबीर.गुलाल उड़ाते हुए और जयकारे के बीच संवेदनशील इलाकों से होते हुए भीटी स्थित टोंस नदी के तट पर मूर्तियों का विसर्जन किया। इस दौरान सुरक्षा के बेहद सख्त इंतजाम थे। वहीं कोविड संक्रमण के दो साल बाद दुर्गा पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान नगर क्षेत्र के औरंगाबाद चौक पर हिन्दू.मुस्लिम एकता के प्रतीक श्रद्धालुओं के लिए मुस्लिम भाईयों द्वारा नाश्ते के लिए स्टाल लगाया गया था। इस दौरान श्रद्धालुओं को बिस्किट, पानी, चाय आदि के इंतजाम किए गए थे। हिन्दू.मुस्लिम एकता के प्रतीक स्टॉल को लेकर काफी सराहना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से आसिफ, मो. अली उर्फ़ सोनू, फरहान, शाहिद, तुफैलए रोहित गुप्ताए मनीष वर्मा, घनश्याम दास गुप्ताए खुर्शीदए आज़म, अमन आदि ने श्रद्धालुओं को नाश्ता कराया।

सूबे में बेहद संवेदनशील घोषित यहां के शहर क्षेत्र की 81 पूजा पंडालों में स्थापित मूर्तियों में 51 समितियों की मुखिया श्रीदुर्गा पूजा महासमिति है। जिसके बैनर पर मूर्ति विसर्जन शहर की रामलीला से जुड़ा एक अहम पड़ाव है। बुधवार की शाम दशई पोखरा पर दशहरा मेले में लंका विजय और रावण दहन की लीला के बाद खुद भगवान राम.लक्ष्मण और माता जानकी ने देर रात साढ़े 12 बजे रेलवे की पहली दुर्गा प्रतिमा की आरती से विसर्जन जुलूस की शुरूआत की। कतारबद्ध आने वाली पंडालों की मूर्तियों को आरती के बाद सीधे शहर के बेहद संवेदनशील इलाकों से होते हुए गाजे.बाजे और जय.जयकार के साथ विसर्जन के लिए टोंस नदी के तट पर लाया गया। भगवान राम का सेना समेत विमान शीतला माता मंदिर चला गया। विसर्जन जुलूस को नियंत्रित करने के लिए मूर्तियों की सुरक्षा, पिकेट, रुफटाप, गली.मुहाने, बंधे आदि की ड्यूटी के लिए पांच सेक्टरों में माता पोखरा से मिर्जाहादीपुरा, मिर्जाहादीपुरा से संस्कृत पाठशाला, संस्कृत पाठशाला से चौक, चौक से बालनिकेतन और बालनिकेतन से भीटी टोंस नदी के घाट तक मजिस्ट्रेटों के साथ भारी फोर्स तैनात रही। शहर में घुसने के सभी रास्ते सील करके सिर्फ हाइवे को खोला गया था। जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर प्रभारी के साथ पीएसी और आरएएफके जवान तैनात रहे। श्रद्धालु क्रमबद्ध होकर अपनी.अपनी प्रतिमाओं के साथ मां का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। ढोल.नगाड़े व डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने एक.दूसरे को अबीर गुलाल भी लगाया।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

मिर्ज़ापुर। लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर पहुंचा। तीन दिवसीय कैम्प ;29 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। जहां 2500 से अधिक स्कूली छात्रों और स्टाफ के सदस्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लियाए जिन्हें सुरक्षित राइडिंग के बारे में जागरुक बनाया गया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया। प्रभु नागराजए ऑपरेटिंग ऑफिसर. ब्राण्ड एण्ड कम्युनिकेशनए होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहाए ष्बच्चे आज एवं आने वाले कल के सड़क सुरक्षा दूत हैं।

# साइबर सिक्योरिटी हैकेथॅन चौलेंज शुरुवात

**वाराणसी।** एआईबीएक्स 2022 बिजनेस मिशन के अंतर्गत ऑस्ट्रेलियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कमीशन ऑस्ट्रेड ने आज बेंगलुरु में प्रमुख साझेदारियों और पहलों के साथ भविष्य की कौशल पहल ऑस्ट्रेलिया-इंडिया साइबर स्कियोरिटी हैकेथॅन चौलेंज शुरू किया ऑस्ट्रेड की भविष्य की कौशल पहल विश्वस्तरीय ऑस्ट्रेलियाई व्यावसायिक, प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के कार्यबल का कौशल संवर्द्धन कर भारत में कौशल क्षमता का समर्थन करेगी। ऑस्ट्रेड भारतीय समकक्षों के साथ सफलता के लिए विचारों और साझेदारों का आदान-प्रदान करने हेतु 2023 के प्रारंभ में ऑस्ट्रेलियाई कौशल प्रदाताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भारत लाएगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की शिक्षण पहल भारतीय छात्रों के वैश्विक कॅरियर को आकार देने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई है।

# हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव के साथ मनाया विजय दशमी का पर्व



**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में विजय दशमी का पावन पर्व श्रद्धाभाव एवं आस्था के साथ मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम का उद्देश्य सभी आस पास के समुदाय को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना था एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी को भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्य के समृद्ध इतिहास से अवगत कराना एवं लोगों के बीच भाईचारे बनाये रखना था। दशहरा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली जयिता गोस्वामी अध्यक्षा वनिता समाज अन्य महाप्रबंधकगण वरिष्ठ वनिता समाज सदस्याओं द्वारा प्रभु श्री राम की आरती से की गयी। संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम एवं लंका पति रावण के युद्ध का नाट्य मंचन किया गया। विजयदशमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी द्वारा बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में रावण मेघनाथ कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। हजारों ग्रामवासियों एवं दर्शकों के मनोरंजन हेतु क्रैकर शो किया गया जिसमे पटाखों से विभिन्न प्रकार की मनोरंजक कलाकृति बनाई गई। श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा सभी नाट्य मंचन के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बसुराज गोस्वामी ने विजय दशमी के शुभ अवसर अपनी ओर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी एवं सभी को सत्य और धार्मिकता के पथ पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दशहरा सिखाता है कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत होती है एवं कोई भी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हों अगर उसका मकसद दुर्भावनापूर्ण और अनैतिक है तो उसका अंत निश्चित है। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि के पावन अवसर पर सभी आस पास के आम जनों में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे आस पास के स्थानीय बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अनुसूचित समुदाय के साथ है भाजपा सरकारः अजीत रावत

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा द्वारा बृहस्पतिवार को जनपद मुख्यालय स्थित दलित बस्ती वार्ड नम्बर एक में सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर दलित परिजनों के साथ सह भोज के साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों का जो विकास होना चाहिए था वह नहीं हो पाया है। गैर भाजपा की सरकारों में अनुसूचित जाति महज वोट बैंक के रूप में ही इस्तेमाल किया जाता रहा उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा मे कोई कारगर कदम नही उठाए गए पर केन्द्र व राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही भाजपा सरकार अनुसूचित समुदाय के लोगों के साथ है। सरकार पूरी तरह से अनुसूचित समुदाय के परिजनों के लिए अच्छी शिक्षा अच्छे स्वास्थ्य के साथ शौचालय आवास की योजनाएं, निशुल्क राशन वितरण स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य कई योजनाओं के तहत उनके परिजनों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है जिससे हर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के परिजनों को उसका लाभ मिल सके इसके लिए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को भी बीच-बीच में देश के प्रधानमंत्री द्वारा भी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से टीवी, समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से बताया जाता है। जिससे हर गरीब परिवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों का असर भी दिखाई देने लगा है लोगों के स्वास्थ्य शिक्षा रोजी रोटी जैसी समस्याओं के कारगर समाधान हुए हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भैया लाल चौधरी, बूथ अध्यक्ष संतोष भारती, पन्नालाल पासवान, संजय जयसवाल, अतुल कनौजिया, दिनेश भारती, राकेश कुमार भारती, दुर्गेश केडिया ,विजय कुमार, हनुमान प्रसाद, राजेंद्र, अशोक भारती, अमन वर्मा, आशीष ,कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी सहित आठ शहरों में 5जी प्लस शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारत** की प्रमुख कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज देश के कई शीर्ष शहरों में एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च के बारे में अधिक जानकारी जारी दी। कंपनी अपने नेटवर्क का विकास कर रही है, और इस दौरान ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक एयरटेल 5जी प्लस सेवाओं का चरणबद्ध रोलआउट आज से शुरू होगा। जब तक कंपनी अपना व्यापक रोलआउट पूरा करती है, वाराणसी, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, और नागपुर के 5जी स्मार्ट फोन वाले ग्राहक अपने वर्तमान डेटा प्लान पर उच्च गति वाले एयरटेल 5जी प्लस का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहकों के लिए एयरटेल 5जी प्लस तीन आकर्षक लाभ प्रदान करता है। सबसे पहले, यह दुनिया में सबसे व्यापक रूप से अपनाई गई तकनीक का उपयोग, सबसे एडवांस इकोसिस्टम के साथ करता है।

# क्विक न्यूज

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन

**सोनभद्र।** विंध्याचल कर्मचारी कल्याण परिषद वीवा के सौजन्य से एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में भव्य आतिशबाजी एवं रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आतिशबाजी शो एवं रावण दहन का आनंद उठाने के लिए परियोजना परिसर में निवास करने वाले कर्मचारी एवं उनके परिवारजन एवं आस पास के क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहें। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था भी की गई थी। परियोजना प्रमुख सुभाष चन्द्र नायक अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रोतस्विनी नायक मुख्य महाप्रबंधक ई सत्य फनी कुमार उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फनी कुमार सभी महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण अन्य वरिष्ठ प्रबंधन प्रतिनिधि उप कमांडेंट सीआईएसएफ शिव कुमार कुमावत यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रशासन की ओर से जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली राजीव रंजन मीना जिला अधिक्षक सिंगरौली वीरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहें। रावण दहन के पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सीता हरण से लेकर राम रावण युद्ध एवं अन्य मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका उपस्थित सभी लोगों नें भरपूर आनंद उठाया एवं इसे खूब सराहा। आतिशबाजी शो एवं रावण दहन किया गया।

## मॉ दुर्गा की प्रतिमा शांति जल में की गई विसर्जित

**सोनभद्र।** हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन रेणुसागर प्रेक्षागृह प्रांगण स्थित भव्य दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ सिन्दूरदान के उपरान्त किया गया। मॉ दुर्गा एवं लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती व भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के पूर्व वैदिक मंत्रोचार अपराजिता पूजा हवन कलस विसर्जन व सिन्दूरदान के उपरान्त पूरे रेनूसागर कालोनी का चक्रमण कराया गया। तत्पश्चात जय माता दी जय माता दी के उद्घोष के साथ श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रेनूसागर के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ डी जे की धुन पर थिरकते व नाचते गाते हुए जूलूस निकाला गया। तत्पश्चात मॉ की भव्य प्रतिमा को शांति जल में विसर्जित किया गया। इस सम्बन्ध में कलकत्ता से आये पंडित दिलीप चटर्जी ने बताया की हमारे सनातन धर्म में विसर्जन की परम्परा का पालन किया जाता है मूर्ति का विसर्जन के पूर्व माता रानी का पूरा श्रृंगार किया जाता है महिलाये एक दूसरे की मांग पर सिंदूर लगाती है जो समृद्धि का प्रतीक मन गया है। पूजा समिति के सचिव समित मंडल ने उपस्थित जन समूह को मॉ दुर्गा का शुभाशीष दिया व भव्य पंडाल की शोभा को देखकर द्रवीभूत होते हुए उप सचिव गोपाल मुखर्जी वं उनकी टीम को बधाई दिया।

## स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जनजागरूकता अभियान

**वाराणसी।** सभी भारतीयों के लिए बेहतर स्वास्थ्य को एक साझा लक्ष्य बनाने के उद्देश्य से भारत की सबसे लंबी चलने वाली और स्वास्थ्य के लिए सबसे विश्वसनीय सामाजिक पहल अपने नौवें वर्ष में प्रवेश कर रही है। स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जन जागरूकता करने के इसके प्रभाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वीकार किया गया है 8 साल पहले डेटॉल 'बनेगा स्वच्छ भारत' के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। स्वच्छ पर्यावरण और स्वास्थ्य विषयों पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे एक स्वस्थ भारत एक समृद्ध भारत है और अच्छे स्वास्थ्य की तलाश में कोई भी भारतीय कैसे पीछे नहीं रहना चाहिए।

## व्यापारियों ने शोकसभा करके निधन पर जताया शोक

**मऊ।** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी की अध्यक्षता में पुरानी तहसील स्थित कैम्प कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ पत्रकार वैभव वर्धन दुबे तथा राज्य कर सहायक आयुक्त रामानुज मिश्रा के माताजी के निधन पर शोक सभा किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखते हुए गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोक प्रकट करने वालों में राकेश कुमार तिवारीए अश्विन सिह सोनू, गौरव जयसवाल, दिलीप, सुधीर दयाल, विजय सर्राफ, विशाल, अमित सिंह, अशोक यादव, धर्मेंद्र, मनीषा, टुनटुन गुप्ता, अमित गुप्ता, सुनील दुबे, आनंद दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## भागवत का संबोधन

### जनसंख्या पर चिन्ता

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**–आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने विजयदशमी संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण पर टिप्पणी करते हुए 'धर्म-आधारित असंतुलन' तथा 'जबरन धर्मांतरण' जैसे मुद्दे उठाए। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का संरक्षक माने जाने वाले आरएसएस के वार्षिक दशहरा रैली में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'जनसंख्या नियंत्रण के साथ ही धार्मिक आधार पर संतुलन भी जरूरी है और उसके महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।' लेकिन अब जनसंख्या खतरा नहीं रह गई है क्योंकि भारत की जनसंख्या स्थिर हो गई है। लगभग एक साल पहले जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल प्रजनन दर–टीएफआर गिर कर 2 तक पहुंच गई है। टीएफआर का अर्थ एक महिला द्वारा अपने जीवन में जन्म दिए बच्चों की औसत संख्या है। विशेषज्ञों के अनुसार 2.1 पर टीएफआर 'रिप्लेसमेंट दर' है जिसका अर्थ है कि न जनसंख्या में वृद्धि होगी और न वह घटेगी। आरएसएस के दृष्टिकोण से यह भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर में काफी गिरावट देखने को मिली है। 2001-11 के दशक में यह दर घट कर 4.7 प्रतिशत रह गई, जबकि हिंदू जनसंख्या की वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत थी। स्पष्ट रूप से समग्र रूप से सभी समुदायों की जनसंख्या में गिरावट का कारण उनकी बढ़ती समृद्धि तथा शिक्षा व जागरूकता में वृद्धि है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर जनसंख्या की अधिकता और 'धार्मिक आधार पर संतुलन' की बात संभवत: अतिरंजना है। इसी प्रकार 'बल प्रयोग, लालच या लोभ के कारण धर्मांतरण' इतनी बड़ी समस्या नहीं है कि एक प्रमुख संगठन इसके बारे में चिन्ता करे।



उल्लेखनीय है कि खासकर भाजपा के केन्द्र तथा अनेक राज्यों की सत्ता में आने के बाद अनेक राज्यों ने धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून बनाए हैं।

ऐसी टिप्पणियां मोहन भागवत समेत आरएसएस नेताओं द्वारा पिछले कुछ सप्ताहों में मुस्लिम समुदाय से संपर्क बढ़ाने के प्रयासों की संगति में नहीं हैं। हाल ही में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात मुस्लिमों से मुलाकात की थी। जून में उन्होंने कुछ चरमपंथी तत्वों पर यह कह कर लगाम लगाने का प्रयास भी किया था कि 'हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों देखना।' यह बयान ज्ञानवापी मस्जिद में विवाद पैदा होने के बाद सामने आया था। संक्षेप में कहा जाए तो मोहन भागवत को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए जिनसे उग्र 'हिंदुत्ववादी' तत्वों में और गुस्सा भड़के। इसका कारण यह है कि ऐसे चरमपंथी तत्वों के शब्दों और कार्रवाइयों का मुसलमानों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इससे सरकारी मशीनरी तथा खासकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने वालों के काम करने में कठिनाई होती है। आजकल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वाइरल है जिसमें कुछ पुलिसजनों को खुलेआम गुजरात के खेड़ा जिले में कुछ लोगों की पिटाई करते दिखाया गया है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे मुसलमान हैं। कथित रूप से गरवा आयोजन पर हमला करने वाले व्यक्ति को गांव के चौराहे पर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी पिटाई की गई। इससे भी बुरी बात है कि पुलिसजन तमाशबीन की तरह मजा ले रहे हैं। ऐसा लगता है कि इन घटनाओं से मानव गरिमा, नागरिक अधिकार, दोषी सिद्ध होने तक निरपराध मानने तथा कानून का शासन जैसी अवधारणायें गायब हो रही हैं। आरएसएस की वेबसाइट में 'स्वतंत्रता की भावना प्रज्वलित रखने' की बात कही गई है। इसके साथ ही उसे खेड़ा घटना की निन्दा भी करनी चाहिए। इसके साथ ही उसे नियमित रूप से मुद्रास्फीति व बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबोले ने यही किया है। ऐसा करते हुए शायद बढ़ती मुस्लिम जनसंख्या का मुद्दा उठाना उतना जरूरी नहीं रह जाएगा।

# वाहनों की कबाड़ नीति पर उठते सवाल

**वाहनों को कबाड़ करने के लिए बल प्रयोग के बजाय प्रोत्साहन को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि सीमित आय वाले लोग परेशान हो सकते हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



**राष्ट्रीय** हरित न्यायाधिकरण-एनजीटी ने 2014 में अभूतपूर्व आदेश देते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों तथा 10 साल से पुराने डीजल वाहनों के चलने पर रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर, 2018 के अपने फैसले में इस घोषणा को उचित ठहराया है। जहां तक आदेश के क्रियान्वयन का सवाल है, एनजीटी के आदेश के आठ साल तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसे उचित ठहराने के चार साल बाद भी लगभग 4,000,000 ऐसे वाहन राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में 500,000 डीजल वाहन तथा 3,500,000 पेट्रोल वाहन हैं। बताया जाता है कि परिवहन अधिकारी सक्रिय हैं और ऐसे लगभग 60 वाहनों को रोज कबाड़ के लिए भेजा जाता है।

इस गति से सभी प्रदूषक वाहनों को कबाड़ में बदलने में 23 साल लगेंगे। इसके साथ ही सभी पेट्रोल वाहनों को कबाड़ के लिए भेजने में 161 साल लगेंगे। इस प्रकार सभी प्रदूषक वाहनों को हटाने में कुल 184 साल लगेंगे। उपरोक्त आंकड़े भी तभी संभव हो सकेंगे जब वाहनों को पकड़ने की गति पूरे साल बनाए रखी जा सके। वास्तव में अधिकारी केवल जाड़े के तीन महीनों में अभियान चलाते हैं जब आमतौर से प्रदूषण की विभीषिका सिर चढ़ कर बोलने लगती है। इसके कारण हम इस आश्चर्यजनक स्थिति तक पहुंचते हैं कि सभी 4,000,000 वाहनों को सड़कों से हटाने में 736 साल लगेंगे।

इसके साथ ही आदेश में अनेक विसंगतियां व विरोधाभास हैं। पहला, दिल्ली में कानून पेट्रोल संचालित वाहनों के पंजीकरण के 15 साल पूरे होने के बाद पहले पंजीकरण की तिथि से पांच साल और विस्तार की अनुमति देता है। यदि दिल्ली सरकार एनजीटी-एससी आदेश के अनुसार चले तो उसे पंजीकरण विस्तार का अपना कानून हटाना पड़ेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके बजाय वह समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रही है। दूसरा, यह आदेश दिल्ली में रहने वाले किसी नागरिक के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत अच्छे जीवन के मूलाधिकार का उल्लंघन करता है। इससे उसे शहर में प्रदूषण बढ़ने की संभावना के चलते वाहन को अनुपयुक्त घोषित करना पड़ता है। इससे पंजीकरण में पांच साल की रियायत देने वाले वर्तमान कानून का उल्लंघन होता है। हालांकि, प्रदूषण के अन्य कारण भी हैं जिनमें औद्योगिक कचरा, धूल व निर्माण कार्य हैं। वाहनों से होने वाला प्रदूषण केवल एक कारण है और इसके आधार पर ऐसे तर्क नहीं दिए जा सकते हैं जिनसे अच्छे जीवन का मूलाधिकार बाधित होता हो। अपनी आयु पूरी कर चुके कारों के बहुसंख्य मालिक मध्य वर्ग या निम्न मध्य वर्ग के हैं और उनके पास बहुत कम संसाधन हैं। उन्होंने कर्ज लेकर अपने वाहन खरीदे हैं। उनमें से अधिकांश ने हाल ही में अपने कर्ज अदा किए हैं। वास्तव में 16 साल के बाद ऐसा चरण शुरू होता है जब उन पर से दबाव कम होने लगता है। यदि इसी समय उनको अपने वाहन को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण कबाड़ में बदलना पड़े तो वे वित्तीय संकट के एक और दुष्चक्र में फंस जाएंगे।

तीसरा, यह आदेश वाहन स्वामियों को पूर्वगामी प्रभाव से दंड देता है। उदाहरणार्थ यदि किसी व्यक्ति ने 1 जनवरी, 2008 को पेट्रोल से चलने वाली कार खरीदी हो तो वित्तीय गणित के अनुसार उसे 20 साल, यानी 1 जनवरी, 2028 तक चलाने की अनुमति मिलनी चाहिए। यह देश के तत्कालीन कानून के अनुरूप था। अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार उसे इसे समय से पहले 1 जनवरी, 2023 को ही कबाड़ में बदलना पड़ेगा।

चौथा, यह आदेश अनुमान लगा लेता है कि सभी कारें 'स्वत:' 15 साल चलने के बाद अनुपयुक्त हो जाती हैं। कोई वाहन ठीक है या नहीं यह काफी सीमा तक उसके रखरखाव पर निर्भर करता है। इसके लिए उसकी फिटनेस का समय-समय पर परीक्षण होना चाहिए। उसे एक आम अवधारणा के आधार पर अनुपयुक्त घोषित कर देना उचित नहीं है क्योंकि वह एक आयु पूरी कर चुका है। पांचवां, इसके कारण एनसीआर व अन्य राज्यों में वाहन स्वामियों के बीच एक भेदभाव की स्थिति भी पैदा होती है। जहां, एनसीआर के लोगों के पास अपनी कारें 15 साल पूरे होने के बाद कबाड़ में बदलने के सिवा कोई और विकल्प नहीं है, वहीं राज्यों में वाहन स्वामी अपनी कारों को 20 साल पूरे होने और उसके बाद भी चलाते रह सकते हैं। इस बीच 18 मार्च, 2021 को केन्द्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक 'स्वैच्छिक' वाहन कबाड़ नीति की घोषणा की। यह नीति दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- वाहनों को कबाड़ घोषित करने के लिए प्रोत्साहन और ऐसा न करने वालों के लिए हतोत्साहन। इस नीति के अंतर्गत वाहन स्वामी को वाहन कबाड़ करने पर नया वाहन खरीदने की स्थिति में शोरूम कीमत का 4-6 प्रतिशत इंसेटिंव मिलता है जिसे कबाड़ मुआवजा कहा जा सकता है। उसे नया वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में पांच प्रतिशत छूट मिलती है जो व्यक्तिगत वाहन पर 25 प्रतिशत हो सकती है। आमतौर पर यह टैक्स राज्य एकत्र करते हैं, इसलिए 25 प्रतिशत छूट लगभग एक प्रतिशत होती है। इस नीति में कबाड़ हुए वाहन का 'कबाड़ प्रमाणपत्र' देने पर नए वाहन की खरीद में पंजीकरण से छूट मिलती है।

जहां तक हतोत्साहनों का सवाल है, पंजीकरण नवीनीकरण फीस में बढ़ोत्तरी तथा फिटनेस नवीनीकरण फीस में बढ़ोत्तरी के साथ ही नवीनीकरण में विलम्ब पर भारी जुर्माने व राज्यों द्वारा ऐसे वाहनों पर तथाकथित 'ग्रीन टैक्स' लगाने के प्राविधान शामिल हैं। सभी व्यक्तिगत वाहनों को 20 साल के बाद सड़क पर चलने के लिए अनिवार्य व स्वचालित फिटनेस परीक्षण कराना होगा, जबकि वाणिज्यिक वाहनों के लिए यह अवधि 15 साल है। यदि वे इस परीक्षण को पास नहीं करते हैं तो वाहन का पंजीकरण समाप्त कर इसे परिवहन अधिकारी जब्त कर लेते हैं तथा उसे 'जीवन समाप्त वाहन' घोषित कर देते हैं। 15 साल से अधिक तथा 20 साल से कम आयु वाले वाहनों को भी बिना परीक्षण पंजीकरण की अनुमति नहीं मिलेगी।

इस नीति का उद्देश्य पूरे भारत में सभी पुराने वाहनों स्वामियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे पर्यावरण के हित में अपने वाहनों से मुक्ति पाएं। हालांकि, यह आगे बढ़ने का रास्ता है, पर इसे समुचित रूप से आकर्षक बनाने के लिए कुछ बदलावों की जरूरत है। उदाहरण के लिए, कबाड़ पुराने वाहनों के बदले खरीदे जाने वाले नए वाहनों को वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी से मुक्ति देने की आवश्यकता है जो वर्तमान समय में 28 प्रतिशत की दर से लागू होती है। कुछ समय पहले गडकरी ने इसका सुझाव भी दिया था। लेकिन जहां तक सुप्रीम कोर्ट-एनजीटी के 'स्वैच्छिक' वाहन कबाड़ नीति आदेश का सवाल है, यह नीति एनसीआर के संबंध में अनुचित लगती है। जब 15 साल के बाद कार चलाने पर प्रतिबंध है तो 'स्वैच्छिक' शब्द हास्यास्पद लगता है। केन्द्र सरकार को तत्काल आदेश से पैदा विसंगतियां ठीक करने के लिए कदम उठाने चाहिए। वह इसमें परिवर्तन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है और विकल्प के रूप में मोटर वाहन कानून में आवश्यक संशोधन कर सकती है जिससे नीतिगत उद्देश्य पूरे हों। इसमें वाहन की फिटनेस को एकमात्र आधार बनाना चाहिए जिसके आधार पर उसे 'चलने या न चलने देने' की अनुमति दी जाए। परिवहन अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि केवल उन वाहनों को ही सड़कों पर चलने की अनुमति दी जाए जो निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं।।

# रूस-यूक्रेन युद्ध की भयावहता

**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**अमेरिका** के नेतृत्व में मित्र शक्तियों ने रूस को पीछे धकेलने के लिए सटीक हथियारों के रूप में यूक्रेन की व्यापक सहायता की है, लेकिन दोनों देशों की बीच भयानक लड़ाई अभी जारी है। यूक्रेन में रूसी सेनाओं को अनेक मोर्चों पर पीछे हटना पड़ा है, पर उसने यूक्रेन के चार क्षेत्रों के नागरिकों को रूस का नागरिक घोषित कर दिया है। यूक्रेन में युद्ध की भयावहता बढ़ने के साथ ही नाभिकीय आयुधों के प्रयोग का खतरा मंडराने लगा है जो सारी दुनिया के लिए चिन्ता का विषय है।

यूक्रेन द्वारा रूसी सेनाओं को भारी नुकसान पहुंचाने तथा आश्चर्यजनक रूप से लाभ प्राप्त करने में अमेरिका का महत्वपूर्ण योगदान है जिसने यूक्रेनी सेनाओं को उल्लेखनीय सहायता दी है। कीव के सैनिक रणनीतिकारों ने हजारों किलोमीटर जमीन रूस से छीन ली है जिस पर उसने कब्जा कर लिया था। इसके पीछे अमेरिकी युद्ध माडलिंग व विशेषज्ञों की शानदार योजना व उनकी सहायता है।

इसके साथ ही अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए तोपखाने व भारी हथियारों ने यूक्रेनी सेनाओं की मारक क्षमता फौरन बढ़ा दी तथा उसका दीर्घकालीन विश्वास भी मजबूत किया है। इससे यूक्रेन के सैनिक अब लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। ये उपलब्धियां दो मोर्चों पर जवाबी हमलों से मिली हैं जिनकी शुरुआत सितंगर में हुई। इससे खारकीव में खासकर यूक्रेनी सेनाओं को काफी बढ़त मिली है जहां उन्होंने तेजी से आगे बढ़ते हुए रूसी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर किया है। इससे रूसी सैनिक तेजी से पीछे हटे हैं।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने पहले कहा था कि रूसी सेनाओं ने यह महीना शुरू होने के बाद से रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से 6,000 वर्ग किलोमीटर जमीन वापस छीन ली है। केवल पिछले सप्ताह में उत्तर में 3,400 किलोमीटर भूमि पर यूक्रेनी सेनाओं ने पुन: कब्जा जमाने में सफलता पाई है। जवाबी हमला महीनें की चर्चा के बाद शुरू किया गया है जिसमें वरिष्ठ अमेरिकन व यूक्रेनी अधिकारियों ने रणनीतिक व खुफिया जानकारियों का साण किया। इसके साथ ही रक्षा अधिकारियों व विशेषज्ञों के अनुसार, यूक्रेनी सेनाओं की मारक क्षमता में लगातार बढ़ोत्तरी की गई जिसमें अमेरिका से आने वाले हथियारों ने भारी मदद की है।

जेलेन्स्की ने गर्मियों के मध्य में अपने सर्वोच्च सैनिक कमांडरों पर विश्वास किया था जिन्होंने कहा था कि यूक्रेन रूसी हमले का जोरदार मुकाबला कर सकता है। सीएनएन के अनुसार उन्होंने अपने जनरलों से दक्षिण व पूर्व में व्यापक जवाबी हमले की तैयारी के लिए कहा था। उस समय अमेरिकी रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई रणनीति के अनुसार संभावित विफलताओं पर भी गौर किया गया था। न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार इस रणनीति में समुचित सफलता नहीं मिलने पर यूक्रेनी अधिकारियों ने फिर से नई योजना बनाई। इस बीच अमेरिका द्वारा भेजे गए सटीक हथियारों के कारण यूक्रेनी सेनायें क्रेमलिन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमले करने और उन पर कब्जा करने में सफल हुईं। इनमें उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी राकेट सिस्टम शामिल थे। इससे यूक्रेनी सैनिकों का हौसला बढ़ा और सेंटर फार यूरोपियन पालिसी एनालिसिस के वरिष्ठ फेलो स्टीवेन हारेल के अनुसार उन्होंने भावी कार्रवाइयों की योजना सावधानी से बना कर सफलता पाई। 24 फरवरी को रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद से अमेरिका ने यूक्रेन को लगभग 15 बिलियन डालर के घातक हथियार देने की प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अप्रैल के बाद अमेरिका ने 50 देशों के प्रयासों का नेतृत्व कर 'यूक्रेन कांटैक्ट ग्रुप' का गठन किया जिसने कीव को सैनिक सहायता में समन्वय स्थापित किया।

हालांकि, यूक्रेन को भारी सफलता मिली है और इस देश के अधिकारी इसे युद्ध का प्रमुख निर्णायक मोड़ बता रहे हैं, लेकिन दूसरे रणनीतिक विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अभी युद्ध समाप्त होने के निकट नहीं है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव अंटोनियो गुटरेस ने कहा था कि इस युद्ध में निकट भविष्य में शांति समझौते की उम्मीद नहीं दिखती है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि अभी रूसी सेनाओं के पास भारी मात्रा में श्रमशक्ति व हथियार उपलब्ध हैं तथा उन्होंने यूक्रेन के महत्वपूर्ण हिस्से पर कब्जा बनाए रखा है जिसमें सुदूर पूर्वी क्षेत्र लुहांस्क के अनेक प्रमुख शहर और कस्बे शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने अमेरिका से यूक्रेन को सितंबर, 2021 के बाद से हथियारों व गोलाबारूद की जहाजों से 21वीं खेप रवाना करने के आदेश दिए हैं। इनमें रक्षा विभाग के अनुसार अनेक हथियार व अन्य उपकरण शामिल हैं। रक्षा विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार इस पैकेज में उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी राकेट सिस्टमों-हिमार्स के लिए ज्यादा गोला बारूद, 36,000 105एमएएम आर्टिलरी राउंड, 1000 प्रीसीसन गाइडेड 155 एमएम आर्टिलरी राउंड तथा चार काउंटर-आर्टिलरी राडार व अनेकानेक अन्य उपकरण शामिल हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने 30 सितंबर को भाषण देते हुए जोर दिया कि रूस ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने अपने भाषण में अमेरिका पर 'सटानिज्म' का आरोप लगाया जिसके कारण यूक्रेन के खिलाफ मास्को का युद्ध और भयंकर हुआ है। ग्रांड क्रेमलिन हाल में सैकड़ों रूसी विधि-निर्माताओं व गवर्नरों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि चार क्षेत्रों के नागरिक अब 'हमेशा के लिए' रूस के नागरिक बन गए हैं, हालांकि इन क्षेत्रों पर अब भी यूक्रेनी सैनिकों का आंशिक नियंत्रण बना हुआ है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन का संबोधन युद्धक्षेत्र में रूसी पराजयों के परिदृश्य में आया है जब यूक्रेनी सैनिकों ने हालिया सप्ताहों में पूरब में रूसी सेनाओं पर आश्चर्यजनक रूप से विजय पाई है। रूसी राष्ट्रपति के भाषण के समय ही कुछ यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले लेमैन को घेरने में सफल हुई जो दोनेत्स्क क्षेत्र में महत्वपूर्ण रणनीतिक ठिकाना तथा पुतिन के दावे वाले क्षेत्रों के भीतर है। लेमैन को रूसी सेनाओं के लिए बहुत तगड़ा झटका माना जा रहा है।

लेकिन चिन्ताजनक रूप से पुतिन ने बार-बार संकेत दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर युद्ध में नाभिकीय हथियारों का प्रयोग उनकी सोच में शामिल है। पश्चिम की लगातार धोखे वाली व बड़बोली आदतों का उल्लेख करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कहा कि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है जिसने युद्ध में नाभिकीय हथियारों का प्रयोग किया है। यूक्रेन में स्थिति अत्यधिक विस्फोटक बनी हुई है और यदि रूस को लगातार यूक्रेन में पराजय का सामना करना पड़े तो नाभिकीय हथियारों के प्रयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को युद्धविराम के सभी प्रयास करने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि उनके दोनों पक्षों-रूस व अमेरिका के साथ अच्छे संबंध हैं और इससे नाभिकीय हथियारों के प्रयोग की आशंका समाप्त हो सकती है।

## आप की बात

### दवाओं के खतरे

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इस बात की संभावना अधिक है कि गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत भारत में बने सर्दी-खांसी के 4 कफ सिरप पीने के कारण हुई है। इस चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने हरियाणा स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित चार कफसिरप की जांच शुरू कर दी है। यह मामला बहुत ही गंभीर है। हमारे देश में भी सर्दी जुकाम खांसी के इलाज के लिए लोग मेडिकल स्टोर से दवाइयां ला कर खुद ही उपयोग कर लेते हैं। डॉक्टर का पर्चा या विशेषज्ञ की सलाह के बिना मेडिकल स्टोर वाले भी दवाइयां दे देते हैं। अब तो ऑनलाइन जिसे जो जचे वह दवाई मंगवा सकता है, जो दवाइयां देश में ड्रग्स विभाग की जांच के अंतर्गत आती हैं। ऑनलाइन मंगवा कर ड्रग्स लेने वालों के काम आ जाती है। 66 बच्चों की मौत के बाद अब लोगों को खुद ही डॉक्टर बन कर दवाइयां लेना बंद कर देना चाहिए। साथ ही ड्रग्स विभाग को गंभीरता पूर्वक प्रत्येक दवाई के फार्मूले और उसके आधार पर बनाई हुई दवाई का नियमित रूप से लेबोरेटरी में परीक्षण करते रहना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटना होने की संभावना खत्म हो सके!

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चुनावी हलचल

**देश** के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री की यात्राएं स्पष्ट संकेत है कि भाजपा गुजरात, हिमाचल एवम जम्मू कश्मीर में चुनावी तैयारियों के लिए कमर कस चुकी है। देश के प्रधानमंत्री का दो दिवसीय गुजरात का दौरा और बाद में हिमाचल प्रदेश की यात्रा एवम गृहमंत्री जम्मू कश्मीर का दौरा इन राज्यों में भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की जोरदार तैयारी का हिस्सा है। ऐसा लगता है कि गुजरात में आम आदमी पार्टी की सक्रियता के कारण बीजेपी ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। हिमाचल में विधानसभा एवम लोकसभा के उपचुनाव में भाजपा की हार और कांग्रेस की जीत ने भाजपा को नए सिरे से चुनावी प्रबंधन के लिए मजबूर किया है। इसके विपरीत विपक्ष विशेषकर कांग्रेस की गतिविधियां गुजरात व हिमाचल में कोई हलचल पैदा नहीं कर पा रही है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस को पहले ही बड़ा झटका लग चुका है पुराने कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद ने अलग पार्टी बना कर कांग्रेस को जोरदार चुनौती दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी राजनीतिक दल अपने अंतर्द्वंद से नहीं निकल पा रहे हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### परेशान पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में आपदाएं क्या आती हैं, उसका सारा ठीकरा भारत के सिर फूटता है। इस बात को बीते अनुभव के आधार पर आज भी समझा जा सकता हैं। पाकिस्तान के प्राकृतिक, राजनीतिक और यहां तक कि आर्थिक संकट में भी भारत को ही जिम्मेदार ठहराया जाता हैं जो हास्यास्पद ही नहीं, पाक प्रशासन की मूर्खता भरी हरकत साबित होती हैं। आज प्राकृतिक आपदा से पाक के हाल-बेहाल हैं। लाखों लोगों का जीवन दांव पर लगा हुआ हैं और हजारों लोग बाढ़ के बहाव में बह चुके हैं। ऐसे में मानवीय सहायता की जरूरत हैं। बजाय समाधान के पाक की फितरत भारत को जवाबदेह ठहराने की अगर बन रही हैं तो भारत सरकार को भी जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत पर आरोप मढ़ कर वहां की जनता का मूल मुद्दे से ध्यान हटाना फितरत है और वहां की जनता यह कड़वा सच भी जानती हैं कि जब भारत का विरोध करना या उसे जिम्मेदार ठहराना हो तो पाक की आवाम सारे गिले-शिकवे भूलकर एक मत से एक साथ खड़ी होती हैं।

**अमृतलाल मारू,** महालक्ष्मी नगर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**बिलासपुर** इंदौर उड़ान से हम मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की वित्तीय राजधानियों को जोड़ रहे हैं।

– **ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री



**यह** दु:खद घटना थी। व्यक्तिगत रूप से मैं पुलिस हिरासत में महसा अमीनी के निधन से मेरा दिल टूट गया है।

– **अयातुल्ला अली खामनेई**
ईरान के सर्वोच्च नेता



**मैं** खड़गे से सहमत हूं कि हम सबको आपस में लड़ने के बजाय भाजपा से लड़ना चाहिए।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस अध्यक्ष उम्मीदवार

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**● घरों में घुसा पानी आगामी 24 घंटे जारी रहेगी बरसात ● मौसम वैज्ञानिक बोले 120.0 मिमी रिकॉर्ड की गई बरसात**



**मिल्कीपुर अयोध्या।** तहसील क्षेत्र में रात से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गांवों में घुसा पानीए ग्रामीण हो रहे परेशान ग्रामीणों की पानी की निकासी के लिए नहीं है कोई व्यवस्था इस ओर संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का नहीं जा रहा ध्यानए लगभग 1 मीटर हुआ है जलभराव। मिल्कीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाराधनथुवा पूरे ज्वाला पाठक गांव में रात से ही हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गांव के चारों ओर जलभराव हो गया है। जिससे लोगों को घर से निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में नाली ना होने के चलते हो रही है परेशानियांए लेकिन किसी भी ब्लॉक के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं जा रहा, लोगों के घरों में पानी घुस गया हैए ग्रामीणों का कहना है कि यदि 200 मीटर नाली की व्यवस्था करा दी जाए तो पूरे गांव को इस समस्या से निजात मिल सकती है। गांव के मोहम्मद अयूबए सुदामा पाठकए कमलकांत ऊर्फ पिंकू पंडित, रोहित कुमार, चंद्रशेखर, सुदामा, शिवमंगल, शिव प्रसाद आदि लोगों का कहना है कि या तो 20 वर्ष पहले इस तरह का जलभराव हुआ था कि लोगों के घरों में पानी घुस गया था या तो आज हो रही मूसलाधार बरसात से देखने को मिला है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि आगामी 24 घंटे अभी मौसम साफ नहीं होगाए गरज चमक के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में बरसात होती रहेगी आज सुबह 7.00 बजे 120.0 मिमी बरसात रिकार्ड की गई है। अभी भी बरसात जारी है।

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में न्यायिक अधिकारी नामित

**अयोध्या।** जनपद न्यायाधीश ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा अपने अद्यतन आदेश 13 फरवरी 2022 के माध्यम से कोविड.19 महामारी के प्रभाव के दृष्टिगत अधीनस्थ न्यायालयों के सुगम संचालन हेतु नवीन दिशा निर्देश जारी किये गये है। विचाराधीन बंदियों के रिमाण्ड कार्य/अन्य न्यायिक कार्य वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीडियों कान्फ्रेंसिंग कक्ष में अपरान्ह 3 बजे से किये जाने हेतु अधोलिखित न्यायिक अधिकारीगण को नामित किया जाता है। अभिषेक कुमार बगड़िया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं.. 05 कार्य की अवधि 7 अक्टूबर 2022 तक, बृजेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0.12 10 से 13 अक्टूबर तक, नूरी अंसार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट.द्वितीय 14 से 15 अक्टूबर तक एवं 17 से 18 अक्टूबर तक, अमर सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट.तृतीय दिनांक 19 से 21 अक्टूबर तक एवं 27 अक्टूबर को तथा नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम 28 से 29 अक्टूबर तक एवं 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक कार्य की अवधि में रहेंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फैजाबाद को निर्देशित किया जाता है कि मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों का रिमाण्ड/न्यायिक कार्य हेतु अपने स्तर से अधिकारी को नामित करें। जनपद न्यायाधीश ने आगे बताया कि विचाराधीन बन्दियों के रिमाण्ड कार्य/अन्य न्यायिक कार्य वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीडियों कान्फ्रेंसिंग कक्ष में किये जाने हेतु नामित अधिकारी की अनुपस्थिति में उनके न्यायालय के प्रभारी अधिकारी द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

# राजरूपपुर मेले की दिव्यता को लेकर विजयादशमी सौहार्द्र ट्रस्ट तैयार

**● 8 को झलवा राजरूपपुर चकिया में आयोजित होगा विजयादशमी मेला**

**प्रयागराज।** राजरूपपुर का विजयादशमी मेला आठ अक्टूबर को होगा। झलवा राजरूपपुर और चकिया तक लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर विजयादशमी सौहार्द्र मेला ट्रस्ट राजरूपपुर अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा की अध्यक्षता में एसीएम द्वितीय एवं प्रशासनिक पुलिस प्रशासन अफसरों के साथ सम्पन्न हुई। पिछले दो वर्ष से वैश्विक कोरोना महामारी के दौर में विजयादशमी मेले के आयोजन सरकार के द्वारा प्रतिबंध कारण मेले का आयोजन नहीं हो पाया था। 24 साल से निकल रहे राजरूपपुर मेले का क्रम कोरोना दौर के बाद विजयादशमी मेले को लेकर समीक्षा बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि मेले में झांकियाँ चौकी निकालने की तैयारी पूरी हो गयी है। मगर जिस तरह से पिछले दो दिनों से शाम को बारिश हो रही है। उससे मेले को स्थानीय पहचान कलाकारों द्वारा निर्मित झांकियों और चौकियों को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने में कठिनाई हो सकती है। ट्रस्ट हर तरह से तैयार है। झलवा से राजरूपपुर होकर चकिया तक मार्ग प्रकाश की व्यवस्था दोनों तरफ भारतीय संस्कृति की झलक अबकी बार दिखाई देगी। झांकियों और चौकियों में काशी विश्वनाथ प्रयागराज की महिमा और भगवान राम के आध्यात्मिक स्वरूपों के भी दर्शन के साथ भारत की सीमा पर लड़ने वाले वीर सैनिकों की वीरता पर अदभुद प्रदर्शन भी देखने को मिलेगा। ओडीओपी खादी व ग्रामोद्योग कुटीर उद्योगों से निर्मित सामग्रियों की बाजारों में चमक रहेगी। महामंत्री जीपी सिंह ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल और महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी मुख्य अतिथि के रूप में मेले का पूजन व झांकियों एवं चौकियों को ध्वज दिखाकर मेले का शुभारंभ करेंगे। एसीएम द्वितीय ने कहा मेले में समस्त सुविधाएं व व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी।



मेला को लेकर बैठक करते कमेटी के पदाधिकारी।

# लोको पायलटों ने लगाया तीन दिवसीय रक्तदान शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**लोको पायलटों** ने तीन दिनी रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें लोगों ने रक्तदान किया। डेंगू के कारण मरीजों हेतु लगातार प्लेटलेट्स मांग बढ़ती जा रही है। जिसे दूर करने हेतु संयुक्त लोको पायलट एवं गार्ड लॉबी प्रयागराज के लोको पायलटों द्वारा तीन दिवसीय मुहिम चलाकर जनहित में रक्तदान किया जा रहा है। जिससे मरीजों को राहत पहुँचाया जा सके। लॉबी प्रयागराज के सदस्यों द्वारा विगत तीन वर्षों से नियमित रक्तदान किया जाता रहा है। अब तक कुल 190 रनिंग कर्मी रक्तदान कर चुके हैं।

रक्तदान की परम्परा को आगे बढ़ाते हुये 06 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक त्रिदवसीय रक्तदान अभियान चलाया। जिसके के तहत गुरुवार को विद्युत परिचालन विभाग के वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर परिचालन प्रयागराज राहुल त्रिपाठी के परामर्श एवं प्रेरणा से लॉबी प्रयागराज के लोको पायलटों द्वारा इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन प्रयागराज जाकर सामूहिक रूप से स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिसमें 19 लोको पायलटों एवं सहायक लोको पायलट सम्मिलित हुये। स्वैच्छिक रूप से रक्तदान के जारी क्रम ने कोरोना काल के कठिन समय में लोगों के लिये जीवनदायनी सिद्ध हुआ। वर्तमान समय में डेंगू ज्वर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये रेल परिवार के हित में वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर परिचालन प्रयागराज राहुल त्रिपाठी ने रनिंग कर्मियों में ऊर्जा भरते हुये स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। ब्लड बैंक में जमा यह खून न सिर्फ रनिंग कर्मियों को डेंगु या किसी आकस्मिक दुर्घटना आदि के समय अथवा रनिंग परिवार और उनके परिवारजनों को चिकित्सीय परामर्श के तहत खून की आवश्यकता होती है तो इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से उपलब्ध कराया जाता रहा है। एएमए के डॉ ज्ञानेन्द्र प्रधान ने पुन: विश्वास दिलाया कि जब कभी भी प्लेटलेट्स प्लाज्मा आदि की जरूरत होगी तो रनिंग कर्मियों को सहज रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

मुख्य क्रू नियंत्रक वासुदेव पाण्डेय द्वारा एकदिवसीय कक्षा में उपस्थित सभी कर्मचारियों को रक्तदान के लाभ के बारे में बताया गयाए वर्तमान समय में डेंगू ज्वर के कारण कई रेल कर्मचारी प्लेटलेट्स की समस्या से जूझ रहे हैं। जिसे रनिंग कर्मियों के इस रक्तदान मुहिम से प्लेटलेट्स उपलब्धता में काफी राहत मिलेगी। रक्तदान क्रम में एस के गुप्ता दीपक कुमार सिंह रविंकान्त आदित्य कुमार उपेन्द्र प्रसाद रमेश कुमार पी एस तिवारी वरूण कुमार मो शौकत सिद्दीकी दीपक ओ पी एस कुशवाहा प्रशान्त कुमार पाल हर्षदेव विश्वकर्मा अक्षय कुमार हरिबदन विश्वकर्मा शैलेन्द्र कुमार भारती डी रघुवंशी गौरव विसन सिंह ए एस सोमवंशी ने रक्तदान किया।



रक्तदान के बाद लोको पायलट।

# डीएम ने उपनिदेशक मत्स्य को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये

**अयोध्या।** विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता व जिलाधिकारी नितीश ने गुप्तारघाट पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत राष्ट्रीय मत्स्यिकी विकास बोर्ड के द्वारा प्रायोजित रिवर रैंचिंग एवं जनजागरूकता गोष्ठी में प्रधानमंत्री मात्स्यिकी सम्पदा योजना व मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुये उपनिदेशक मत्स्य व सहायक निदेशक मत्स्य को अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मा. विधायक व जिलाधिकारी द्वारा नदियों में घट रही मत्स्य सम्पदा को बढ़ाने व नदियों के परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय मेजर कार्प की मछलियों (कतला, रोहू, नैंन आदि) के 3 लाख 75 हजार मत्स्य बीजध्बच्चों को गुप्तारघाट पर सरयू नदी में डाला गया। इन मत्स्य बच्चें की साइज 80 से 100 मिमी. की रही। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु मछुवारों को योजनाओं का सुगमता से लाभ पहुंचानेए ग्रामीण क्षेत्रों में पट्टा से बचे हुये तालाबों को इच्छुक मत्स्य पलकों को पट्टा देने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित मत्स्य पालकों से अपनी मत्स्य पालन सम्बंधी विशेषज्ञता से अन्य मत्स्य पालकों को भी प्रदान करने की अपील कीए जिससे अन्य पशुपालक की मत्स्य पालन का बेहतर कार्य कर सकें। इस अवसर पर उपनिदेशक मत्स्य द्वारा भी मत्स्य विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। गोष्ठी में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्षए सहायक निदेशक मत्स्य सहित बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अलग-अलग गांवों में घटी घटना दो की मौत

**बीकापुर अयोध्या।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दो गांव में संदिग्धावस्था में दो लोग की हुई मौत। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के रजौरा निवासी दलित बुजुर्ग वनवारी लाल पुत्र चैतू का गांव के बाहर खेत में बने घर पर भूसे के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव पड़ा मिला। स्वजन द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी सहित पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर प्रमोद कुमार यादव ने पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव। दूसरी घटना स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के धानापारा निवासी जमुना चौरसिया के 21 वर्षीय पुत्र विमल कुमार का देर शाम घर के अंदर कमरे में लटकता मिला शव।घटना के समय घर पर अकेला था मृतक युवक। घर वापस आने पर युवक को फंदे से लटकता देख आनन फानन में फंदे से उतार कर इलाज के लिए सीएचसी बीकापुर ले गये परिजन। जहां पर चिकित्सक धर्मेंद्र कुमार ने युवक को किया मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव। चर्चा के अनुसार पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से पीड़ित था युवक। जिसका चल रहा था इलाज।दिल्ली में रहता था युवक। पिछले कुछ दिन से आया था घर।

### जलभराव वाले इलाकों के लिए डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद में हो रही अतिवृष्टि के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ काशीराम कॉलोनी रामघाट के सामने पीएसी कैंपए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि स्थानों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को नालियों की सफाई के साथ ही जल निकासी के समुचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों यथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम में और सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जलभराव का कारण एवं पानी की निकासी की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को निर्माण कार्यों वाले स्थलों पर निर्माण साम्रगी से जलभराव एवं सड़क बाधित न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों हेतु निर्माणाधीन ट्रान्जिट हास्टल का निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ श्रीराम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों हेतु निर्माणाधीन ट्रान्जिट हास्टल 01 नग (150 व्यक्तियों) एवं पुलिस बैरक 1 नग (600 व्यक्तियों) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ट्रान्जिट हास्टल व पुलिस बैरक के कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने तथा स्टीमेट के अनुरूप समस्त सामाग्रियों का उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डीएस यूनिट 44 उप्र जल निगम को समस्त निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

### ईनामी गिरफ्तार

**भीटी।** अंबेडकर नगर महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6माह से वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार 10000 का इनामी फरार चल रहा था जो कि एक बालिका को बहला.फुसला कर भगा ले जाने तथा जान से मारने धमकी दे रहा था जो कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौराहे पर बस के इंतजार में था थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि 70/22 धारा 366/506 आईपीसी से संबंधित वांछित को महेंद्र निषाद पुत्र हंसराज निषाद ?ग्राम खजुरडीह पुलिस ने भेजा जेल दिया।

# हर्षोल्लास के साथ निकली श्रीराम मंत्र महायज्ञ की कलश यात्रा



जगतगुरु वल्लभाचार्य जी महाराज के साथ अयोध्या के संत महंत

**अयोध्या।** श्री राम नगरी अयोध्या के श्रीरामहर्षण मैथिल सख्यपीठ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट चारूशिला मंदिर, जानकीघाट में 108 कुंडीय दस दिवसीय श्रीराममंत्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बुधवार को मंदिर प्रांगण से गाजे.बाजे व हाथी.घोड़े संग विशाल अलौकिक भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो रामनगरी के मुख्य मार्गो से होते हुए पावन सरयू तट पहुंची। जहां पूजन अर्चन के साथ सभी कलशों में पवित्र सरयू जल भरकर यात्रा पुन: कार्यक्रम स्थल श्रीरामवल्लभाकुंज परिसर में पहुंची जहां यज्ञ मंडप में सभी 11 सौ कलशों को वैदिक मंत्रोच्चार संग स्थापित किया गया।

शोभायात्रा पूरी रामनगरी में कौतूहल का विषय बनी रही जिसमें पीत वस्त्र धारी 11 सौ महिलाएं अपने.अपने सिरों पर कलश और 5 सौ 1 श्रद्धालुगण सिर पर श्रीमद् भागवत महापुराण रखे हुए थे। साथ ही 15 रथों पर भगवान के विग्रह रथारूढ़ रही। पूरी अयोध्यानगरी जय श्रीराम गुंजायमान हो रही थी और शोभायात्रा में शामिल साधु.संत व हजारों भक्तगण भक्तिभाव में सराबोर दिखे। इस अद्भुत एवं मनोरम दृश्य से अयोध्याधाम में अनुपम छटा निखर रही थी। पूरा वातावरण हर्ष और उल्लास के रंग में रंगा हुआ था। शोभायात्रा में श्रीरामवल्लभाकुंज अधिकारी राजकुमार दासए जगद्गुरू स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत जन्मेजय शरण, महंत अवधेश दास, महंत जनार्दन दास, महंत रामजी शरण, स्वामी छविराम दासए नागा रामलखन दास समेत हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक व श्रीमहर्षण मैथिल सख्यपीठ चारूशिला मंदिर के श्रीमज्जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी वल्लभाचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम अनंत विभूषित पंचरसाचार्य स्वामी श्रीमद् रामहर्षण देव महाराज द्वारा संपन्न श्रीमंत्रराज अनुष्ठान के रजत जयंती महामहोत्सव पर आयोजित हैए जिसका शुभारंभ विशाल शोभायात्रा के साथ हो चुका है। जो 14 अक्टूबर तक अपने चर्मोत्कर्ष पर रहेगा। महोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से विशिष्ट जगद्गुरू, शंकराचार्यों, महामंडलेश्वरों, दिव्य संतों का शुभागमन हो रहा है। जिनके दर्शन व दिव्यवाणी का संलाभ हम सब प्राप्त करेंगे।

श्रीराममंत्र महायज्ञ का कार्यक्रम अपने आपमें अद्वितीय है। यह अद्भुत यज्ञ हो रहा है। संतों का कहना है कि ऐसा महायज्ञ अभी तक अयोध्या में नही हुआ है। जो पहली बार हो रहा है। इसमें 11 मंजिल की यज्ञशाला और 108 कुंडों का यज्ञ मंडप बना हुआ है। 501 विद्वानों द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण का परायण किया जा रहा है। 501 जापक श्रीमंत्रराज का जाप कर रहे हैं। इस तरह कुल 13 करोड़ षड़ाक्षर श्रीराममंत्र का जप किया जायेगा। 540 यजमानों द्वारा 8 सौ कुंतल हवन सामग्री से महायज्ञ में 1 करोड़ 30 लाख आहुतियां डाली जायेंगी। वहीं 11, 12 व 13 अक्टूबर को विराट संत.सम्मेलन का कार्यक्रम हैए जिसमें सम्पूर्ण भारत के महापुरूषों का आगमन हो रहा है। वृंदावन धाम के श्रीमद् जगद्गुरू द्वाराचार्य मलूकपीठाधीश्वर डॉण् राजेंद्रदेवाचार्य अपने मुखारविंद से श्रीरामकथा कह रहे हैं। रात्रि 8 बजे 11 बजे तक वृंदावन की प्रसिद्ध चैतन्य महाप्रभु लीला हो रही है।

# डीएम ने कौंधियारा ब्लाक के पंवरी गांव में गोशाला का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**डीएम** संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को कौंधियारा ब्लाक के पंवरी में बनाये गये गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने तथा वर्मी कम्पोस्ट ठीक से न बनाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कौंधियारा ब्लाक की खण्ड विकास अधिकारी मीना सिंह तथा वहां के एडीओ पंचायत अनिल पाल से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ उन्होंने ग्राम प्रधान को भी गोशाला में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के लिए कहा है। डीएम ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से निराश्रित गोवंशों के टैगिंग किए जाने तथा भूसे के स्टॉक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि भूसे का पर्याप्त भण्डार है तथा गोशाला में रह रहे निराश्रित गोवंशों की टैगिंग भी करा ली गयी है। उन्होंने वहां पर हरे चारे की भी पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के साथ.साथ पानी के निकासी की भी समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को नियमित रूप से पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए कहा है। निराश्रित गोवंशों के पीने के लिए पानी की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि गोशाला में कुल 125 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी आर पी राय जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम।

## सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं की हो भागीदारी: संदीप

**प्रयागराज।** डिजिटल भुगतान में दुनिया की प्रमुख कंपनी वीज़ा एन वाई एस ई वी ने अगले तीन वर्षों में महिलाओं के स्वामित्व वाले और महिला केंद्रित व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए यूनाइटेड वे मुंबई यूडब्ल्यूएम को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है। यह परियोजना चार राज्यों उत्तर प्रदेश असम महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुल एक सौ सत्तर गांवों कस्बों में लागू की जाएगी। जो प्रतिभागियों के बीच उद्यमशीलता के लिए स्थायी दीर्घकालिक कौशल बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। परियोजना का लक्ष्य आठ हजार पांच सौ से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें उनके उद्यमों और समुदायों के लिए प्रासंगिक वित्तीय सेवाओं से जोड़ना है। प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए वीज़ा के भारत और दक्षिण एशिया के ग्रुप कंट्री मैनेजर संदीप घोष ने कहा वीज़ा में हमने विशेष रूप से महिलाओं पर केंद्रित छोटे व्यवसायों के विकास की पुरजोर वकालत और समर्थन किया है।

# जिलाधिकारी ने सामु. स्वास्थ्य केंद्र जसरा का किया निरीक्षण

**● डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रसव के बाद प्रसूता को 48 घण्टे तक अनिवार्य रूप से सामु. स्वास्थ्य केन्द्र में रखे जाने के दिये निर्देश**

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा का निरीक्षण किया। डीएम ने इमरजेंसी कक्ष वैक्सीन भण्डारण कक्ष एक्सरे कक्ष आपरेशन थियेटर जननी सुरक्षा वार्ड ओपीडी दंत शल्य चिकित्सा कक्ष पैथोलॉजी सहित अन्य वार्डो कक्षों का निरीक्षण किया। मरीजों से भी सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने प्रयोगशाला कक्ष में पहुंचकर वहां पर टेस्ट किए जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीएलसी डीएलसी के बारे में जांच की व्यवस्था न पाये जाने पर उन्होंने सीएमओ को टीएलसी डीएलसी के जांच की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। औषधालय कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्रभारी चिकित्साधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध है। डीएम के द्वारा एंटी स्नैक वेनम तथा एंटी रैबीज की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त करने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि एंटी स्नैक वेनम तथा एंटी रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सामु. स्वास्थ्य केन्द्र पर है। डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रसव के बाद प्रसूता को 48 घण्टे तक अनिवार्य रूप से सामु. स्वास्थ्य केन्द्र में रखे जाने के लिए कहा है। इसका कड़ाई से पालन किए जाने के लिए भी कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली एवं साफसफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है।

## भव्य समारोह का आयोजन होगा नौ को

**प्रयागराज।** साल दो हजार बाइस के दौरान अपने दर्शकों को पॉपुलर फिक्शन शोज़ और लीक से हटकर रियलिटी शोज़ दिखाने के बाद अब ज़ी टीवी के लिए साल का वो समय है। जब यह चैनल अपने ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के जरिए उन एक्टर्स डायरेक्टर्स प्रोड्यूसर्स क्रिएटिव टीमों और टेक्नीशियनों का सम्मान करता है। जो सबका मनोरंजन करने के लिए दिन.रात मेहनत करते हैं। भव्य समारोह में दर्शकों और उनके पसंदीदा किरदारों के बीच गहरे रिश्तों का अभूतपूर्व जश्न मनाया जाएगा। जहां यह शो अपने आप में एक जबर्दस्त जश्न होगा। जिसमें सभी के लिए ढेर सारा मनोरंजन होगा। वहीं इस साल यह मौका और भी खास होने वाला है। जहां ज़ी टीवी ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के साथ अपने तीस गौरवशाली वर्षों का जश्न भी मना रहा है। ज़ी टीवी पर यह अवॉर्ड्स शो नौ अक्टूबर को शाम सात बजे से प्रसारित किया जाएगा। यह समारोह और ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स में मौजूद सितारे आपको रोमांच से भर देंगे।

# एनटीपीसी टांडा में दुर्गा पूजा और रामलीला धूमधाम से मनाया गया

**संवाददाता।** अम्बेडकर नगर

**एनटीपीसी टांडा** आवासीय परिसर में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गापूजा एवं रामलीला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने पधार कर इन उत्सवों का सपरिवार आनंद उठाया। रामलीला परिसर में 05 अक्टूबर को रावण वध का आयोजन हुआ। इस अवसर परसमूह महाप्रबंधक बीसी. पोलाई ने बाण चलाया और रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के. गंगोपाध्याय, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंध) पीएल नरसिम्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा, उप कमांडेंट (के.औ.सु.ब.) धर्मेन्द्र राजपूत, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा आरती पोलाई एवं सदस्याएं तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान भव्य आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

26 सितंबर से 05 अक्टूबर तक चले श्री राम लीला मंचन के अंतर्गत भगवान श्री राम की मनोहारी दृश्यों की प्रस्तुति मंजे हुए कलाकारों द्वारा की गयी। कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन में हनुमान का राम दल में आना, विभीषण शरणागति, विभीषण का राज्याभिषेक, समुद्र तट राम द्वारा स्तुति, पुल निर्माण, अंगद का राम दल में वापस आना आदि प्रसंग की मनोहारी प्रस्तुति की गई।

साथ ही आवासीय परिसर प्रांगण में ही दुर्गा पूजा का भी भव्य आयोजन किया गया। परियोजना के समूह महाप्रबंधक बी.सी. पोलाई, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा आरती पोलाई ने माँ दुर्गा की पूजा अराधना कर सभी के सुख, समृद्धि की कामना की। दुर्गापूजा के तहत बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भजन संध्या एवं महिलाओं के लिए अल्पना, रंगोली, पॉट पेंटिंग, धुनची नृत्य संबंधी अनेक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा दुर्गापूजा महानवमी के अवसर पर महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों एवं कर्मचारीगणों ने सपरिवार सम्मिलित होकर महाप्रसाद का आनंद उठाया। एनटीपीसी टांडा में आयोजित इन सफल कार्यक्रमों में पूजा समिति के अध्यक्ष तथा महासचिव के साथ.साथ सभी सदस्यों ने इस उत्सव को सफल बनाने में महती भूमिका का निर्वहन किया।

# धारदार हथियार से हुई युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**संवाददाता।** सीतापुर

- अवैध संबंधो के चलते पति-पत्नी ने रामलखन को मार डाला
- मछरेहटा थाने की पुलिस ने दो दिन के अंदर किया खुलासा

**सीतापुर के** मछरेहटा थाना क्षेत्र के मामूपुर मोड़ के पास हुई युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चौबीस घंटे के अंदर ही आलाकत्ल सहित मर्डर करने वाले पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी है। बताते चले कि दो दिन पूर्व संदना के निवासी रामलखन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी, यह हत्या अवैध संबंधो के चलते होना बताई गई थी। मछरेहटा इंस्पेक्टर रामप्रकाश ने बताया कि मृतक रामखेलावन के पिछले चार वर्षो से भागीरथ पुत्र घूरा निवासी लोदखेरवा की पत्नी से अवैध संबंध थे जिसके चलते भागीरथ काफी परेशान था। प्रेमलता के बुलाने पर जब मृतक रामखेलावन उसके पास पहुंचा था और दोनो मछरेहटा की तरफनिकल पड़े, उसी दौरान बेतवा नाले के पास पहले से घात लगाकर बैठे भागीरथ के पास प्रेमलता पहुंची, साथ मे रामलखन को देखते ही भागीरथ ने बांके से उस पर ताबडतोड वार करना शुरू कर दिया। जिससे रामलखन बचाव करते हुए लगभग दो सौ मीटर तक भागा लेकिन लगातार बांके से प्रहार होने के कारण वह लहूलुहान होकर गिर गया और उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति पत्नी मौके से भाग निकले थे। मछरेहटा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सूरजपुर चौराहे से दोनो को बांका साइकिल बैग व झोला सहित धर दबोचा है,दोनो के विरुद्ध धारा 296/22,302/201 के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई कर दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामप्रकाश, उपनिरीक्षक अजीत वर्मा, हेड कांस्टेबल अबू हादी खान, कांस्टेबल सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल खुशबू आदि मौजूद रहे।

# वृंदावन के कलाकारों ने किया आकर्षक सेतु लीला का मंचन

**संवाददाता।** लहरपुर सीतापुर

**लहरपुर की** सेतु लीला का सजीव मंचन देखने के लिए इस बार दर्षकों का भारी हुजूम तो उमड़ा ही इन्द्र देव भी पधारे रिमझिम फुआरों के बीच इन्द्र देव ने अपनी मौजूदगी का एहसास कराया। श्रीराम का किरदार निभा रहे कलाकार ने षिवलिंग की स्थापना कर पूजन अर्चन किया, तो समूचा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री राम लीला मैदान पर वृंदावन धाम से आए कलाकारों के द्वारा लंका दहन एवं ऐतिहासिक सेतु लीला का सजीव मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु लगातार हो रही बारिश के बीच में भी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि लहरपुर में ही सेतु लीला का सजीव मंचन किया जाता है श्री रामलील मैदान स्थित पक्के तालाब तीर्थ पर अस्थाई सेतु का निर्माण कर प्रभु श्री राम अपनी सेना के साथ समुद्र के पार उतरते हैं। प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर नल नील दोनों भाइयों ने भालू बानरो के सहयोग से एक भव्य सुंदर सेतु का निर्माण किया, सेतु के तैयार हो जाने पर प्रभु श्री राम ने विधि विधान से हवन पूजन कर शिवलिंग की स्थापना की। विधि विधान से हवन पूजन के उपरांत प्रभु श्री राम ने सेना को प्रस्थान के लिए कहा, प्रभु श्री राम की आज्ञा पाकर सेना ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया और लंका पर चढ़ाई हेतु भगवान के जयकारे लगाते हुए चल दिए। इस पावन अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु सेतु लीला के मंचन को देखने के लिए उपस्थित थे। बताते चलें सेतु लीला का सजीव मंचन पूरे प्रदेश में केवल दो जगह पर किया जाता है जिनमें से एक लहरपुर भी है जहां पर पक्का तालाब तीर्थ पर अस्थाई रूप से लगभग 70 मीटर लंबाई के लोहे के मोटे तारों से अस्थाई रूप से एक सेतु तैयार किया जाता है जिसे फूल व विद्युत झालरों की सहायता से भव्य तरीके से सजाया जाता है जिसकी आभा देखते ही बनती है जिसको देखने के लिए केवल नगर के ही नहीं अपितु हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी भी प्रतिवर्ष आते हैं सेतु लीला का यह सजीव ऐतिहासिक मंचन कई दशकों से आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में होता चला आ रहा है सेतु निर्माण में पूर्व सभासद उमेश मेहरोत्रा का विशेष योगदान रहता है। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, सीओ सुजीत कुमार दुबे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, नारायण मेहरोत्रा रामलाल रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, मनमोहन गुप्ता ,प्रमोद बाजपेई एडवोकेट, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, सभासद राजू तिवारी सौरभ पुरी, भगवानदीन त्रिवेदी, उमेश मेहरोत्रा, निर्मल पांडेय, रामे बाजपेई, रामानंद अवस्थी, बलराम लोधी, अतुल पांडेय, निरंकार मेहरोत्रा, अखिलेंद्र यादव, मास्टर अमर सिंह, देवेंद्र पांडेय, शिव सागर मिश्रा सहित तमाम दर्षक मौजूद रहे, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रषासन सतर्क रहा।

## क्विक न्यूज

### ग्राम प्रधान संघ का विवाद गहराया, जिलाध्यक्ष ने की कार्रवाई

**संडीला(हरदोई)।** ग्राम प्रधान संघ के संडीला ब्लाक अध्यक्ष का विवाद काफी गहरा गया है और इसी क्रम में जिलाध्यक्ष ने कार्रवाई करते हुए अनीता सिंह अर्कवंशी को सभी पदों से हटा दिया है। ग्राम प्रधान संगठन हरदोई के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह रानू ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनीत सिंह अर्कवंशी द्वारा कथित रूप से ब्लाक संडीला के प्रधानसंघ की एक बैठक का आयोजन कर स्वंय को ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया गया है। यह पूर्णतयः अवैधानिक और संगठन के सभी पदों से उन्हें मुक्त कर दिया गया है।

### नौ अपराधियों पर हुई गैंगेस्टर की कार्रवाई

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस अपराधियों को जरा सा भी बक्ष नहीं रही है, उनपर कार्रवाई कर जेल भेजने की कार्रवाई बराबर करती नजर आ रही है। ऐसे ही सीतापुर के 9 अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की मंगलवार को की गई है। यह कार्रवाई एसपी घुले सुषील चन्द्रभान के निर्देष पर हुई है। थाना हरगांव, लहरपुर, सदरपुर पुलिस द्वारा लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गोवध जैसे अपराध में संलिप्त 9 अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। थाना हरगांव पुलिस द्वारा लूट, हत्या जैसे गंभीर आरोपों में संलिप्त तीन अभियुक्त संजय सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी तेन्दुवार, शोभित तिवारी पुत्र अनिल, शिव भगवान पुत्र सरवन निवासी ग्राम फादिलपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई व जांच कर अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही अलग से की जाएगी। थाना लहरपुर पुलिस ने कुलदीप शुक्ला पुत्र सत्य प्रकाश शुक्ला निवासी ग्राम नवीनगर लहरपुर, जीशान पुत्र मो. अहमद व रजी अहमद उर्फ राजा पुत्र अली अहमद निवासीगण कचनार थाना कोतवाली देहात सीतापुर, सदरपुर थाना पुलिस ने गोवध में संलिप्त कदीर पुत्र गुलाम रसूल, शाहआलम पुत्र गुलाम रसूल निवासीगण मो. मियागंज थाना बिसवां, फैय्याज पुत्र नियाज निवासी ग्राम जहांगीराबाद थाना सदरपुर पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इन सभी से अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही अलग से की जाएगी। आपको बता दें कि इन सभी अपराधियों पर विभिन्न थानों में कई अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

### शहर में निकाली गई श्रीराम विजय रथ यात्रा

**सीतापुर।** सीतापुर शहर में निकाली गई आठवीं श्रीराम विजय रथ यात्रा में कई प्रांतों से आए श्रद्धालु शामिल हुए। षहर के एलआईसी आफिस के सामने मैदान से रथ यात्रा शुरू हुई, इस रथ पर श्रीराम के रूप में विराजमान दरबार का पहले पूजन किया गया। यात्रा रामलीला मैदान होते हुए मुंषीगंज चौराहा पहुंची, जहां संगठन के शिव कुमार ने पूजन अर्चन किया। ष्यामनाथ मंदिर के पास मयंक राठौर एवं मन्नी चौराहे पर अषोक राठौर ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा जिला अस्पताल होते हुए वाल्दा मोहल्ला पहुंची, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने श्रीराम दरबार का पूजन करने के बाद भक्तों का भी स्वागत किया। छोटा हनुमान मंदिर, गीक्रगंज होते हुए यात्रा लालबाग पहुंची।

### माता के जयकारों के साथ संपन्न हुआ भंडारा



**निघासन - खीरी।** महानवमी के अवसर पर ग्राम कुर्बान पुरवा स्थित माता जी के मंदिर में सामूहिक राम नवमी के एक दिन बाद हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम लोग भंडारे में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद गृहण किया इस कार्यक्रम का आयोजन गांव के सभी भक्त गणों द्वारा किया गया! और क्षेत्र के ग्राम लुधौरी स्थित दुर्गा मंदिर पर व्यवसाई उमेश कुमार गुप्ता के सौजन्य से कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया । दिन में भंडारे के आयोजन के बाद रात्रिकालीन बेला में श्रद्धालु माता रानी के भजन कीर्तन पर खूब झूमे और जयकारे लगाए । इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल , नरेश गुप्ता , सुरेश गुप्ता , संजीव श्रीवास्तव , गोलू यादव , विनीत श्रीवास्तव , उत्तम सिंह , महेश , अमन , रमेश सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे ।

### शिक्षक भवन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुर्वेद कार्यक्रम



**लखीमपुर-खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पतालों द्वारा चलाये जा रहे, हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अन्तर्गत इस सप्ताह %वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर आयुर्वेद से चिकित्सा एवं बढ़ती उम्र में शरीर में होने वाले रोगों से बचने के लिए आयुर्वेद में कई उपचार विधियां हैं जिसमें, जड़ी-बूटियां, दिनचर्या, ऋतु चर्या योग प्राणायाम को अपना कर जीवेम शरद शतम स्वस्थ रह सकते हैं। इसी विषय को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के डॉ.हरबंश कुमार द्वारा शिक्षक भवन में रिटायर्ड कर्मचारियों (वरिष्ठ नागरिक) के बीच आयुर्वेद औषधियों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए आयुर्वेद से शतायु होने के प्रति जागरूक किया एवं च्वनप्राश वितरण करते हुए आँवला, अश्वगंधा, नीम, एलोवेरा, पत्थर चट्टा, सहजन आदि औषधीय पौधों की जानकारी एवं उपयोगिता बताई गई। साथ ही योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा योग को दैनिक जीवन मे अपनाने हेतु प्रेरित किया एवं अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ लाभ भी बताया। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र से आये वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### टोकनाइज़ेशन ऑनलाइन शॉपिंग के लिए सुरक्षित

**लखनऊ।** वर्कशॉप में मास्टरकार्ड ने कहा कि डिजिटल भुगतानों का उपयोग पूरे देश में बढ़ रहा है। यहाँ मास्टरकार्ड ने कार्ड.ऑन.फाईल ;टोकनाईज़ेशन अपनाने के फायदों पर भी रोशनी डालीए जिससे ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड आधारित भुगतान ज्यादा सुरक्षित व सुविधाजनक बनते हैं। ग्राहकों को साईबर एवं फाईनेंशल फ्रॉड के मामलों से बचाने के लिए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ;आरबीआईद्ध ने कार्ड विनिमयों के कार्ड.ऑन.फाईल ;सीओएफद्ध टोकनाईज़ेशन को अपनाना अनिवार्य बना दिया है। ये नए नियम 1 अक्टूबरए 2022 से लागू हुए और सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित भुगतान का अनुभव प्रदान कर रहे हैं। अनुभव गुप्ताएवरिष्ठ उपाध्यक्ष और कस्टमर सॉल्यूशंस लीडए दक्षिण एशियाएमास्टरकार्ड ने आज लखनऊ में प्रेस वार्ता में बताया कि मास्टरकार्ड अकेले भारत में 110 मिलियन टोकन बना चुका है और यह बड़ी तेजी से अपनाया जा रहा है।

# धार्मिक मंच पर अश्लील डांस और वीडियो वायरल!

**संवाददाता।** सांडा सीतापुर

- धार्मिक मंच पर बार बालाओं का हो रहा फूहड़ डांस
- थाना सकरन के महाराज नगर में हो रही रामलीला
- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**अश्लील डांस** का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में रामलीला मंच पर बार बालाओं का अश्लील डांस कराया जा रहा है। यहां धर्म के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पूरा मामला बिसवा के सकरन थाना इलाके के गांव महराजनगर का है। यहां चल रही रामलीला रासलीला में तब्दील होते उस समय दिखाई दी जब यहां परं बार-बालाएं फिल्मी और अश्लील गानों पर डांस करती दिखाई दी और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल गया। महराजनगर में प्राचीन ऐतिहासिक दशहरा मेला काफी वर्षों से होता आ रहा है। इस रामलीला कमेटी मेला के अध्यक्ष मनोज बाजपेयी है जिनपर आपराधिक मामले व गुण्डा एक्ट सहित जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। फिलहाल रामलीला के धार्मिक मंच पर अश्लीलता के डांस का वीडियो ट्विटर पर वायरल होने से पुलिस हरकत में आई जिसे तुरंत बंद करवा दिया गया था।

# संघ स्थापना काल से राष्ट्रहित में कर रहा काम: प्रशांत

**संवाददाता।** सीतापुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ ने विजय दशमी व शस्त्र पूजन उत्सव को स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में आयोजित हुए में सह विभाग संघचालक राजेंद्र कटियार, नगर संघचालक विनय अग्रवाल व मुख्य वक्ता अवध प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ल ने भगवान श्रीराम, संघ संस्थापक डाक्टर हेडगेवार व द्वितीय सर संघचालक गुरु गोलवरकर के चित्र पर पुष्पार्चन, शस्त्र पूजन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह प्रशांत शुक्ल ने कहा संघ की स्थाना जिस दौरान हुई उस समय देश पर अंग्रेजों का शासन था। भारत पराधीन था ऐसे में एक हिंदू संगठन खड़ा करना सहज नहीं था। उस समय अनुशीलन समिति से जुड़कर अनेक क्रांतिकारी देश की आजादी के लिए संघर्ष कर रहे थे। 1905 में बंगभंग आंदोलन हुआ सभी एकजुट हुए वंदेमातरम का जयघोष निकला। सभी की एकजुटता देख अंग्रेज अफसर परेशान हो उठे। देश बंटने से बच गया अंग्रेजों को राजधानी बदलनी पड़ी। हालांकि इसकी बड़ी कीमत राष्ट्रभक्त देशवासियों को भी चुकानी पड़ी। अंग्रेजों ने अनुशीलन समिति के सभी क्रांतिकारियों को चुन चुनकर मारना शुरू कर दिया। स्थिति यह हो गई कि फांसी देन कठिन हो गया लिहाजा क्रांतिकारी पकड़े जाते और उनको सीधे गोली मारी जा रही थी। स्वातंत्रवीर सावरकर ने लंदन में रहकर अभिनव भारत संगठन बनाया। इस संगठन का भी काम देश को आजाद करना था। कईवर्षों तक अंग्रेज अफसर जान ही नहीं पाए कि इस नाम का एक संगठन लंदन से ही संचालित हो रहा है। इसबीच मदन लाल धींगरा ने एक अंग्रेज अफसर को मार दिया। नासिक में भी तीन अंग्रेज अफसरों की हत्या हुई। इन चारों अफसरों की हत्या में जो बुलेट प्रयोग हुई थी वह लंदन की एक फैक्ट्री थी। धरपकड़ हुई तब बात सामने आई और वीर सावरकर गिरफ्तार हो गए तथा अभिनव भारत पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कार्यक्रम में एकल गीत, अमृत वचन व प्रार्थना हुई। इस मौके पर जिला संघचालक उमाकांत, सह जिला संघचालक राकेश, जिला कार्यवाह आशीष, सह जिला कार्यवाह करुणाशंकर, जिला प्रचारक उपेंद्र, नगर प्रचारक कमलेश, सचिन, पवन, राजेश, अमित, कमलापति, उदित, सुजीत, दीपक आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सर्वजनिन दुर्गोत्सव में पांच दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

**सीतापुर।** श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव में पांच दिवसीय कार्यक्रम विजय दशमी की पूजा के साथ सपन्न हुआ। तत्पश्चात श्रदालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। बंगाल में दुर्गा मां की मूर्ति विसर्जन के पहले खेला जाने वाला सिंदूर उत्सव पूरे देश में मशहूर है। विसर्जन के पहले सभी सुहागन औरतें लाल वस्त्र धारण कारण कर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी। मूर्ति विसर्जन के पूर्व माँ के उपर से चावल फेंककर विदाई दी। इसी के बाद मां की मूर्ति को विसर्जन के लिए धूमधाम से नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर स्थित घाट पर ले जाया गया। जहां प्रतिमाओं का विसर्जित कर माँ को विदाई दी गयी। इस दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, एस के दत्ता, पंकज मुखर्जी, आदि उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए किया सम्मानित श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आँख अस्पताल के महासचिव रंजीत कुमार दास के दुर्गोत्सव के पांच दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन के लिए भारत परिषद के सभी पधादिकारियो में जिला अध्यक्ष आकाश राय, महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला सयुक्त सचिव अजीत सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, जिला मंत्री अम्ब्रीश दीक्षित जिला अध्यक्ष महिला शशिकला मिश्रा कार्यालय प्रभारी प्रदीप राय ने सामूहिक रूप से राम मंदिर का चित्र भेट करके सम्मानित किया ।

# एमसीएच विंग ओयल में ब्लड बैंक और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगे वर्मा ने किया उद्घाटन

**केंद्रीय गृह** राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, और सदर विधायक योगेश वर्मा ने एमसीएच विंग ओयल में ब्लड बैंक और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. ए सी श्रीवास्तव व सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सीएमएस एमसीएच विंग डॉ. एसी श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लड बैंक के लखीमपुर जिला चिकित्सालय के पुराने भवन में होने के चलते लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी ना होने के चलते मरीजों को यहां पर सस्ती दवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही थीं, परंतु इन दोनों के एमसीएच विंग में शुरू हो जाने से जिलेभर के मरीजों को खासकर ब्लड के मामले में गंभीर मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान लैब टेक्नीशियन महंत सिंह अमृत सिंह अरविंद सिंह संजय दीपक पुरी हेमंत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गठित टीमों ने चलाया प्रवर्तन अभियान, दर्ज किए छह अभियोग

- अभियान में बड़ी मात्रा में शराब और लहन किया बरामद

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में आगामी दीपावली त्योहार में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें विशेष प्रवर्तन अभियान चला रही है।

डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि त्योहारों पर अवैध शराब का धंधा रोकने के लिए प्रवर्तन टीमों का गठन किया गया है। डीएम-एसपी के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभाग ने जनपद में दबिश देकर जनपद में कुल 06 अभियोगो को पंजीकृत किया। 84 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 1.5 अवैध नेपाली देशी शराब और 200 किग्रा लहन बरामद की।गुरुवार को रिमझिम बारिश के बीच जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ ग्राम खजुरिया थाना संपूर्णानगर में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध घर से कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में बरामद की एवं इसके साथ आस पास संदिग्ध स्थानों पर तलाशी लेने पर 1.5 लीटर नेपाली शराब पलपल ब्रांड (5 पौवे 300 एम एल) के बरामद किए। मौके पर अवैध शराब बेचने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ ग्राम राधनपुरवा, पकरिया, रामदिनपुरवा, मालपुर, पड़रिया तुला, कौवा खेड़ा, मलुकापुर थाना भीरा में दबिश दी। दबिश में खेतों से कच्ची शराब बरामद की। मौके पर कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम मझिया थाना मैगलगंज में दबिश दी।

### कन्हैया इंटर कॉलेज में हुआ वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन

**बेहजम खीरी।** मैगलगंज वन रेंज दक्षिण के अंतर्गत गुरुवार को कन्हैया इंटर कॉलेज बेहजम में वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने ब? च? कर भाग लिया। उसके उपरांत एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया क्षेत्रीय वन अधिकारी कृष्ण कुमार ने स्कूली बच्चों को वन्य प्राणी संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।हम सभी को अपने पास पड़ोस में रह रहे पशु पक्षी और वन्यजीव की सुरक्षा उनके जीवन को संरक्षण प्रदान करने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर वन दरोगा रवि कांत वर्मा, धनीराम वर्मा वनरक्षक मोहम्मद अफजाल हुसैन ,मिठाई लाल सहित स्कूल के प्रबंधक अनिल वर्मा व अध्यापक गणों ने भी अपने अपने विचार रखें चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए ।

# भाजपा के संभावित प्रत्याशी का जनसंपर्क कार्यालय का शुभारंभ

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**शिवम कॉम्प्लेक्स,** गोला में भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क कार्यालय का शुभारंभ पलिया विधायक रोमी साहनी व अमन गिरि ने फीता काटकर किया।जनसंपर्क कार्यालय कार्यक्रम में स्वर्गीय अरविंद गिरि जी द्वारा अपनाई गयी परंपराओं के अनुसार किया गया। एक ही नारा भाईचारा, भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष के साथ ही जनसंपर्क कार्यालय में उपस्थित जनसमूह को अपने संक्षिप्त संबोधन में पलिया विधायक रोमी साहनी ने रुंधे गले से अरविंद गिरि को याद करते हुए उनके पुत्र अमन गिरि के लिए सभी क्षेत्रवासियों से भारी संख्या में जनसमर्थन व आने वाली उपचुनाव की मतदान तिथि को भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अत्यंत भावुक अपील की।रोमी साहनी ने कहा कि स्वर्गीय अरविंद गिरि उनके साथी विधायक के साथ साथ ब? भाई भी थे उनके साथ काम करने का जो उन्हें गौरव मिला है वह अविस्मरणीय है। रोमी साहनी ने आगे कहा कि विधायक अरविंद गिरि को सच्ची श्रद्धांजलि के रुप में उनके पुत्र अमन गिरि को गोला से विधायक बनाएं। विधायक अरविंद गिरि को क्षेत्र की स्नेहिल जनता ने भारी मतों से जिताकर पूरे पांच वर्षों के लिए विधानसभा भेजा था। बचे शेष चार वर्ष उनके और क्षेत्रवासियों के है इसलिए उनके पुत्र अमन गिरि को इस उपचुनाव में पुन: और भी रिकार्ड मतों से जिताकर विधानसभा भेजे ताकि विकासपुरुष अरविंद गिरि के प्रस्तावित कार्यो को और भी तीव्र गति मिल सके।उक्त शुभारंभ के अवसर पर अमन गिरि ने कहा कि सभी क्षेत्रवासी पूर्व की ही भांति निर्भय होकर उनको अपने अनुभवी मार्गदर्शन प्रदान कर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढे। अमन गिरि ने कहा कि आज जब वह क्षेत्र में जाते है तो जो असीम प्रेम, स्नेह, व आर्शीवाद उन्हें मिल रहा है वह यह दर्शाता है कि उनके पिताजी स्वर्गीय अरविंद गिरि को क्षेत्रवासी कितना प्रेम करते है। अमन गिरि ने कहा की उनके पिताजी की जीवन भर की पूंजी गोला विधानसभा के क्षेत्रवासियों का विश्वास है जिसमे किसी भी तरह का कोई भेदभाव नही है। अमन गिरि ने कहा इसी विश्वास के साथ उनको भी गोला विधानसभा के क्षेत्रवासियों के हर वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय, सभी का आशीर्वाद मिल रहा है जिसकी प्रेरणा की शक्ति से वह अपने क्षेत्रवासियों की अपने पिताजी स्वर्गीय अरविंद गिरि निरंतर निर्वाध रूप से सेवा करते रहेंगे।

# सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी लगाएगी निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**तिकुनियां-खीरी।** 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के द्वारा 07 अक्टूबर को तिकुनियां के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगाद्य इस शिविर के अंतर्गत सीतापुर आँख अस्पताल के सौजन्य से आम नागरिकों के लिए एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं द्य यह शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगाद्य इस शिविर का लाभ लेने हेतु मरीज अपना आधार कार्ड साथ लेकर जाएँ तथा ऑपरेशन वाले मरीज उसी दिन अपने सामान सहित तैयारी से आयें एवं अपने साथ एक परिचित या रिश्तेदार को भी लायें, क्योंकि उनको सीतापुर आँख अस्पताल के वाहन से उसी दिन सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया जाएगा तथा आपरेशन उपरान्त दूसरे दिन सीतापुर आँख अस्पताल के वाहन से ही वापस तिकुनियां पहुचाया जाएगा।

# खेलकूद से मिलती है सतत संघर्ष की प्रेरणा: डीपी सिंह

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



विजेता टीम ट्रॉफी के साथ



उद्घाटन करते डीआईओएस

"**खेल कूद से** न केवल शरीर स्वस्थ्य होता है वरन स्वास्थ्य मस्तिषक का भी विकास होता है। खिलाड़ी विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बनाने की नैतिक शक्ति का विकास करके सफलताएं प्राप्त करता है।" यह उद्गार जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोलते हुए एसडीएम डीपी सिंह ने व्यक्त किए। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे द्वारा किया गया। उन्होंनें ही कॉलेज में नव निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण भी किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में आईआर इंटर कॉलेज की टीम के खिलाड़ियों ने सभी वर्गों में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई और फाइनल्स में पहुंची गौसगंज की टीम को पराजित करके जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता के चैंपियन का खिताब एक बार पुन: अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कॉलेज के छात्र छात्राओं ने समय समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न जनपदीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कुश्ती के क्षेत्र में कॉलेज के युवा छात्रों ने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपने दमदार प्रदर्शन से इस कॉलेज के नाम को रोशन किया है। उन्होंनें कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत की चिंता किए बिना प्रतिभाग किया जाना है सच्ची खेल भावना है। इसी अवसर पर बोलते हुए शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री एवं कॉलेज के शिक्षक आशीष कुमार सिंह ने कहा कि इस कॉलेज के छात्र छात्राओं ने शिक्षा के साथ साथ खेल कूद के क्षेत्र में जनपद, मण्डल और प्रदेश में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है और छात्रों का यह सतत प्रदर्शन लगातार जारी है। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंधन बेगम इशरत रसूल ने शानदार प्रदर्शन पर विजयी प्रतिभागियों को आर्शीवचन प्रदान किए। एसडीएम डीपी सिंह ने नव निर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर जिला क्रीणा सचिव अवधेश कुमार त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, खेल प्रशिक्षक रामदयाल, रमाकांत शुक्ला, प्रवक्ता मणीन्द्र गुप्ता, चन्द्रेश शर्मा, मो0 निहाल, हाजी मो0 रमजान, राजकुमार वर्मा, मेजर इम्तियाज अली, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम आदि मौजूद रहे।

# केरल में सड़क हादसे में पांच छात्रों समेत नौ लोगों की मौत

भाषा। पालक्काड/तिरुवनंतपुरम



**केरल के** पालक्काड जिले के वडक्कांचेरि में एक निजी पर्यटक बस और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस के बीच टक्कर होने से पांच छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। केरल के सड़क परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही एक निजी बस एक गाड़ी को ओवरटेक करने के प्रयास में केएसआरटीसी की बस से टकरा गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हादसे में पांच छात्रों और एक शिक्षक समेत नौ लोगों की मौत हो गई। परिवहन निगम की बस के चालक ने संवाददाताओं से कहा कि वह लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चला रहे थे, तभी अचानक एक निजी बस ने पीछे से टक्कर मार दी और वह मुश्किल से वाहन को नियंत्रित कर सके और उसे गहरे गड्ढे में गिरने से बचा पाए। मंत्री ने बताया कि प्राथमिक जांच में संकेत मिले हैं कि हादसा चालक के बस को तेज गति से चलाने और उसकी लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने बताया कि पता चला है कि बस 97 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक रफ्तार से दौड़ रही थी। मंत्री ने बताया कि केएसआरटीसी की बस केरल के कोट्टारक्करा से तमिलनाडु के कोयंबटूर जा रही थी और उसमें 81 यात्री सवार थे, जिनमें से तीन की हादसे में मौत हो गई।वहीं, निजी बस में एर्नाकुलम के बेसिलियोस विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 42 छात्र और पांच शिक्षक सवार थे जो तमिलनाडु के ऊटी घूमने जा रहे थे। इस बीच, केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पालक्काड में हुए सड़क हादसे पर पुलिस और मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने लेजर लाइट और प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल होने के बावजूद बस को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर भी सवाल उठाए और मामले को सोमवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन और न्यायमूर्ति पी जी अजित कुमार की एक खंडपीठ ने मीडिया की खबरों के आधार पर हादसे पर स्वत: संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया।

# विकसित भारत के लक्ष्य में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं युवा आईएएस अधिकारी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के युवा अधिकारियों से कहा कि उन्हें अमृत काल में देश की सेवा करने का मौका मिला है और वे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक यहां स्थित सुषमा स्वराज भवन में 2020 बैच के आईएएस अधिकारियों के लिए आयोजित असिसटेंट सेक्रेटरी प्रोग्राम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारी अमृत काल में पंच प्राण के संकल्प को पूरा करने में भी मदद कर सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार 76वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए अगले 25 साल की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण करार दिया था और इस अमृत काल में विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य पालन के पंच प्राण का आह्वान किया। पीएमओ के मुताबिक मोदी ने अधिकारियों से कहा, आप लोगों को अमृत काल में देश सेवा और पंच प्राण के संकल्पों को हकीकत में बदलने में मदद करने का मौका मिल है। अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना सुनिश्चित करने में अधिकारियों की प्रमुख भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लीक से हटकर सोचने और उनके प्रयासों में समग्र दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला ओर इस कड़ी में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना समग्र दृष्टिकोण के महत्व को दर्शाता है। अधिकारियों को संबोधित करते हुए मोदी ने नवोन्मेष के महत्व पर चर्चा की और बताया कि कैसे यह देश के सामूहिक प्रयास और कार्य करने की संस्कृति का हिस्सा बना है। उन्होंने स्टार्ट-अप इंडिया योजना का भी उल्लेख किया और बताया कि कैसे पिछले कुछ सालों में इनकी संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह कई मंत्रालयों के एक साथ आने और संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के माध्यम से एक टीम के रूप में काम करने के कारण संभव हुआ है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों को यह भी बताया कि कैसे उनके कार्यकाल में शासन की सोच का दायरा देश के हर क्षेत्र में बढ़ा है जबकि पहले यह दिल्ली केंद्रित हुआ करती थी।

उन्होंने उदाहरण दिया कि अब महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत दिल्ली से बाहर की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जिन क्षेत्रों में काम करते हैं वहां की स्थानीय संस्कृति को समझें और जमीनी स्तर पर स्थानीय लोगों से संपर्क को मजबूत करें।

## रिश्वत मामले में पंजाब के सहायक महानिरीक्षक को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने 2016 के दौरान एक करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के मामले में बृहस्पतिवार को एक सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) को गिरफ्तार किया और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर पैसे का लेन-देन तब हुआ जब एआईजी आशीष कपूर 2016 में अमृतसर केंद्रीय कारागार के अधीक्षक थे। कपूर वर्तमान में पठानकोट में चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात हैं। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार और सहायक उप निरीक्षक हरजिंदर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो कथित रिश्वत के लेन-देन के समय जीरकपुर थाने में तैनात थे। प्रवक्ता ने कहा कि 2016 में अमृतसर केंद्रीय जेल प्रमुख के रूप में तैनाती के दौरान कपूर का कुरुक्षेत्र निवासी पूनम राजन नामक कैदी से परिचय हुआ था, जो तीन रिश्तेदारों - मां प्रेम लता, भाई कुलदीप सिंह और भाभी प्रीती- के साथ न्यायिक हिरासत में थी।

## सीबीआई के ऑपरेशन चक्र के तहत 26 साइबर अपराधी गिरफ्तार

भाषा । नई दिल्ली

**देश में चल** रहे साइबर अपराध गिरोहों को खत्म करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन चक्र के तहत अब तक 26 कथित साइबर अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान राज्य पुलिस, इंटरपोल और अन्य देशों की एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू किया गया है। सीबीआई ने कहा कि कर्नाटक पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है, दिल्ली पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, पंजाब पुलिस ने दो और अंडमान व निकोबार पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य पुलिस के साथ समन्वय में इंटरपोल, एफबीआई, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना पर देश भर में 115 स्थानों पर अभियान के तहत तलाशी ली। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इंटरनेट का उपयोग कर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल साइबर अपराधियों के खिलाफ 11 मामले दर्ज किए। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने 87 स्थानों पर छापेमारी की जबकि राज्य पुलिस ने 28 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, अभियान का उद्देश्य भारत में इन अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोहों के बुनियादी ढांचे को खत्म करना और इन अपराधियों को न्याय के दायरे में लाना है। अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध के खिलाफ भारत की लड़ाई ने इस प्रकार एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।

## कांग्रेस नेता शिवकुमार की सात अक्टूबर की पेशी से छूट की अर्जी ईडी ने ठुकराई

**मैसूर।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में सात अक्टूबर को दिल्ली में एजेंसी के सामने पेशी से छूट की उनकी अर्जी को ठुकरा दिया है। ईडी ने शिवकुमार को एक ताजा संदेश में शुक्रवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा है। ईडी के सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह द्वारा भेजे गए ई-मेल में कहा गया है, आपको एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि 23 सितंबर, 2022 के समन के अनुसार आप सात अक्टूबर, 2022 को अपना बयान दर्ज कराने के लिए मेरे कार्यालय में पेश हों। कांग्रेस की भारत यात्रा जोड़ो यात्रा कर्नाटक में प्रवेश कर चुकी है जिसमें शामिल होने के कारण शिवकुमार ने ईडी से 21 अक्टूबर तक पेशी से छूट का अनुरोध किया था। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने ईडी के सामने पेश होने के लिए समय मांगा था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में अचानक पानी आने से आठ डूबे

भाषा । जलपाईगुड़ी

**पश्चिम बंगाल** के जलपाईगुड़ी जिले में बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान मल नदी में अचानक बढ़े पानी के कारण तेज बहाव की चपेट में आकर आठ लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी और ममता बनर्जी ने जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को दो-दो लाख रुपए जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा भी की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हुई दुर्घटना से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं अपने प्रियजन को खोने वालों के साथ हैं। पीएमओ के अनुसार, जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया कि जलपाईगुड़ी जिले की मल नदी में दुर्गा विसर्जन के दौरान अचानक नदी में पानी बढ़ने से आठ लोगों की मौत हो गई। मैं प्रार्थना करती हूं कि इस मुश्किल घड़ी में परिवार को यह दुख सहने की ताकत मिले। बनर्जी ने ट्वीट किया, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 लोगों का मल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, पुलिस, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों तथा स्थानीय युवाओं ने करीब 70 लोगों को बचाया है। मैं उनकी निस्वार्थ सेवा की सराहना करती हूं। अब किसी के लापता होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ का खोज एवं बचाव अभियान जारी है। जलपाईगुड़ी के पुलिस अधीक्षक देवर्षि दत्ता ने बताया कि विजय दशमी के अवसर पर नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे अचानक बहाव बढ़ने से कुछ लोग बह गए। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में आठ वर्षीय लड़का, 13 वर्षीय लड़की और तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

### ● मोदी, ममता ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की, अनुग्रह राशि का ऐलान

## मालेगांव विस्फोट मामले में प्रज्ञा ठाकुर अदालत में पेश हुईं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में किए गए विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर बृहस्पतिवार को यहां निचली अदालत में पेश हुईं। मध्य प्रदेश के भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी के सामने पेश हुईं। अदालत में महाराष्ट्र एटीएस के एक अधिकारी ने अपनी गवाही दी। एटीएस ने ही ठाकुर को गिरफ्तार किया था। ठाकुर के वकील ने दिन की कार्यवाही के दौरान एटीएस अधिकारी के साथ जिरह की। दोपहर करीब 12 बजे ठाकुर अदालत पहुंचीं और आरोपियों के लिए निर्धारित लकड़ी की बेंच पर बैठीं। बाद में कमर में दर्द की शिकायत करने पर अदालत ने उन्हें कुर्सी पर बैठने की अनुमति दे दी। अदालत ने ठाकुर के आग्रह पर कार्यवाही भी हिंदी में संचालित की।



केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए अपनी बारी के इंतजार में लाइन में लगे भक्त

## मेघालय में एनपीपी सरकार का समर्थन जारी रखेंगे: शुलाई

भाषा। शिलांग

**मेघालय** सरकार में मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सनबोर शुलाई ने कहा है कि उनकी पार्टी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) नीत एमडीए सरकार का समर्थन करना जारी रखेगी। भाजपा नेता का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा के नेतृत्व वाली मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच उससे समर्थन वापसी के कयास लगाए जा रहे हैं। सनबोर शुलाई के बयान से करीब एक महीने पहले भाजपा की मेघालय इकाई के प्रभारी एम चुबा आओ ने कहा था कि पार्टी जल्द ही फैसला करेगी कि राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) नीत एमडीए सरकार को अपना समर्थन जारी रखना है या नहीं। शुलाई ने पीटीआई-भाषा से कहा, भाजपा, गठबंधन से समर्थन वापस नहीं लेगी और गठबंधन सरकार में अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा करेगी।

राज्य सरकार में मंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस समय सरकार से समर्थन वापस लेने से भाजपा समर्थकों के बीच गलत धारणा पैदा होगी। शुलाई के बयान का भाजपा की मेघालय इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने समर्थन किया है, जिन्होंने दावा किया कि एम चुबा आओ ने राज्य के अन्य नेताओं से परामर्श किए बिना टिप्पणी की थी। अर्नेस्ट मावरी ने कहा, एम चुबा आओ ने इस संबंध में राज्य के अन्य नेताओं से सलाह-मशविरा नहीं किया था। मैंने इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को सूचित कर दिया है। राज्य की 60 सदस्ईय विधानसभा में सत्तारूढ़ मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) के पास कुल 48 विधायक हैं, जिनमें एनपीपी के 23 विधायक भी शामिल हैं। विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के 12 विधायक हैं।

## कांग्रेस ने की कर्नाटक में एससी, एसटी के लिए आरक्षण बढ़ाने की मांग

**मांडया (कर्नाटक)।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के हितों का विरोधी होने का आरोप लगाया और कर्नाटक में इन वर्गों के लिए आरक्षण को बढ़ाने की अनुशंसा करने वाली रिपोर्ट को लागू करने की मांग की। पार्टी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि राज्य की भाजपा सरकार, नागमोहन दास आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की बजाय इस पर आयोग का गठन कर इसे केवल चुनावी हथकंडे के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा, पूर्व की कांग्रेस सरकार में हमने नागमोहन दास आयोग का गठन किया था क्योंकि एससी और एसटी वर्गों को पूरी तरह आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है।

## अमित शाह और जेपी नड्डा आज से असम दौरे पर

भाषा। गुवाहाटी

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ शुक्रवार से असम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि यहां दोनों नेता पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। दोनों नेता शुक्रवार की शाम को गुवाहाटी पहुंचेंगे। नड्डा कुछ बैठकों में भाग लेने के बाद शनिवार की शाम को वहां से रवाना होंगे, जबकि शाह कई आधिकारिक कार्यक्रमों के बाद रविवार की शाम को राज्य से रवाना होंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कालिता ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, नड्डा और शाह शुक्रवार को शाम करीब चार बजे यहां पहुंचेंगे। इसके बाद वे पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार को दोनों नेता मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में बशिष्ठ चरियाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। कालिता ने कहा, कार्यक्रम के बाद नेता खानपाड़ा में भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित करेंगे। हमें उम्मीद है कि इसमें 40 से 45 हजार बूथ कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख ने हालांकि उनके अन्य कार्यक्रमों का जिक्र नहीं किया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नड्डा शनिवार की शाम को असम से रवाना हो जाएंगे। एक सूत्र ने कहा कि शाह यहीं रहेंगे और शनिवार की शाम व रविवार की सुबह गुवाहाटी के असम प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में होने वाली कई आधिकारिक बैठकों में भाग लेंगे। असम पुलिस के एक अन्य सूत्र ने कहा कि रविवार को अपराह्न में वह राज्य के पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गोलाघाट जिले के दरगांव में पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज का दौरा करेंगे।

# मुंबई हवाई अड्डे से 100 करोड़ से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद

भाषा। मुंबई

**राजस्व खुफिया** निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई हवाई अड्डे से 100 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 16 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है और इस संबंध में एक यात्री तथा घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में डीआरआई की कार्वाई के तहत घाना की महिला को दिल्ली में एक होटल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि डीआरआई की मुंबई इकाई ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर जाल बिछाया था। उन्हें यह गुप्त सूचना मिली थी कि एक अफ्रीकी देश मालावी से कतर होते हुए मुंबई आ रहा एक यात्री देश में मादक पदार्थ की तस्करी की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया, इसके तहत डीआरआई के अधिकारियों की निगरानी और संदिग्ध की पल-पल की गतिविधि पर नजर रखने वाली टीम को हवाई अड्डा पर तैनात किया गया और संदिग्ध यात्री को रोक कर पूछताछ की गई। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध के सामान की तलाशी के दौरान डीआरआई अधिकारियों ने 16 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसे ट्रॉली बैगों में खंडों में छिपा कर रखा गया था। उन्होंने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने बताया कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया और स्थानीय अदालत ने उसे डीआरई अधिकारियों को रिमांड पर देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया, इसके बाद की गई कार्वाई में डीआरआई अधिकारियों ने घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया, जो तस्करी की गई इस प्रतिबंधित सामग्री को दिल्ली में लेने वाली थी।

### ● घाना की महिला सहित दो गिरफ्तार

## कोच्चि तट पर विदेशी जहाज से मादक पदार्थ बरामद, जब्त

**कोच्चि।** कोच्चि के तट पर एक विदेशी जहाज से करोड़ों रुपए कीमत का मादक पदार्थ बरामद होने के बाद उसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्वापक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और भारतीय नौसेना के संयुक्त अभियान में यह मादक पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक बताए जा रहे कुछ लोगों को जहाज पर हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, नौसेना, तटरक्षक और स्थानीय पुलिस ने जहाज जब्त किए जाने की पुष्टि की है, लेकिन किसी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

## यात्रा से जुड़ीं सोनिया, दिखी मां-बेटे के प्रेम की झलक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/बेंगलुरु

**दक्षिण** कर्नाटक के मांडया में बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भारत जोड़ो पदयात्रा के 29वें दिन बेटे राहुल गांधी, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ जुड़कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगाड़ों, तुरही और जोशीले नारों से उनका स्वागत किया। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मां और बेटे के स्नेह व प्रेम की झलक देखने को मिली।

एक बार जब राहुल गांधी मां सोनिया गांधी के जूते की लेस बांधते दिखे और दूसरी बार जब राहुल गांधी उनसे स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पैदल चलने से मना कर रहे थे। इससे जुड़ी कई तस्वीरों और वीडियो को कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर साझा भी किया। मांड्या में भारत जोड़ो यात्रा में सोनिया गांधी दो बार यात्रा से जुड़ीं। राहुल गांधी और अन्य भारत यात्रियों ने सुबह के समय पदयात्रा आरंभ की तो उनके साथ सोनिया गांधी भी पैदल चलीं। वह करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलीं और फिर कार से यात्रा में साथ रहीं। वह दो घंटे से अधिक समय तक यात्रा में शामिल रहीं। इस साल कोविड संक्रमण से उबरने के बाद यह पहला मौका है जब सोनिया गांधी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। राहुल गांधी ने पदयात्रा की मां के साथ अपनी तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, हम पहले भी तूफान से कश्ती निकाल कर लाए हैं, हम आज भी हर चुनौतियों की हदें तोड़ेंगे, मिलकर भारत जोड़ेंगे।



भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सोनिया गांधी के जूते का फीता बांधते राहुल।

## भीड़ ने बताया दिया असली शिवसेना कौन है : फडणवीस

भाषा। पुणे

**महाराष्ट्र के** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की दशहरा रैली में जुटी भारी भीड़ दिखाती है कि असली शिवसेना का नेता कौन है। उन्होंने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की बुधवार को हुई रैली के लिए अपमानजनक शब्द शिमगा का इस्तेमाल किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि नागपुर में धम्मचक्र परिवर्तन दिवस उत्सव में व्यस्त होने के कारण उन्होंने दोनों नेताओं के भाषण बाद में यू ट्यूब के जरिए सुने। फडणवीस ने कहा, मैं उद्धव ठाकरे के भाषण पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। शिमगा पर कोई प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। शिमगा का आयोजन महाराष्ट्र में होली के त्योहार से पहले किया जाता है और इस दिन लोग अलाव जलाते हैं एवं इनमें हिस्सा लेने वाले परंपरा के तौर पर एक दूसरे को हल्के-फुल्के अंदाज में अपशब्द कहते हैं। भाजपा नेता ने कहा, भाषण में कुछ भी नहीं था, सिवाए शिमगा। उन्होंने कहा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मैदान की क्षमता शिवाजी पार्क (जहां ठाकरे ने रैली की) से दोगुनी थी और वहां पर भारी भीड़ जुटी थी, बीकेसी मैदान में तिल रखने की जगह नहीं थी...शिवसैनिकों ने साबित कर दिया कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही वास्तविक शिवसेना है और मैं इसिलए उन्हें बधाई देना चाहता हूं। वहीं, जून महीने में शिवसेना नेतृत्व से बगावत कर और भाजपा के साथ सरकार बनाने वाले शिंदे की रैली पर विपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह रैली में भाजपा का आलेख पढ़ रहे थे। इस बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें नए लेखक की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप कितनी बार एक ही बात कहेंगे? आप अपने लेखक को थोड़ा क्रिएटिविटी डालने को बोलो या कोई नया लेखक रखो।

# भारत-न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय सहयोग पर सहमति जताई

- जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री अर्डर्न के साथ मुलाकात की
- विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष के समक्ष छात्र वीजा का मुद्दा उठाया

भाषा। ऑकलैंड



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से बृहस्पतिवार को मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक सहयोग बढ़ाने एवं लोगों के बीच आपसी सपंर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर ने अर्डर्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी दीं। यह विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। जयशंकर ने ट्वीट किया, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग गहरा करने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और लोगों के बीच आपसी संपर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अर्डर्न के साथ एक कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को हिस्सा लेंगे, जिसमें उस देश में अभूतपूर्व योगदान देने एवं उपलब्धियां हासिल करने वाले भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री से इस देश में अपनी पढ़ाई के वास्ते आने वाले भारतीय छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। जयशंकर ने महामारी के चलते प्रभावित हुए छात्रों के प्रति निष्पक्ष और अधिक सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का भी अनुरोध किया। विदेश मंत्री के रूप में न्यूजीलैंड की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने न्यूजीलैंड की अपनी समकक्ष नानाया महुता के साथ गर्मजोशी के साथ फलदाई चर्चा की। न्यूजीलैंड में पढ़ाई करने आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों में दूसरा स्थान भारतीय छात्रों का है, जो सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, विज्ञान, इंजीनियरिंग और वास्तुकला जैसे विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, मैंने संबंधित मंत्री के साथ उन छात्रों से जुड़ी चिंताओं को भी उठाया, जिन्हें कोविड की अवधि के दौरान न्यूजीलैंड छोड़ना पड़ा और जिनके पास अपने वीजा को नवीनीकृत कराने का अवसर नहीं था। महुता के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में जयशंकर ने कहा, मैं उनके (छात्रों) लिए एक निष्पक्ष और अधिक सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि उन छात्रों के लिए भी वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया गया, जो अपनी पढ़ाई के लिए न्यूजीलैंड आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंत्रियों ने दोनों देशों में कौशल की मांग के मुद्दे पर भी चर्चा की।

## भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ने उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस के साथ भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा जापान के ऊपर से बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित किए जाने की निंदा की है। भारत ने कहा कि इस तरह के प्रक्षेपण क्षेत्र और उससे परे भी शांति एवं सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को मध्यम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी, जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी। उत्तर कोरिया ने पांच साल में पहली बार ऐसा मिसाइल प्रक्षेपण किया है, जिसमें मिसाइल जापान के ऊपर से गुजरी हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) को लेकर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई बैठक में कहा, हमने बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की चिंताजनक खबरों पर गौर किया है।

# रूसी मिसाइल हमलों में कई इमारतें क्षतिग्रस्त तीन लोगों की मौत, बारह लोग घायल

**कीव।** रूस के मिसाइल हमलों में दक्षिण यूक्रेन स्थित जापोरिज्जिया प्रांत की कई अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हुए। एक स्थानीय अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हाल में रूस ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना करते हुए जापोरिज्जिया प्रांत के अपने देश में विलय की घोषणा की थी। इस प्रांत में यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि पहले हमला तड़के हुआ जबकि दूसरा कुछ देर बाद किया गया, जिससे 40 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने घोषणा की थी कि यूक्रेन की सेना ने रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों के तीन और गांवों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। जेलेंस्की की इस घोषणा के कुछ ही देर बाद रूसी मिसाइल हमले किए गए। जापोरिज्जिया प्रांत के गवर्नर ओलेक्जेंडर एस. ने कहा का बहुमंजिला इमारतों से तीन वर्षीय बच्ची समेत कई लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गवर्नर ने रूस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, आतंकवादी देश ने शांति से सो रहे लोगों को मारकर अपना क्रूर चेहरा दिखाया है। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरुआत में रूसी संसद के दोनों सदनों ने दोनेत्सक, लुहान्स्क, खेरसॉन तथा जापोरिज्जिया क्षेत्रों को रूस का हिस्सा बनाने से जुड़ी संधियों को मंजूरी दी थी। चारों प्रांतों में कथित जनमत संग्रह के बाद इस संधि पर मुहर लगा दी गई थी। इस जनमत संग्रह को यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने अवैध बताकर खारिज किया है।



# उत्तर कोरिया के युद्धक विमानों ने हमारी सीमा के निकट उड़ान भरी: दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया के 12 युद्धक विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी है, जिसके जवाब में उसे (दक्षिण कोरिया को) 30 सैन्य विमान तैनात करने पड़े। दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया के आठ लड़ाकू जेट और चार बमवर्षक विमानों ने उसकी सीमा के पास उड़ान भरी। सेना ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि उत्तर कोरियाई विमानों ने हवा से सतह पर गोलीबारी करने का अभ्यास किया। इसने कहा कि उत्तर कोरियाई विमानों के उड़ान भरने की प्रतिक्रिया में दक्षिण कोरिया के 30 युद्धक विमान तैनात किए गए। इससे पहले, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं जबकि दक्षिण कोरिया ने प्रतिक्रिया के तहत कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर अमेरिका और जापान के साथ नौसैनिक अभ्यास किया।

उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम मिसाइल का जापान के ऊपर से प्रक्षेपण करने के जवाब में अमेरिका ने कोरियाई प्रायद्वीप के पास एक विमानवाहक पोत को फिर से तैनात किया था। मिसाइल के ताजा प्रक्षेपण इस बात का संकेत देते हैं कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन कर अपने परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ हथियारों का परीक्षण जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि किम का लक्ष्य एक वैध परमाणु संपन्न देश के रूप में अमेरिका की मान्यता हासिल करना है और उस पर लगे प्रतिबंधों को हटवाना है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस प्रकार के कोई संकेत नहीं मिले हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि इन मिसाइल को उत्तर कोरिया के राजधानी क्षेत्र से 22 मिनट के अंतराल से कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच प्रक्षेपित किया गया। पहली मिसाइल ने 350 किमी (217 मील) की दूरी तय की और यह 80 किमी (50 मील) की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची, जबकि दूसरी मिसाइल ने 800 किलोमीटर (497 मील) की दूरी तय की और यह 60 किलोमीटर (37 मील) की अधिकतम ऊंचाई पर पहुंची। मिसाइल संबंधी यह जानकारी जापान द्वारा मुहैया कराई गई सूचना से मेल खाती है।

## म्यांमा की अदालत ने जापानी पत्रकार को दस साल कैद की सजा सुनाई

**बैंकॉक।** सैन्य शासित म्यांमा की एक अदालत ने जुलाई में देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार जापानी पत्रकार को दस साल की जेल की सजा सुनाई है। जापान के एक राजनयिक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जापानी दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख तेत्सुओ कितादा ने कहा कि तोरू कुबोता को बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन कानून का उल्लंघन करने के जुर्म में सात साल और उकसाने के अपराध में तीन साल की सजा सुनाई गई। इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन कानून में झूठी या उकसावे वाली सूचनाओं के प्रसार से जुड़ा अपराध शामिल है। वहीं, उकसावे से संबंधित कानून में वे सभी अपराध आते हैं, जो अशांति पैदा कर सकते हैं। देश के सबसे बड़े शहर यांगून में सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने 30 जुलाई 2022 को कुबोता को तख्तापलट के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों की तस्वीरें और वीडियो लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की हत्या

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के इंडियाना प्रांत में एक विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र की हत्या किए जाने और उसके साथ रहने वाले कोरियाई छात्र को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इंडियानापोलिस निवासी वरुण मनीष छेड़ा परड्यू यूनिवर्सिटी परिसर के पश्चिमी छोर पर स्थित मैक्चियॉन हॉल में मृत पाया गया। एनबीसी न्यूज ने परड्यू यूनिवर्सिटी की पुलिस प्रमुख लेस्ले वीटे के हवाले से कहा कि बुधवार को विश्वविद्यालय के एक छात्र को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वीटे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर सुरक्षा विषय की पढ़ाई कर रहे कोरियाई छात्र जी मिन जिमी शा ने मंगलवार देर रात 12.45 बजे 911 सेवा पर फोन कर पुलिस को वरुण की मौत के बारे में सूचित किया।

हालांकि, उन्होंने इस कॉल के बारे में अतिरिक्त विवरण नहीं दिया। प्राधिकारियों ने बताया कि घटना मैक्चियॉन हॉल की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में हुई। वरुण परड्यू यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस विषय की पढ़ाई कर रहा था। पोस्टमार्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, वरुण की मौत कई घातक चोटों के कारण हुई और उसकी हत्या किए जाने की आशंका है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, पुलिस प्रमुख वीटे ने कहा कि उनका मानना है कि हमला अकारण किया गया। वरुण के बचपन के दोस्त अरुणभ सिन्हा ने एनबीसी न्यूज से कहा कि वरुण मंगलवार रात अपने दोस्तों के साथ ऑनलाइन बातचीत कर रहा था और गेम खेल रहा था, तभी उन्हें कॉल पर अचानक चीख की आवाज सुनाई दी।

अरुणभ ने बताया कि वह उस रात दोस्तों के साथ नहीं खेल रहा था, लेकिन बाकी दोस्तों ने उसे बताया कि उन्होंने हमले की आवाज सुनी, लेकिन समझ नहीं पाए कि वहां हुआ क्या है और बुधवार सुबह जब वे उठे, तो उन्हें वरुण की मौत की खबर पता चली। वीटे ने कहा कि 911 सेवा पर कॉल आने के कुछ ही मिनटों बाद 22 वर्षीय शा को हिरासत में ले लिया गया और आगे की पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले जाया गया। वरुण की हत्या परड्यू यूनिवर्सिटी के परिसर में बीते आठ वर्षों से भी अधिक समय में हुई पहली हत्या है। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिच डैनियल्स ने कहा कि वरुण की मौत विश्वविद्यालय परिसर में घटित एक बेहद दुखद घटना है, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस भयानक घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

# नवंबर से आकाश एयर की उड़ानों से पालतू जानवरों को भी साथ ले जा सकेंगे यात्री

**नई दिल्ली।** करीब दो महीने पहले परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर नवंबर से यात्रियों को हवाई सफर के दौरान अपने साथ पालतू कुत्तों और बिल्लियों को ले जाने की इजाजत देगी। इसके साथ ही कंपनी नवंबर से कार्गो सेवाओं की शुरुआत भी करेगी। साथ ही आने वाले सप्ताह में परिचालन में नए मार्गों को जोड़ा जाएगा। आकाश एयर की 2023 की दूसरी छमाही में अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू करने की भी योजना है। कंपनी के बेड़े में 20 विमान होने के बाद इन सेवाओं की शुरुआत की जाएगी। विमानन कंपनी आकाश एयर का प्रदर्शन परिचालन शुरू होने के पहले 60 दिनों में संतोषजनक रहा है। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने यह जानकारी दी। एयरलाइन ने इस साल अगस्त में परिचालन शुरू किया था और उसकी अगले साल की दूसरी छमाही में अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने की भी योजना है। कंपनी के बेड़े में छह विमान है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक बेड़े का आकार बढ़ाकर कुल 18 विमान तक करने की तैयारी है। दुबे ने कहा कि कंपनी नए निवेशकों की तलाश में है। उन्होंने यहां कहा, हम अपने प्रदर्शन से बहुत खुश और संतुष्ट हैं।

एयरलाइन योजना के अनुसार चल रही है। कंपनी इस समय रोजाना 30 उड़ानें भर रही है एवं शुक्रवार (सात अक्टूबर) से दिल्ली से सेवाएं शुरू होंगी। आकाश एयर ने 72 बोइंग-737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा कंपनी जल्द ही यात्रियों को पालतू जानवर (कुत्ता, बिल्ली) अपने साथ ले जाने की इजाजत देगी। आकाश एयर के सह-संस्थापक, मुख्य विपणन और अनुभव अधिकारी बेलसन कॉटिन्हो ने कहा कि नवंबर से यात्रा के दौरान पालतू जानवरों को साथ ले जाने की इजाजत दी जाएगी। इस संबंध में बुकिंग 15 अक्टूबर से शुरू होगी। प्रत्एक पालतू जानवर को पिंजरे में रहना होगा। पिंजरे सहित वजन सीमा केबिन में सात किलोग्राम और चेक-इन में 32 किलोग्राम होगा। भारी पालतू जानवरों के लिए एक अन्य विकल्प होगा। दुबे ने कहा कि एयरलाइन अच्छी तरह से पूंजीकृत है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसके प्रमुख निवेशक राकेश झुनझुनवाला के निधन के बाद कंपनी की रणनीति में कोई बदलाव आया है, दुबे ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, रणनीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है... नैतिक, भावनात्मक समर्थन के मामले में, यह एक बहुत गहरी क्षति है। सरकार की आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के बारे में आकाश एयर के प्रमुख ने कहा कि यह सराहनीय बात है कि सरकार विमानन क्षेत्र के महत्व को पहचानती है। हम सिर्फ यह आशा करते हैं कि सरकार का समर्थन स्टार्टअप एयरलाइन को भी मिले। स्टार्टअप एयरलाइन उसी कठिन वातावरण में काम कर रही हैं।

# भूमि रिकॉर्ड: जल्द ही कई भाषाओं में आरओआर उपलब्ध कराएगी सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक पेशेवर रविंदर सिंह के लिए कर्नाटक में कृषि भूमि का छोटा सा भूखंड हासिल करना काफी मुश्किल कार्य है, क्योंकि जमीन के दस्तावेज मुख्य रूप से स्थानीय भाषा में थे। सिंह ने कहा, दस्तावेजों को समझने के लिए मुझे स्थानीय ब्रोकरों और वकीलों पर निर्भर रहना पड़ता था। वे अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध नहीं थे। सिंह की तरह देशभर में कई लोग भूमि अभिलेखों में भाषाई बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यही वजह है कि सरकार अब रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) का 22 भाषाओं में अनुवाद करना चाहती है। रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) या जमाबंदी एक प्रकार का भूमि रिकॉर्ड है, जो भूमि जोत के विवरण को दर्शाता है। भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव सोनमोनी बोरा नें बताया, भूमि रिकॉर्ड के सबसे बड़े मुद्दों में से एक भाषा है। भारत में कई भाषाएं हैं। हम आरओआर का अनुवाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

यह विभाग केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि आठ राज्यों – महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक पायलट प्रोजेक्ट पहले ही आयोजित किया जा चुका है। बोरा ने कहा, एक सॉफ्टवेयर तैयार है। हम जल्द ही इसे किसी भी समय शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 भाषाओं में आरओआर का अनुवाद एक बार में नहीं किया जाएगा। शुरुआत में राज्यों को आरओआर का तीन अनिवार्य भाषाओं यानी अंग्रेजी, हिंदी और राज्य भाषा तथा तीन वैकल्पिक भाषाओं में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। वैकल्पिक भाषाओं का चयन राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार कर सकती हैं। उन्होंने कहा, यह पहल भूमि रिकॉर्ड के क्षेत्र में भाषाई बाधा को तोड़ देगी। बहुभाषी आरओआर की महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है और इसे एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

## श्रीलंका ने चीन के साथ ऋण पुनर्गठन पर बातचीत शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने चीन के साथ ऋण पुनर्गठन पर चर्चा शुरू की है। द्वीप देश इस समय बेहद मुश्किल आर्थिक स्थिति का सामना कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पाने के लिए चीन के साथ ऋण पुनर्गठन बेहद महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने संसद को बताया कि शुरुआती बातचीत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस की बैठक के बाद जारी रहेगी। यह बैठक 16 अक्टूबर को शुरू हो रही है। हाल में जापान की यात्रा से लौटे विक्रमसिंघे ने यह भी कहा कि जापानी अधिकारी चीन के साथ वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए सहमत हैं। विक्रमसिंघे ने कहा, चीन प्राचीन काल से हमारी मदद करता रहा है और हमें भरोसा है कि वे इस कठिन समय में भी ऐसा ही करेंगे। श्रीलंका लगभग दिवालिया हो चुका है और उसने अपने 51 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी ऋण को चुकाना बंद कर दिया है।

## सितंबर में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधि छह महीने के निचले स्तर पर पहुंची: पीएमआई

**नई दिल्ली।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधि सितंबर में छह महीने के निचले स्तर पर आ गई। इस दौरान मुद्रास्फीति के दबाव के बीच नए व्यापार में सबसे धीमी दर से बढ़ोतरी हुई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त में 57.2 से घटकर सितंबर में 54.3 पर आ गया। यह मार्च के बाद सबसे धीमी दर से विस्तार को दर्शाता है। हालांकि, लगातार 14वें महीने सेवा क्षेत्र की गतिविधि में विस्तार देखा गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का मतलब विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने कहा, भारतीय सेवा क्षेत्र ने हाल के महीनों में कई बाधाओं को पार किया है। ताजा पीएमआई आंकड़े सितंबर में वृद्धि की गति के कुछ धीमा पड़ने के बावजूद मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

# ब्रांड इंडिया बनाने के लिए गुणवत्ता पर देना होगा खास जोर: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए ब्रांड इंडिया का निर्माण जरूरी है जिसमें उद्योग जगत अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कर मदद कर सकता है। गोयल ने भारतीय गुणवत्ता परिषद की तरफ से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्ता मानक अनुपालन सुनिश्चित करने वाले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक परिषद (एफएसएसएआई) और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जैसे संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बैठाने की भी जरूरत है।



उन्होंने कहा, मैं मंत्रालय के अलावा क्यूसीआई से भी इन संगठनों के बीच सम्मिलन स्थापित करने का अनुरोध करूंगा। इससे हमारा बनाया हुआ निवेश परिवेश लगातार मजबूत हो सकता है और भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने का मिशन पूरा करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गुणवत्ता बेहतर होने से ब्रांड इंडिया को परिभाषित किया जा सकेगा। गोयल ने इसके पहले भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट के पेशे में अधिक महिलाओं को आने की जरूरत है। उन्होंने आईसीएआई से भारत की चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्मों को विश्वस्तरीय कंपनियां बनाने के लिए प्रयास करने को भी कहा।

# बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 157 अंक मजबूत, निफ्टी 17,300 के पार

भाषा। मुंबई

**विदेशी निवेशकों** की लिवाली के बीच धातु, सूचना प्रौद्योगिकी और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लाभ दर्ज हुआ और सेंसेक्स 157 अंक बढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 17,300 अंक के पार निकल गया। लगातार दूसरी कारोबारी सत्र में तेजी के साथ तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 156.63 अंक यानी 0.27 प्रतिशत चढ़कर 58,222.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 513.29 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 57.50 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,331.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी और बजाज फाइनेंस के शेयर नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख और तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू बाजार मजबूत रहे। उन्होंने कहा, घरेलू और विदेशी दोनों निवेशकों की लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। धातु, आईटी और रियल्टी जैसे क्षेत्रों में सुधार के साथ कंपनियों के चालू वित्त वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद के बीच बाजार में तेजी आई।

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, दुनियाभर में मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी ने बाजारों को हिला दिया है। निवेशक वैश्विक मंदी की चिंता के बीच दबाव में हैं। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 1.30 प्रतिशत और मिडकैप 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को मामूली गिरावट में बंद हुए थे। दशहरा के मौके पर बुधवार को स्थानीय बाजारों में अवकाश था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.14 प्रतिशत चढ़कर 93.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,344.63 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## क्विक न्यूज

### विश्व बैंक ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत किया

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बिगड़ते अंतरराष्ट्रीय हालात का हवाला देते हुए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया। ताजा अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2022-23 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो जून, 2022 के अनुमान से एक प्रतिशत कम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक से पहले जारी रिपोर्ट में बैंक ने कहा कि भारत में दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में पुनरुद्धार मजबूत है। बीते वित्त वर्ष के दौरान भारत की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही थी। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री हैंस टिमर ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था ने दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में मजबूत वृद्धि दर्ज कर अच्छा प्रदर्शन किया है... कोविड के पहले चरण में तेज संकुचन से जोरदार वापसी की है। उन्होंने कहा कि भारत के ऊपर कोई बड़ा विदेशी कर्ज नहीं है। इस तरफ से उसे कोई समस्या नहीं है, और उसकी मौद्रिक नीति विवेकपूर्ण रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने विशेष रूप से सेवा क्षेत्र और विशेष रूप से सेवा निर्यात में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, इसके बावजूद हमने चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमान को घटाया है, क्योंकि भारत और सभी अन्य देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय वातावरण बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैलेंडर वर्ष की दूसरी छमाही कई देशों के लिए कमजोर है और भारत में भी अपेक्षाकृत कमजोर रहेगी।

### डब्ल्यूटीओ ने 2023 के लिए वैश्विक व्यापार पूर्वानुमान में कटौती की

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्वानुमान के मुताबिक वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विश्व व्यापार में होने वाली वृद्धि 2023 में घटकर एक प्रतिशत तक रह सकती है। डब्ल्यूटीओ ने इस साल वैश्विक व्यापार में 3.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि इससे पहले अप्रैल में उसने समान अवधि के लिए तीन प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया था। बहुपक्षीय निकाय ने एक बयान में कहा कि विश्व व्यापार की गति 2022 की दूसरी छमाही में धीमी पड़ने और 2023 में सुस्त रहने का अनुमान है। बयान के मुताबिक, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2022 में वैश्विक वस्तु व्यापार में 3.5 प्रतिशत वृद्धि होगी। यह अप्रैल में तीन प्रतिशत के पूर्वानुमान से थोड़ा बेहतर है। हालांकि, उन्हें 2023 में एक प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है, जो 3.4 प्रतिशत के पिछले अनुमान के मुकाबले काफी कम है। ए पूर्वानुमान भारत के लिए अच्छे नहीं हैं, क्योंकि देश ने अपने निर्यात को बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि विभिन्न कारणों से प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी होने के कारण आयात मांग में नरमी का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध से ऊर्जा कीमतों में तेजी के कारण यूरोप में विनिर्माण लागत बढ़ेगी और घरेलू खर्च में कमी आएगी। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिका में सख्त मौद्रिक नीति से आवास, मोटर वाहन और ब्याज दर को लेकर संवेदनशील अन्य क्षेत्रों में खर्च प्रभावित होगा। चीन कमजोर बाहरी मांग के साथ ही कोविड-19 के प्रकोप से जूझ रहा है। ईंधन, खाद्य वस्तुओं और उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी का बुरा असर विकासशील देशों में देखने को मिल रहा है।

### ईपीएफ ग्राहकों को ब्याज का कोई नुकसान नहीं: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा है कि ईपीएफ ग्राहकों को ब्याज दर का कोई नुकसान नहीं हुआ है और सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के कारण पिछले वित्त वर्ष के लिए ब्याज जमा करने में देरी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि निपटान चाहने वाले सभी निवर्तमान अंशधारकों और अपनी जमा राशि निकालने वालों को ब्याज सहित भुगतान किया जा रहा है। मंत्रालय ने बुधवार देर रात ट्वीट किया, किसी भी ग्राहक को ब्याज का कोई नुकसान नहीं हुआ है। सभी ईपीएफ ग्राहकों के खातों में ब्याज जमा किया जा रहा है। हालांकि, ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) द्वारा लागू किए जा रहे एक सॉफ्टवेयर अपग्रेड के चलते स्टेटमेंट में यह दिखाई नहीं दे रहा है। वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर आईटी उद्योग के दिग्गज टी वी मोहनदास पई के एक ट्वीट के जवाब में यह बात कही। पई ने कर्मचारी भविष्य निधि जमा में ब्याज पर सवाल उठाया था। मंत्रालय ने कहा, निपटान की मांग करने वाले सभी निवर्तमान सदस्यों और निकासी की मांग करने वाले अंशधारकों को भुगतान ब्याज सहित किया जा रहा है। इससे पहले जून में सरकार ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पांच करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए ईपीएफ जमा पर 8.1 प्रतिशत ब्याज को मंजूरी दी थी।

### ग्वाटेमाला में सड़क हादसे में 17 लोगों की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी।** ग्वाटेमाला में एक पिकअप ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 17 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। टिक्सिट के एक वॉटर पार्क में मंगलवार को हुई गोलीबारी में छह लोग मारे गए। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में 30 लोग सवार थे। यह ग्रामीण इलाका ग्वाटेमाला सिटी के पूर्व में स्थित है। इस इलाके के लोग अक्सर पिकअप ट्रक से एक स्थान से दूसरे स्थान जाते हैं। जोकोटन के मेयर ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की। मेयर जुआन रामोन दियाज ने बताया कि ट्रक खराब हो गया था और चालक उसे ठीक करने के लिए नीचे उतरा, लेकिन वह शायद आपातकालीन ब्रेक लगाना भूल गया था इसलिए ट्रक पीछे की ओर खिसक कर एक छोटी घाटी में गिर गया। चालक (20) को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि ग्वाटेमाला के टिक्सिट में एक वॉटर पार्क में मंगलवार को हुई गोलीबारी में चार पुरुष और दो महिलाओं की मौत हो गई।

### नेपाल में बस दुर्घटना में 16 लोगों की मौत, 35 अन्य घायल

**काठमांडू।** नेपाल के मधेश प्रांत में बृहस्पतिवार को हुई बस दुर्घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 अन्य लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, नारायणगढ़ से बीरगंज जा रही यह बस बारा जिले में सड़क से फिसलकर नदी में जा गिरी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, बस की गति तेज होने के कारण यह दुर्घटना हुई। द राइजिंग नेपाल अखबार की खबर के अनुसार, घायलों को हितौदा, चुरे हिल और सांचो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पूर्व-पश्चिम राजमार्ग पर दो अक्टूबर को हुए बस में दो लोग मारे गए थे जबकि 36 अन्य घायल हुए थे।

### यूनान में दो नौकाएं डूबीं, कम से कम 15 लोगों की मौत

**एथेंस।** यूनान में प्रवासियों को ले जा रही दो नौकाओं के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग लापता हैं। तटरक्षक ने बताया कि करीब 40 लोगों को ले जा रही एक डिंगी (छोटी नौका) के डूब जाने के बाद पूर्वी द्वीप लेस्बोस के पास से 15 शव बरामद किए गए हैं। पांच लोगों को बचाया गया है और तीन अन्य लोगों के पास ही एक चट्टान पर होने की सूचना मिली है। वहीं पश्चिम में किथिरा द्वीप के पास 100 प्रवासियों को ले जा रही एक नौका बुधवार देर रात चट्टानों से टकराकर डूब गई। अभी तक 30 लोगों को बचाया गया है और खोज एवं बचाव अभियान अब भी जारी है।

### टीटीपी के बढ़ते खतरों के बीच पाक अत्यधिक सतर्कता बरतें

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा आतंकवादी हमलों के बढ़ते खतरे के बीच पाकिस्तान सरकार ने अधिकारियों को अत्यधिक सतर्कता बरतने को कहा है। आतंकवादी संगठन टीटीपी के साथ शांति वार्ता ठप होने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। संघीय सरकार ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि टीटीपी के सदस्यों ने शांति वार्ता को लेकर जारी गतिरोध पर चर्चा करने और टीटीपी के कमांडर उमर खालिद खोरासानी तथा आफताब पार्के के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के साथ बातचीत की दिशा तय करने के लिए अफगानिस्तान के पक्तिका में हाल ही में मुलाकात की थी। चार प्रांतों के अधिकारियों को जारी किए गए पत्र में उनसे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाने और सतर्कता बरतने का आग्रह किया गया है।

# राम की पैड़ी पर पहुंचे साढ़े 7 लाख दीये

## दीपोत्सव को अभूतपूर्व बनाने को संकल्पित योगी सरकार

## 2017 में अयोध्या में शुरू किया गया था दीपोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या







**दीपोत्सव** की तैयारी काफी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव पर अयोध्या के घाटों को जगमगाने के लिए साढ़े 7 लाख दीये राम की पैड़ी पर पहुंचा दिए गए हैं। स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीपों को यहां एक स्थान पर सुरक्षित रखा गया है। 20 दिन से भी कम समय होने के कारण तैयारी अंतिम चरण की तरफ अग्रसर है। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राम की पैड़ीए सरयू तट सहित कई घाटों पर दीप जलाए जाएंगे। दीप लगाने का कार्य कुछ दिन पहले ही प्रारंभ होगा। स्थानीय कुम्हारों ने दीया तैयार कर लिया हैए जिसे राम की पैड़ी पर एक जगह सुरक्षित रख लिया गया। इन दीयों को लगाने और जलाने के लिए 18ए000 वालंटियरों को भी तैयार किया जा रहा है।

**अधिक समय तक जलेगा दीप:** दीपोत्सव पर अद्भुत नजारा होगा। इस बार दीप बेहद खास स्वरूप में तैयार किए गए हैं। यह कापी देर तक जलते रहेंगे। दीपोत्सव को लेकर निर्धारित किये गए टेंडर के मुताबिक पहले दीयों में 30 एमएल तेल डाला जाता थाए लेकिन इस बार दीयों के साइज को बड़ा किया गया है। 40 एमएल तेल डाले जाने की वजह से यह अधिक समय तक जलेगा। दीयों को लाने व लगाने में कोई परेशानी न होए इसलिए इस बार पहले ही इसे स्टोर किया जा रहा है। बता दें कि 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव की शुरुआत की थी। उस वर्ष 51 हजार दीप जले थे। 2019 में 4 लाख से अधिक मिट्टी के दीयों से दीपोत्सव रोशन हुआ। 2020 में 6 लाख से ज्यादा दीयों को सरयू तट पर प्रज्ज्वलित किया गया था। 2021 में विश्व रिकॉर्ड कायम करने के लिए दीपोत्सव में योगी सरकार की ओर से संख्या काफी बढ़ाई गई। इस बार 18 लाख 50 हजार दीया जलाने का लक्ष्य है।

**अब गांवों में ही मिल रहा रोजगार:** मिट्टी का दीया बनाकर दीपोत्सव में अपनी श्रद्धा निवेदित करने वालीं लालबाग की मनीषा ने बताया कि सरकार आस्था के जरिए हमें रोजगार भी देती हैए जिससे जीवन यापन करते हैं। जबसे योगी सरकार बनी हैए महिला सशक्तिकरणए सुरक्षा व स्वावलंबन की धारणा साकार हुई है। कुम्हार आशा देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए भी काम कर रही है। पहले गांवों में कोई रोजगार नहीं था पर अब यहीं हम लोगों को रोजगार मिल रहे हैं। दो जून की रोटी का इंतजाम हो रहा है और अपना काम ईश्वर के लिए भी कर रहे हैं। जयत्री देवी ने कहा कि हम लोग मिट्टी का बर्तन बनाते हैं। हमारे दीपों को योगी सरकार ने दीपोत्सव के लिए मंगवाया है। दीपों की मांग भी इस बार बढ़ गई है। नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि ठेकेदार को सख?त निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन पहले ही सारे सामान की आपूर्ति यूनिवर्सिटी के दीपोत?सव कार्यालय में कर दी जाए।

## बुजुर्ग तांत्रिक की समाधि की योजना कर दी विफल

**गोरखपुर** । कुशीनगर जिले पुलिस ने एक एक बुजुर्ग तांत्रिक की तंत्र विद्या और प्रसिद्धि के लिए गड्ढा खोदकर समाधि लेने की योजना को विफल कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया गांव में बुजुर्ग तांत्रिक लल्लन उर्फ साधु यादव मंगलवार रात को स्थानीय लोगों के भजन-कीर्तन के बीच समाधि लेने जा रहे थे लेकिन पुलिस के वहां पहुंचते ही मौके पर मौजूद लोग भाग खड़े हुए।पुलिस के मुताबिक यादव ने खुद गड्ढा खोदा था और घोषणा की थी कि वह समाधि ले रहा है और जैसे ही स्थानीय लोगों ने भजन-कीर्तन शुरू किया, वह अंदर कूद गया और उसे मिट्टी से ढकने लगा। पुलिस ने कहा कि जैसे ही भजन-कीर्तन में शामिल लोगों ने नारेबाजी शुरू की, किसी ने पुलिस को सूचित किया, जो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंची। तांत्रिक ने पुलिस को बताया है कि वह किसी तांत्रिक विद्या के लिए समाधि ले रहा था। तांत्रिक ने कहा कि उनकी पत्नी और दो बच्चों की पहले ही मौत हो चुकी है और वह अपनी बेटी पूनम और दो पौत्रों के साथ रह रहे हैं। तुर्कपट्टी थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने कहा कि उसने यह भी कहा कि उसके इस काम के बारे में परिवार में किसी को पता नहीं था। सिंह ने बताया कि ऐसा लगता है कि उन्होंने प्रसिद्धि पाने के लिए समाधि लेने की घोषणा की थी क्योंकि तंत्र-मंत्र के लिए बहुत से लोग उनके पास जाते हैं। उनके अनुसार पुलिस भजन-कीर्तन में शामिल लोगों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## पुलिस लाइन परिसर में शराब पीकर झगड़ा करने पर दो सिपाही निलंबित

**मथुरा।** पुलिस लाइन परिसर में शराब पीकर आपस में झगड़ा करने के मामले में दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही संजीव कुमार भदौरिया और राजेश कुमार यादव के बीच तीन अक्टूबर को झगड़ा एवं मारपीट हुई थी और उस समय दोनों शराब के नशे में धुत थे।

## पैदल मार्च निकालने का प्रयास करते हुए यति नरसिंहानंद हिरासत में

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन ने ृहस्पतिवार को महंत यति नरसिंहानंद महाराज को डासना देवी मंदिर परिसर के भीतर हिरासत में ले लिया। दीपक त्यागी (20) नामक एक युवक का शव पिछले सप्ताह बरामद किया गया था जिसके बाद यति ने घोषणा की थी कि इसके विरोध में बृहस्पतिवार को पैदल मार्च निकाला जाएगा। पुलिस के अनुसार इस युवक का कटा हुआ सिर बरामद होने के बाद फहमीदु नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जिसने अपनी बेटी के साथ अवैध संबंधों के संदेह में त्यागी का कथित तौर पर सिर काट दिया था। पुलिस ने उसके साथी आसिफ को भी गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने कहा कि यति के पैदल मार्च निकालने की योजना के बारे में पता चलने के बाद से ही गाजियाबाद प्रशासन सतर्क था। उन्होंने बताया कि वह बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह और पुलिस बल के साथ मंदिर पहुंचे और यति को हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उन्होंने विरोध मार्च निकालने की अनुमति नहीं ली थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मार्च को रोकने के लिए मंदिर के बाहर पर्याप्त बल तैनात किया गया है। मंदिर के अंदर मौजूद संतों ने प्रशासन की ओर से की गई कार्वाई का विरोध किया है।यति ने कहा कि मुसलमानों द्वारा त्यागी की हत्या कोई सामान्य घटना नहीं है तथा इस मुद्दे पर चुप रहना हिंदुओं के लिए हानिकारक होगा।

**कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत:** इटावा जिले के चकरनगर क्षेत्र में कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि चकरनगर थाना क्षेत्र में चकरनगर-सहसों मार्ग पर भोआ गांव के निकट बुधवार शाम एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

## राष्ट्रवादी विचारों की अभिव्यक्ति की आवश्यकता पर बल

### अधिवक्ता परिषद की मऊ में हुई बैठक, नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा



**प्रयागराज।** अधिवक्ता परिषद काशी प्रांत की प्रांत परिषद बैठक सूर्या मैरिज हॉल मऊ में बृहस्पतिवार को आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया। इस मौके पर गोरक्ष प्रांत के प्रचारक सुभाष ने सभी से देश सेवा में आहुति देने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों की अभिव्यक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। अखिल अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश राय ने अधिवक्ता परिषद के गठन की भूमिका पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं का अंतिम व्यक्ति को न्याय मिलने तक अथक परिश्रम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र हरि बोरिकर ने देश के वर्तमान परिदृश्य में अधिवक्ता परिषद की प्रासंगिकता एवं उसके महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं को विधि के क्षेत्र में अनछुए विषयों पर गहन अध्ययन एवं राष्ट्र के हित में उपयोगी विधियों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय संरक्षक लाल बहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मर्यादा एवं कार्य क्षेत्र के विस्तार के बारे में बताया। क्षेत्रीय मंत्री चरण सिंह त्यागी ने अधिवक्ता परिषद की काशी प्रान्त की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें गौरी शंकर पांडेय संरक्षक राजेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह महामंत्री घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त चार उपाध्यक्ष चार मंत्री एवं सलाहकार परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा भी मंच से की गई। जिसका करतल ध्वनि से कार्यकर्ताओं ने समर्थन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम में जनपद मऊ इकाई के अध्यक्ष महामंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाव पलटने से बाढ़ राहत बांट रहे पांच लोग नदी में डूबे, लेखपाल लापता

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले में भिनगा तहसील के अशरफ नगर गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रही नाव के बृहस्पतिवार को पलट जाने से पांच लोग डूब गए। उनमें चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है जबकि एक व्यक्ति अभी लापता है। प्रशासन ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बृहस्पतिवार शाम पीटीआई-भाषा से बताया कि अशरफनगर इलाके में हरिहरपुर रानी ब्लाक के लेखपाल चंद्र भूषण तिवारी तथा एक रोजगार सेवक सहित पांच लोग नाव पर सवार होकर बाढ़ प्रभावितों के बीच राहत सामग्री बांट रहे थे। प्रकाश के अनुसार इस दौरान पानी के बहाव से उनकी नाव पलट गई और पांचों सवार डूबने लगे। उनके मुताबिक चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है किन्तु लेखपाल चंद्र भूषण तिवारी लापता बताए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लेखपाल की तलाश में बचाव अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि दो दिन से लगातार हो रही बारिश एवं पहाड़ों से आए पानी के चलते राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ गया है और जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

## 2024 में फिर प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा सरकार-शर्मा

**लालगंज** रायबरेली। गरीबो को मिलने वाले राशन में भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों को किसी की कीमत पर बख्स नही जायेगा। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे 2024 में फ्रि से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के काबीना मंत्री सतीस शर्मा ने कस्बे के मेंन रोड स्थित होटल महावीर इन के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किये। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार दर्जनो ऐसी योजनायें चला रही है जिसमें सीधें गरीबो को लाभ मिल रहा है। सरकार सभी की मूलभूत आवश्यकता बिजली पानी, सड़क व स्वास्थ्य पर विशेष फोकस कर रही है। सरकारी राशन में हो रहे घोटालो के सवाल पर मंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर संबधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## मैनपुरी में बीएससी की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या

### आरोपी गिरफ्तार, अंबेडकर नगर में दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

### कन्नौज में नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रा से रेप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार जहां महिला अपराध की घटनाओं को लेकर काफी संवेदनशील है और उनकी रोकथाम के लिए सख्त कदम उठा रही है वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में इस तरह की तीन घटनाएं प्रकाश में आई हैं।मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र में बीएससी की छात्रा (19 वर्ष) की दुर्ष्कम के बाद हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी छात्रा के शव को फंदे से लटकाकर फरार हो गया। हालांकि घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मैनपुरी पुलिस ने ट्वीट करके घटना की जानकारी दी। घटनाक्रम के अनुसार बीते बुधवार को भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शीशम में आरोपी ने घर में घुसकर बीएससी की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। जब छात्रा की छोटी बहन स्कूल से घर लौटी तो वारदात की जानकारी हुई। उसने देखा कि उसकी बहन का शव फंदे से लटक रहा है। इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी मऊ कमलेश दीक्षित के मुताबिक छात्रा के पिता ने रेप और हत्या के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों ने छापेमारी करके आरोपी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं कन्नौज जिले में सदर कोतवाली के क्षेत्र के गांव में रहने वाली बीएससी की छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि नाहर घाटी मियां गंज निवासी आरिफ उर्फ तनवीर ने अमित नाम बताकर उससे छह माह पहले दोस्ती की थी। इसके बाद वह फोन पर बात करने लगा। तीन माह पहले रेलवे में नौकरी लगवाने का लालच देकर होटल में बुला लिया। यहां दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक इस दौरान आरोपी ने छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। इस मामले में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।वहीं अंबेडकरनगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने घर में फ ांसी लगाकर बुधवार सुबह जान दे दी। इस घटना के बाद थानाध्यक्ष मालीपुर चंद्रभान यादव को लाइन हाजिर और विवेचक सब इंस्पेक्टर प्रमोद खरवार को निलंबित कर दिया गया है। शासन से परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का भी अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है।

## बस की टक्कर से स्कूटी पर पलटी कार, तीन लोगों की जान गई

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के बेहट क्षेत्र में बस की टक्कर के कारण अनियंत्रित हुई एक कार के स्कूटी पर पलट जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सूरज राय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग पर विकास नगर से सहारनपुर की ओर आ रही एक बस ने कबाडी बाजार के निकट सामने से आ रही एक कार को टक्कर मार दी जिससे वह अनियंत्रित होकर पीछे आ रही एक स्कूटी पर पलट गई। राय ने बताया कि इस हादसे में स्कूटी सवार जरनैल सिह (50) और शशिभूषण (40) तथा कार सवार सुलभ (35) और अंकुर (34) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जरनैल सिंह, शशि भूषण और सुलभ को मृत घोषित कर दिया। अंकुर की हालत नाजुक बनी हुई है। राय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बलरामपुर जिले के सोहेलवा वन क्षेत्र में तेंदुआ का शव पहाड़ी नाले में मिला

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में सोहेलवा वन क्षेत्र के बनकटवा रेंज में बृहस्पतिवार को एक तेंदुआ पहाड़ी नाले में मृत पड़ा मिला है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि दोपहर में बनकटवा रेंज में करमैती -उपतहवा मार्ग के पास ग्रामीणों ने गोरिया नाले में एक मृत तेंदुए को देखा जिसके बाद उन्होंने मिलकर उसे बाहर निकाला और इसकी सूचना वन विभाग को दी। उनके अनुसार ऐसी आशंका है कि तेंदुए का शव नाले में बह कर आया होगा। सूत्रों के मुताबिक सूचना मिलते ही डीएफओ सहित वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। बनकटवा रेंज अधिकारी इंदभान सोनकर ने आंशका जताई है कि तेंदुआ शिकार करने के लिए सम्भवता पहाड़ी नाले में कूदा होगा लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण डूबकर उसकी मौत हो गई होगी और नाले में बहकर आ गया होगा। जिला वन अधिकारी डीएफओ डॉ एम सेम मारन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए गए हैं तथा इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मिल पाएगा तेंदुए की मृत कैसे हुई।

## पीलीभीत में 14 वर्षीया किशोरी के साथ बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत।** पीलीभीत में सेहरामऊउत्तरी थानाक्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी के साथ कथित बलात्कार की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना थानाध्यक्ष कमलेश मिश्र के अनुसार बुधवार को एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई हुई थी, तभी अजय नामक एक व्यक्ति मौके पर जा पहुंचा और उसने गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मिश्र के अनुसार अजय ने पीड़िता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घर पहुंचकर किशोरी ने परिजनों को जब आप बीती सुनाई तो उन्होंने थाने जाकर शिकायत की। मिश्र के अनुसार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ज्योति यादव ने कहा कि शिकायत मिलते ही मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा मुकदमा पंजीकृत कर अजय नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। यादव के अनुसार पुलिस ने गंभीर धाराओं में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

## बाराबंकी में पंडाल के खंभों में करंट से दो लोगों की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के असंद्रा क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडाल में लोहे के खंभों में करंट आने की वजह से दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार दोपहर बाद असंद्रा थाना क्षेत्र के बसैगापुर गांव में दुर्गा पूजा के लिए लगे पंडाल में भंडारे के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। उन्होंने बताया कि तभी पंडाल में लगे लोहे के एक खंभे को छूने पर सोमनाथ (35) और रोहित (17) करंट की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इस दौरान कई लोगों को करंट के झटके लगे जिससे पंडाल में अफरा-तफरी मच गई। बारिश होने के कारण पंडाल गीला हो गया था। उन्होंने बताया कि आनन-फानन में बिजली का तार काटा गया। सूचना पाने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। खाद रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीण राम कैलाश ने बताया कि पंडाल में बिजली के लिए जो तार लगाया गया था, वह कहीं से कटा था। इससे करंट लोहे के खंभों में उतर आया। उप जिलाधकारी राम आसरे वर्मा ने बताया कि पंडाल में लगे खंभे में करंट आ जाने से मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रशासन द्वारा निर्धारित राहत राशि प्रदान की जाएगी।

## दुर्गा पूजा पंडाल में मरने वालो की संख्या सात हुई

**भदोही।** भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल आग लगने की घटना में बृहस्पतिवार को एक अन्य घायल ने अस्पताल में दम तोड़ने के कारण मरने वालों की संख्या सात हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि सूरत (65) नामक एक अन्य घायल ने शाम को वाराणसी के सर सुंदरलाल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनके अनुसार इस तरह रविवार की रात औराई क्षेत्र के पूजा पंडाल में लगी आग की घटना में मरने वालों की संख्या अब सात हो गई हैं। इससे पहले इस हादसे में अंकुश सोनी (12), जया देवी (45), नवीन (10), आरती देवी (48), हर्षवर्धन (8) और शिवपूजन (70) की मौत हो चुकी हैं। राठी ने कहा कि इस घटना में झुलसे कुल 91 लोगों का भदोही, वाराणसी और प्रयागराज के सात अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से दस की हालत गंभीर है।जिलाधिकारी के मुताबिक रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे औराई थाने से 100 मीटर दूर नरथुआ गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में एक हैलोजन लाइट के अधिक गर्म होने के बाद बिजली के तार में आग लग गई थी जो पूरे पंडाल में फैल गई।

## रामायण मानचित्र की तैयारी


**वाराणसी।** उन्नत डिजिटल मैप्स और डीप.टेक कंपनी मैपमायइंडिया लोगों को भारत की विरासत से बेहतर तरीके से जोड़ने में मदद करने के लिए भौतिक मुद्रित मानचित्र कला कार्यों की एक श्रृंखला रामायण मैप्स जारी कर रही है। यह भौतिक मुद्रित नक्शा कला कैनवास पर काम करती है। कंपनी के सह.संस्थापक, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राकेश वर्मा कहते हैं कि यह पहल मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरे लिए रामायण का नक्शा बनाने के लिए मैपमाईइंडिया मैपल प्लेटफॉर्म और अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाना मेरे लिए एक जैसा है। आत्म.साक्षात्कार की स्थिति, जहाँ मेरे जीवन का कार्य मेरे आध्यात्मिक अस्तित्व से मिलता है।

## दुनिया में बढ़ रहा है रामत्व का प्रभावः स्वामी राम

### प्रभु श्रीराम के लौकिक जीवन पर वैश्विक शोध से बढ़ीं मान्यताएं

### कहा-उम्र नहीं व्यक्ति की क्रियाशीलता बनाती है व्यक्ति को युवा

**प्रयागराज।** तुलसीपीठाधीश्वर अलौकिक संत जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने दिव्यांगोंत्थान श्री राम सेवा ट्रस्ट मेजा रोड में आयोजित कथा में युवाओं के श्रीराम विषयक श्रीराम कथा मंच से कहा कि पूरी दुनिया में रामत्व का प्रभाव बढ़ रहा है। पूरा विश्व सनातन संस्कृति और संस्कार को गम्भीरता से ले रहा है। इसकी वजह सनातन सोच की क्रियाशीलता रही है। जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य महाराज ने मेजारोड के डीजीएस गेष्ट हाउस में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के कथा मंच से आज पुराणों का संदर्भ लेते हुए युवाओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा क्रियाशीलता ही युवा अवस्था का बोध कराती है। वृद्ध व्यक्ति यदि चलायमान है तो वह भी युवा ही कहा जायेगा। उन्होंने पौराणिक साक्ष्यों के जरिए यह सिद्ध किया कि यदि किशोर क्रियाशील है तो वह भी युवा है। इसे उम्र की सीमा में नही बांधा जा सकता है।जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक युवाओं की अहम भूमिका रही है।पौराणिक मान्यताएं प्रभु श्रीराम के युवा काल को महज 39 वर्ष बताया है जिसमे उन्होंने सक्रियता व सोच से कई सफ्लताएं अर्जित कर पीढ़ियों को एक संदेश दिया है। प्रभु श्रीराम का पूरे जीवन वृत्त के वैष्विक शोध में रामत्व का प्रभाव बढा है। किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य एवं किन्नर अखाड़ा उप्र की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने प्रणाम करते हुए कहा कि जगद्गुरु सनातन धर्म के प्रतीक है। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा और भगवान श्रीराम को लोगों तक कथा के माध्यम से पहुंचा रहे है। यह प्रशंसनीय और सनातन धर्म के लिए बहुत बडी उपलब्धी है। कथा मंच पर यजमान रहे रजनीश पांडेय ने पत्नी के साथ जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को तिलक लगाकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया। कथा आयोजक दिव्यांगोंत्थान श्रीराम सेवा ट्रस्ट मण्डल के अभिषेक तिवारी विनय कुमार पांडेय काका व तनय पांडेय ने तुलसी माला पहना कर तुलसीपीठाधीश्वर का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डॉ मनोज पांडेय उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष किन्नर अखाड़ा स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना माँ मानस प्रचार सेवा संस्थान के सचिव विजया नंद उपाध्याय उप्र महिला बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष डा रंजना बाजपेयीप्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ल दिलावर सिंह हेमंत शर्मा शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी अखिल उद्योग व्यापार मंडल के अखिलेश मिश्र राजू पांडेय आचार्य मण्डल कमला शंकर विशाल पांडेय सहित कथा प्रेमियों की भीड़ जमा रही।



# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को नौ रन से हराया

भाषा। लखनऊ

**भारतीय** टीम संजू सैमसन (नाबाद 86 रन) और श्रेयस अय्यर (50 रन) के अर्धशतकों से जीत के करीब पहुंचने के बावजूद गुरूवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित पहले एक दिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से नौ रन से हार गई। डेविड मिलर (नाबाद 75) और हेनरिच क्लासेन (नाबाद 74) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने 40 ओवर में चार विकेट पर 249 रन का स्कोर खड़ा किया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही, टीम ने आठ रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। पर सैमसन (63 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) और अय्यर (37 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक ने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने अय्यर के साथ पांचवें विकेट के लिए 67 रन और शार्दुल ठाकुर (33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया था। पर टीम 40 ओवर में आठ विकेट पर 240 रन ही बना सकी।

भारतीय टीम ने अंतिम पांच ओवर में तीन विकेट गंवाकर 63 रन बनाए। अंतिम ओवर में सैमसन ने तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम को पहला झटका तीसरे ओवर में शुभमन गिल (03) के रूप में लगा जिन्हें रबाडा ने क्लीन बोल्ड किया। रबाडा की आफ स्टंप गेंद शुभमन के अंदरूनी बल्ले का किनारा लेकर लेग स्टंप उखाड़ गई। छठे ओवर में कप्तान शिखर धवन (04) वार्ने पार्नेल की गेंद को थर्डमैन की ओर खेलना चाहते थे लेकिन गेंद उनका बल्ला छूकर स्टंप उखाड़ गई। पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने कसी गेंदबाजी की और भारत को इन झटकों से नहीं उबरने दिया। उसके लिए लुंगी एनगिडी ने तीन और रबाडा ने दो विकेट हासिल किए। पार्नेल, तबरेज शम्सी और केशव महाराज को एक एक विकेट मिला। शम्सी ने अपने पहले ही ओवर में पदार्पण कर रहे रूतुराज गायकवाड़ (19 रन) को विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों स्टंप आउट कराया जिससे भारत ने 48 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया। अब अय्यर क्रीज पर थे। इस तरह टीम ने 18वें ओवर में 50 रन पूरे किए और इसी ओवर में टीम ने ईशान किशन (20 रन) का विकेट गंवा दिया जो स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर आसान कैच दे बैठे। सैमसन क्रीज पर उतरे लेकिन एक गेंद बाद ही अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया, पर रिव्यू भारत के हक में रहा। इससे स्टेडियम में बैठे दर्शकों ने राहत की सांस ली। 19वें ओवर में श्रेयस ने आगे निकलकर एक चौका लगाया और सैमसन ने भी अंतिम गेंद पर पारी का पहला छक्का लगाया।

डेविड मिलर (नाबाद 75 रन)

हेनरिच क्लासेन (नाबाद 74 रन)



संजू सैमसन (नाबाद 86 रन)



## स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका** : जानेमन मलान का अय्यर बो ठाकुर 22, क्विंटन डिकॉक पगबाधा बो रवि बिश्नोई 48, तेम्बा बावुमा बो ठाकुर 08, ऐडन मार्करम बो कुलदीप यादव 00, हेनरिच क्लासेन नाबाद 74, डेविड मिलर नाबाद 75

**अतिरिक्त** : 22

**कुल** : 40 ओवर में चार विकेट पर 249 रन

**विकेट पतन** : 1-49, 2-70, 3-71, 4-110

**गेंदबाजी** : मोहम्मद सिराज 8-0-49-0, आवेश खान 8-0-51-0, शार्दुल ठाकुर 8-1-35-2, रवि बिश्नोई 8-0-69-1, कुलदीप यादव 8-0-39-1

**भारत** : शिखर धवन बो पार्नेल 04, शुभमन गिल बो रबाडा 03, रूतुराज गायकवाड़ स्ट डिकॉक बो शम्सी 19, ईशान किशन का मलान बो महाराज 20, श्रेयस अय्यर का रबाडा बो एनगिडी 50, संजू सैमसन नाबाद 86, शार्दुल ठाकुर का महाराज बो एनगिडी 33, कुलदीप यादव का बावुमा बो एनगिडी 00, आवेश खान का बावुमा बो रबाडा 03, रवि बिश्नोई नाबाद 04

**अतिरिक्त** : 18

**कुल** : 40 ओवर में आठ विकेट पर 240 रन

**विकेट पतन** : 1-8, 2-8, 3-48, 4-51, 5-118, 6-211, 7-211, 8-215

**गेंदबाजी** : कागिसो रबाडा 8-2-36-2, वेन पार्नेल 8-1-38-1, केशव महाराज 8-1-23-1, लुंगी एनगिडी 8-0-52-3, तबरेज शम्सी 8-0-89-1

# अद्वैत पेज और साजन प्रकाश राष्ट्रीय खेलों में तीसरा स्वर्ण पदक जीता

भाषा। राजकोट

**मध्यप्रदेश** के अद्वैत पेज और केरल के साजन प्रकाश ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में तैराकी स्पर्धा में अपने अपने तीसरे स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

वहीं माना पटेल ने सरदार पटेल तैराकी परिसर में गुजरात के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। पश्चिम बंगाल के रिकर्व तीरंदाज अतनु दास ने फाइनल में सेना के गुरचरण दास को 6-4 से हराकर पुरूष व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। सेना पदक तालिका में 41 स्वर्ण, 28 रजत और 26 कांस्य से कुल 95 पदक से शीर्ष पर बरकरार है। हरियाणा ने तीरंदाजी में पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते जिसे 29 स्वर्ण से उसने अपना दूसरा स्थान मजबूत किया। महाराष्ट्र (24) कुल पदकों के मामले में 93 पदक से सेना के करीब है। अद्वैत पेज ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के अंत में गजब की तेजी दिखाई और शानदार तरीके से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने आर्यन नेहरा (गुजरात) और साजन प्रकाश को अंत के कुछ मीटर में पछाड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। बाद में साजन प्रकाश ने 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक से स्ट्रोक की तीन स्पर्धाओं में स्वीप किया।

वहीं 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल्स में ओलंपियन माना पटेल और श्रीहरि नटराज ने अपने दूसरे व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल किए। छत्तीसगढ़ की दूसरी वरीय आकर्षि कश्यप ने महाराष्ट्र की मालविका बंसोड़ को 21-8, 22-20 से मात देकर बैडमिंटन महिला एकल स्वर्ण पदक जीता। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत (तेलगांना) ने कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ को 21-11, 12-21, 21-16 से हराकर पुरूष एकल स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तेलंगाना ने बैडमिंटन में मिश्रित टीम और महिला युगल के खिताब भी जीते हैं। एन सिक्की रेड्डी और गायत्री गोपीचंद ने कर्नाटक की अश्विनी भट और शिखा गौतम को 21-14, 21-11 से हराया। पुरूष युगल में केरल के पी एस रविकृष्णा और शंकरप्रसाद उदयकुमार ने हरिहरन एमसाकरूणन और आर रूबन कुमार को 21-19, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में कर्नाटक के अश्विनी पोनप्पा और के साइ प्रतीक ने दिल्ली के रोहन कपूर और कनिका कंवल को 21-16, 21-13 से हराया। इससे तेलगांना ने स्पर्धा के तीन स्वर्ण प्राप्त किए। तेलगांना की महिला बास्केटबॉल ने तमिलनाडु को 67-62 से शिकस्त दी। सेना के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक अनुभवी गोताखोर सूरजीत राजबंसी ने दिलाया। उन्होंने और एच लंदन सिंह ने पुरूष। मीटर स्प्रिंगबोर्ड डाइविंग स्पर्धा में सेना के लिए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। मुक्केबाजी में विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता जमुना बोरो (असम) ने महिला 57 किग्रा वजन वर्ग में अपना अभियान निर्मल पर 5-0 से शुरू किया। वहीं महिला 66 किग्रा में पूर्व विश्व युवा चैम्पियन अंकुशिता बोरो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।



साजन प्रकाश

# इंडिया कैपिटल्स बना लीजेंड लीग चैंपियन

भाषा। जयपुर

**न्यूजीलैंड** के पूर्व कप्तान रॉस टेलर की शानदार पारी से इंडिया कैपिटल्स ने शुरुआती झटकों से उबरकर भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। गौतम गंभीर की अगुवाई वाली इंडिया कैपिटल्स का स्कोर एक समय चार विकेट पर 210 रन था लेकिन इसके बाद टेलर ने 41 गेंदों पर 82 रन की धुआंधार पारी खेली जबकि मिशेल जॉनसन ने 35 गेंदों पर 62 और एस्ले नर्स ने 19 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने सात विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

भीलवाड़ा की तरफ से राहुल शर्मा ने चार और मोंटी पनेसर ने दो विकेट लिए। टेलर और जॉनसन ने 126 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में भीलवाड़ा किंग्स की टीम 18.2 ओवर में 107 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से शेन वाटसन ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कैपिटल्स की तरफ से पंकज सिंह, प्रवीण तांबे और पवन सुयाल ने दो-दो विकेट लिए।




## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान पेन की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

**ब्रिसबेन (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने पिछले साल अप्रैल में टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की है। पेन ने 2017 में अपनी एक सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल से लंबा विश्राम ले लिया था। पेन को क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए तस्मानिया की अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। तस्मानिया ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसने पेन को मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शामिल किया है।

# विजय अभियान जारी रखने के लिए पाक के खिलाफ मजबूत टीम के साथ उतरेगा भारत

महिला टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट

भाषा। सिलहट

**पिछले** मैचों में नए खिलाड़ियों को मौका देने के बावजूद आसान जीत दर्ज करने वाला भारत महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विजय अभियान जारी रखने के लिए मजबूत टीम के साथ उतरेगा।

भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किए और अपनी दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को मौके दिए लेकिन खिताब का प्रबल दावेदार माने जा रहे पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम संभवत: अपने प्रमुख खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। पाकिस्तान को गुरुवार को थाईलैंड की कमजोर टीम के हाथों चार विकेट की हार झेलनी पड़ी। उसकी टीम को भारत के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले इस उलटफेर से उबरने का पर्याप्त मौका भी नहीं मिलेगा।

यह दोनों टीमें अभी तालिका में पहले दो स्थान पर बनी हुई हैं। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और वह तालिका में शीर्ष पर है। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद भारत ने शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को पिछले एक-एक मैच में विश्राम दिया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत शुरुआत के लिए इन दोनों का फिर से एक साथ उतरना तय माना जा रहा है। लंबे शॉट खेलने वाली शेफाली पर दबाव होगा क्योंकि उनका आत्मविश्वास डिगा हुआ लगता है। उन्होंने मलेशिया के खिलाफ क्रीज पर कुछ समय बिताया लेकिन वह किसी भी समय अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलते हुए नहीं दिखी। अब जबकि महिला टी20 विश्व कप में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब यह युवा बल्लेबाज अपने नैसर्गिक अंदाज में आक्रामक पारी खेलकर अपना खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंची हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स शानदार फॉर्म में है। श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी अर्धशतक बनाया। इस मैच में दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा था। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले तीनों मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ वे इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को मलेशिया और बांग्लादेश के खिलाफ खास मौका नहीं मिला क्योंकि उनके सामने छोटा लक्ष्य था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने इस मैच में पांच विकेट पर 116 रन बनाए और केवल सिदरा अमीन ही अर्धशतक जड़ पाई। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन थाईलैंड के खिलाफ उनके सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर हमेशा ही उत्सुकता बनी रहती है लेकिन इस साल इन दोनों टीमों के बीच जो दो मैच अभी तक खेले गए हैं उनमें भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। भारत ने जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में पाकिस्तान को आसानी से हराया था।




### टीम

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, सबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और केपी नवगिरे।

**पाकिस्तान:** बिस्माह मारूफ (कप्तान), ऐमान अनवर, आलिया रियाज, आयशा नसीम, डायना बेग, कायनात इम्तियाज, मुनीबा अली, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और तुबा हसन।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### आकर्षि और प्रणीत ने राष्ट्रीय खेलों में एकल बैडमिंटन खिताब जीते

**सूरत।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की बी साई प्रणीत और छत्तीसगढ़ की आकर्षि कश्यप ने राष्ट्रीय खेलो की बैडमिंटन स्पर्धा में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग के एकल खिताब जीत लिए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदकविजेता प्रणीत ने कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ को 21 - 11, 12-21, 21-16 से हराया। वहीं आकर्षि ने महाराष्ट्र की मालविका बंसोड़ को 21-8, 22-20 से मात दी। तेलंगाना ने बैडमिंटन मे मिश्रित टीम और महिला युगल के खिताब भी जीते है। एन सिक्की रेड्डी और गायत्री गोपीचंद ने कर्नाटक की अश्विनी भट और शिखा गौतम को 21-14, 21-11 से हराया। पुरूष युगल मे केरल के पी एस रविकृष्णा और शंकरप्रसाद उदयकुमार ने हरिहरन एमसाकरूणन और आर रूबन कुमार को 21-19, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल मे कर्नाटक के अश्विनी पोनप्पा और के साइ प्रतीक ने दिल्ली के रोहन कपूर और कनिक कंवल को 21-16, 21-13 से हराया।

### बादल को टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में बढ़त

**पंचकुला।** बांग्लादेश के बादल हुसैन ने टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर मे चंडीगढ के युवराज सिंह संधू पर एकस्ट्रोक की बढत बना ली है। बादल का कुल स्कोर 16 अंडर 200 रहा जबकि युवराज 15 अंडर 201 के साथ दूसरे स्थान पर है। कल रात शीर्ष पर चल रहे जमाल हुसैन श्रीलंका के एन थंगराजा के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए है। पांचवे स्थान पर चंडीगढ के अभिजीत सिंह चड्ढा और पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट मे शीर्ष पर काबिज अजितेष संधू , बेंगलुरू के खलिन जोशी और गुरूग्राम के मनु गंडास है।

### केसमानोविच जापान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**टोक्यो।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी मियोमीर केसमानोविच ने डेनियल इवांस को हराकर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना फ्रांसेस टियाफो से होगा। केसमानोविच ने प्री क्वार्टरफाइनल में इवांस को 6-3, 3-6, 7-6 से शिकस्त दी। वही अमेरिका के टियाफो ने बर्नाबे जापाटा मिरालेस को 6-1, 7-6 से पराजित किया। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस ने कामी माजचार्जाक पर 3-6, 6-2, 6-2 की जीत के दौरान 22 ऐस जमाए और इस साल नौवे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### स्वियातेक, क्वितोवा ऐजल ओपन के कवार्टर फाइनल में

**ओस्ट्रावा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और दो बार की विबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऐजल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन विजेता स्वियातेक तब अपनी प्रतिद्वंद्वी अजला टोमयानोविच से 7-5, 2-2 से आगे चल रही थी जब उनकी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी ने बाएं घुटने में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। क्वितोवा ने स्पेन की दूसरी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल मे उनका सामना विबलडन विजेता एलेना रयबकिना से होगा, जिन्होने अलियाक्संद्रा सासनोविच को 6-7 (5), 6-4, 7-5 से पराजित किया।

# एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला कोच चुने गए रीड और शॉपमैन

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड और यानेके शॉपमैन गुरूवार को अपने वर्गों में एफआईएच के साल के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए। लगातार दूसरी बार रीड ने यह पुरस्कार अपने नाम किया है जबकि भारतीय कोच शोर्ड मारिन ने पिछले सत्र का महिला टीम के लिए एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता था। आस्ट्रेलिया के रीड के मार्गदर्शन में भारत ने नई उंचाईयां छुई जिसमें 41 साल के अंतराल बाद 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना शामिल रहा। भारत ने इसके अलावा 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में एक रजत पदक जीता जबकि आस्ट्रेलिया में पिछले चरण में टीम पोडियम स्थान से चूक गई थी। भारत ने 2021-22 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पहला पूर्ण सत्र खेला और पोडियम स्थान हासिल किया। टीम नीदरलैंड और बेल्जियम के बाद तीसरे स्थान पर रही।

भारतीय टीम इसमें 62 गोल करने में सफल रही जो किसी भी टीम द्वारा किए गए इस सत्र में ही नहीं बल्कि प्रो लीग के इतिहास में सर्वाधिक गोल हैं। अप्रैल 2019 में टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी संभालने वाले रीड उस भारतीय पुरूष हॉकी टीम के भी कोच थे जिन्होंने इस साल लुसाने में शुरूआती एफआईएच हॉकीफाइव्स जीता था, जिसमें टीम ने प्रत्एक मैच जीते। उन्होंने ऑनलाइन मतदान में 31.4 अंक मिले। उनके बाद नीदरलैंड के कोच जेरोएन डेलमी और बेल्जियम के कोच माइकल वान डेन हेयुवेल शामिल थे जिन्हें क्रमश: 26.9 और 20.2 अंक मिले। ऑनलाइन मतदान में विशेषज्ञों के 40 प्रतिशत, टीमों के 20 प्रतिशत तथा प्रशंसकों और मीडिया के 20-20 प्रतिशत मत थे। रीड ने विज्ञप्ति में कहा, ए पुरस्कार किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि टीम किस तरह खेलती हैं, उनके प्रदर्शन को दर्शाते हैं। मुझे लगता है कि मैं ग्रुप में इसी तरह का माहौल तैयार करने की कोशिश करता हूं। पुरस्कार पाना शानदार है लेकिन मुझे लगता है कि पूरी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, अन्य टीमों के कोच भी विश्व स्तर के हैं, उनका चीजों को करने का तरीका अलग है और इनके बीच यह पुरस्कार जीतना बड़ा सम्मान है।

वहीं शॉपमैन को 38.2 अंक मिले, उन्होंने नीदरलैंड कोच जैमिलोन मुल्डर्स (28.2 अंक) और आस्ट्रेलिया की कोच कैटरीना पॉवेल (19.5 अंक) को पछाड़ा। भारतीय महिला टीम ने तोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें वह कांस्य पदक से चूक गई। शॉपमैन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2021-22 सत्र में पदार्पा किया और शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन और चैम्पियन बनी अर्जेंटीना से (शूटआउट में) पर जीत शामिल है जिससे टीम तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 साल में पहली बार पोडियम स्थान पर रही। टीम ने कांस्य पदक के मैच में शूटआउट में न्यूजीलैंड को हराया। उन्होंने कहा, दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ कोचों के खिलाफ इस पुरस्कार को जीतना शानदार है। यह पुरस्कार खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए नतीजे की बदौलत मिला और मैं खुश हूं कि टीम अच्छी प्रगति कर रही है।

# भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स में कुवैत को 3-0 से हराया

भाषा। अल खोबार, (सऊदी अरब)

**थांगलसुन** गंगटे के दो गोल की मदद से भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स फुटबॉल प्रतियोगिता में कुवैत को 3-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। भारत ने अपने पहले मैच में मालदीव को 5-0 से पराजित किया था। गंगटे के दो गोल से भारत ने कुवैत के खिलाफ भी तीन अंक हासिल किए। इस तरह से भारतीय टीम ने अभी तक एक भी गोल नहीं गंवाया है। भारत की इस जीत में गोलकीपर साहिल ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कई शानदार बचाव किए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक गोल नहीं खाने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा।

भारतीय टीम ने शुरू से ही हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे फायदा भी मिला। उसने लगातार कुवैत के गोल पर हमले किए जिसका फायदा उसे 16वें मिनट में मिला जब गंगटे ने टीम को बढ़त दिलाई। साहिल ने इसके बाद दो शानदार बचाव किए जिससे भारत मध्यांतर तक 1-0 से आगे रहा। कोरू के पास 60वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका था लेकिन उनका हेडर क्रॉसबार से ऊपर निकल गया। इसके चार मिनट बाद हालांकि वह भारत की बढ़त को दोगुना करने में सफल रहे। साहिल ने 69वें मिनट में एक और शानदार बचाव किया जिसके दो मिनट बाद गंगटे ने अपना दूसरा और टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा। भारतीय टीम ने इसके बाद कुवैत को कोई मौका नहीं दिया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।



## चैंपियन्स लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड जीते, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

**जिनेवा (एपी)।** मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की लेकिन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लियोनेल मेसी के गोल के बावजूद पहली बार ड्रॉ खेलना पड़ा। मेसी ने खूबसूरत गोल दागकर पीएसजी को बढ़त दिलाई थी लेकिन बेनफिका उसे आखिर में 1-1 से ड्रॉ पर रोकने में सफल रहा। मेसी का चैंपियंस लीग में यह 127 वां गोल था। इस बीच सेविला ने बोरुसिया डॉर्टमुंड से 4-1 से हारने के बाद मैड्रिड के पूर्व कोच जुलेन लोपेटेगुई को बर्खास्त कर दिया। मैनचेस्टर सिटी ने इर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से कोपेनहेगन को 5-0 से करारी शिकस्त दी। नार्वे के फॉरवर्ड हालैंड अभी तक चैंपियंस लीग के तीन मैचों में पांच गोल दाग चुके हैं। रियाल मैड्रिड ने शाख्तर डोनेट्स्क को 2-1 से हराया।

# विश्व कप में ब्राजील होगी शीर्ष रैंकिंग की टीम

**ज्यूरिख (एपी)।** ब्राजील ने गुरूवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे वह इस साल कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले विश्व कप में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर मैदान पर उतरेगी। ब्राजील ने सितंबर में घाना और ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने दो अभ्यास मैच जीते जबकि बेल्जियम को नेशन्स लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर और 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस चौथे स्थान पर बरकरार है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है जो सऊदी अरब (51वीं रैंकिंग) से महज एक पायदान आगे है। घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम होगी। विश्व कप में ग्रुप बी रैंकिंग के हिसाब से काफी मजबूत है जिसमें सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) की टीमें मौजूद हैं। इटली की टीम एक पायदान के फायदे से रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गई है। पर वह विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे उंची रैंकिंग वाली टीम है। इस तरह इटली लगातार दो चरण में विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई।स्पेन एक पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर है जबकि शीर्ष 10 की अन्य टीम नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।वहीं 2014 की चैम्पियन जर्मनी 11वें स्थान पर है।रूस 2022 में कोई मान्यता प्राप्त मैच नहीं खेलने के बावजूद दो पायदान के फायदे से 33वें स्थान पर पहुंच गया है।

# अमरौधा में परंपरा से हटकर एकादशी को जलाया गया रावण का पुतला

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



रावण पर अग्निबाण से प्रहार करते राम पायनियर

**पंडित** कालूराम शास्त्री स्मारक समिति एवं सांस्कृतिक कला केंद्र अमरौधा, कानपुर देहात में संचालित 18 दिवसीय पंचायती रामलीला के अंतर्गत परंपरा से हटकर गुरूवार एकादशी को श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में हर वर्ष की भांति विशाल रावण दहन मेला आयोजित किया। जिसमें राम-रावण का सजीव युद्ध आकर्षण का केंद्र रहा। रावण के धराशायी होते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।

हर वर्ष की भांति परंपरा से हटकर एकादशी के दिन पंडित कालूराम शास्त्री स्मारक समिति एवं सांस्कृतिक कला केंद्र अमरौधा, कानपुर देहात में संचालित 18 दिवसीय पंचायती रामलीला में गुरूवार को विशाल रावण दहन मेला आयोजित किया। जबकि सभी स्थानों पर दशहरा के दिन ही रावण दहन आयोजित किये जाते हैं। ज्ञात हो कि कानपुर देहात जनपद के अमरौधा कस्बे में सबसे लंबी 18 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाता है। पंचायती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास कुमार मिश्र ने बताया कि पड़ोसी कस्बे पुखरायां, राजपुर, कालपी में दशहरा के दिन रावण दहन किया जाता है। मेले की भव्यता बढ़ाने के लिये यहां पर एकादशी को रावण दहन मेला आयोजित किया जाता है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि रावण दशहरा को मारा गया था। एकादशी को उसकी चिता जलायी गई थी। श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में निर्मित विशाल रावण के पुतले के समक्ष राम-रावण का सजीव युद्ध होता है। लेकिन रावण की नाभि में अमृत होने के कारण रावण नहीं मरता है तब भगवान श्री राम ने रावण की नाभि में अग्निबाण चलाते हैं और रावण धू-धूकर जलने लगता है। अमरौधा समेत मऊखास, दुर्योगा, क्योटरा, दिवैर, दिवैर की मड़ैयां, बसावनपुर, सलेमपुर, नौबादपुर, मांचा, भोगनीपुर, गौरीरज्जन, पातेपुर, दौलतपुर, पिपरी, जलपुरी, पुर्रेनी समेत दर्जनों गांवों के लोगों ने सजीव राम-रावण युद्ध का लुत्फ उठाया।

## सत्ताइस मौतों का ज़िम्मेदार ट्रैक्टर चालक राजू गिरफ्तार

संवाददाता। घाटमपुर

**कानपुर जनपद** के साढ़ थाना क्षेत्र में बीते शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुई 27 मौतों के मामले में आरोपी ट्रैक्टर चालक राजू निषाद को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया, पुलिस राजू से घटना के बाबत पूछताँछ कर रही है, साढ़ पुलिस का कहना है राजू ने शराब पीने की बात स्वीकारी है, उधर हादसे के चलते बुधवार को गांव में दशहरा पर्व भी नही मनाया गया है। हादसे में घायल प्रीती की तहरीर पर पुलिस ने कोरथा गांव निवासी राजू निषाद, रामशंकर, प्रह्लाद और कोरथा के मजरा गौरी ककरा निवासी बाने के खिलाफ गैर इरादन हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, राजू हादसे के बाद से फरार था, थाना प्रभारी साढ़ ने बताया कि राजू को साढ़ कस्बे के निकट स्थित कॉरीडोर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# वन विभाग ने जूनियर सिठमरा के साथ निकाली वन्य जीव संरक्षण रैली

● वन्यजीव सप्ताह पर विशेष

संवाददाता। रूरा कानपुर देहात



छात्रों की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाते वनक्षेत्राधिकारी

**वन्यजीवों** का संरक्षण हम सबका मूल कर्तव्य वन्यजीवों के बिना मानव जीवन संभव है उक्त बात वन क्षेत्राधिकारी डेरापुर श्री देवदत्त पाल ने वन्य जीव सप्ताह पर उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा में नन्हे.मुन्ने बच्चों से विद्यालय अवकाश के बाद ग्राम प्रधान विवेक कुमार और ग्राम प्रधान सिठमरा के पति नरेंद्र कुमार के साथ रैली निकालने से पूर्व अपने मार्मिक सम्बन्धन में कहीं। इस अवसर पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक शनेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारे पिता जी बताया करते थे कि मलेशिया देश ने खुले में शौच मुक्ति की सफाई के लिए भारत से अपमार्जक के रूप में सुअर आयात किए थे इन सूअरों ने डोडो पक्षी द्वारा जमीन पर दिए गए अंडों को भी खा डाला जिससे डोडो पक्षी विलुप्त हो गया और इस पक्षी के द्वारा एक पेड़ का बीज खाया जाता था जो उसके पेट से 8 से 10 घंटे तापमान लेने के बाद ही अंकुरित होता था डोडो पक्षी के विलुप्त होने पर इस पेड़ के बीज भी पर्याप्त टेंपरेचर ना मिलने से नहीं उग सके इस तरह डोडो पक्षी के विलुप्त होने से एक प्रकार के पौधे की प्रजाति भी विलुप्त हो गई। राज्य अध्यापक एवं पर्यावरण मित्र विधि स्नातक नवीन कुमार दीक्षित ने बताया कि पशु पक्षियों के शिकार करने पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51 ;कद्ध से ?25000 जुर्माना और 7 साल की जेल का प्राविधान है। उपवनक्षेत्राधिकारी अविनाश ने कहा कि सत्तर प्रतिशत वन्य जीवों के नष्ट हो जाने से पर्यावरण पर संकट के बादल गहरा गए हैं बच्चों ने खरगोश कछुआ हाथी हिरन चीता मोर कबूतर दरियाई घोड़ा आदि वन्यजीवों के आकर्षक एवं मर्मस्पर्शी स्पर्शी स्वनिर्मित चित्रों से रैली निकालीए जो उक्त विद्यालय से प्रारंभ होकर नहर पुलए पथरौल मार्केटए ग्रामीण बैंक होते हुए प्राथमिक विद्यालय में आकर समाप्त हुई।

# जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश



डीएम नेहा जैन चकबॅदी कार्यों की समीक्षा करते हुये पायनियर

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुईए बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ताए अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्ताए उपसंचालक चकबंदी एवं जनपद में कार्य चकबंदी अधिकारीए सहायक चकबंदी अधिकारीगण आदि उपस्थित रहेए जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक करते हुए चकबंदी की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूर्ति हेतु कठोर परिश्रम करने के साथ.साथ समयचरण में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में चकबंदी प्रक्रिया जिन ग्रामों में विभिन्न कारणों से अवरुद्ध हैए उनमें समाधान के लिए यथा समय विधिक कार्रवाई हेतु आवश्यकतानुसार निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त किये जाने तथा चकबंदी कार्यों में अवरुद्ध ग्रामों के लिए उप जिलाधिकारी के साथ बैठक किये जाने एवं लोगों को जागरूक करने निर्देश दिए।

# मंदिर जाने वाली भीड़ जब स्कूल की तरफ मुड़ेगी तब बदलेगी देश की तस्वीर: लक्ष्मण

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



दीक्षा समारोह में संबोधित करते प्रोफेसर लक्ष्मण यादव

**प्रोफेसर** लक्ष्मण यादव ने कहा कि भारत में व्याप्त पाखंड से दलित और पिछड़ा समाज पिछड़ रहा है जबकि पाखंड को थोपने वाले लोग आगे बढ़ रहे हैं। वह बुधवार की रात कस्बे के कृषि उत्पादन मंडी समिति के मैदान पर आयोजित 29 वें विशाल धम्म दीक्षा समारोह एवं भव्य अंबेडकर मेला में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पाखंड के खिलाफबोलते हुए कहा कि पत्थर पूजने से हरि नहीं मिलते हैं। मंदिर जाने वाली भीड़ जब स्कूलों की तरफमुंड़ जाएगी तब देश की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील कि वह पाखंड छोड़कर किताबों से ज्ञान प्राप्त करें। जिससे आपका एवं देश का भला होगा। पाखंडवादी आपको बरगलाकर आपका हक छीन रहे हैं। हिंदू खतरे में है यह कहकर पाखंडवादी लोग देश और कमेरा समाज को लूट रहे हैं। उन्होंने रामस्वरूप वर्मा, पेरियर, कबीर को पढ़ने की अपील की। श्रमण संस्कृति रक्षा संघ भारत के भन्ते सुमित रत्न थेरा ने दीप प्रज्वलित करके 29 वें विशाल धम्म दीक्षा समारोह एवं भव्य अंबेडकर मेला का उद्घाटन किया। एमएलसी एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल, राष्ट्रीय महासचिव बामसेफ अमर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बामसेफ कोमल सिंह, एमबी गौतम, शैलेंद्र कुमार, राजेश गौतम, कुमार सुंदरम् लालता प्रसाद आजाद आजाद ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष गडरिया महासभा विनोद पाल, प्रदेश सचिव राष्ट्रीय निषाद संघ देवी प्रसाद निषाद, प्रदेश महासचिव नवीन कुमार पिंकू सचान मौजूद रहे। मुख्य मेला संरक्षक एवं बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप संखवार, मेला संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष भारतीय दलित पैंथर धनीराम बौद्ध, रामचंदर संखवार ने मेला में अतिथियों का स्वागत किया एवं पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया। अर्जक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज ने 29 वें विशाल धम्म दीक्षा समारोह एवं भव्य अंबेडकर मेला की अध्यक्षता की एवं सीपी सिंह भारतीय ने संचालन किया।

# चीन मामले में कांग्रेस सरकार के साथ अध्यक्ष का चुनाव निष्पक्ष होगा : खुर्शीद

वाददाता। फर्रुखाबाद



**चीन** के मामले सीमा विवाद पर कांग्रेस भा ज पा की केंद्र सरकार के साथ है यह बात पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने नगला दीना स्थित काग्रेस के जिला कार्यालय में पत्रकारों से प्रेस वार्ता के दौरान कही।

श्री खुर्शीद ने कहा कि चीन से सीमा विवाद काफी पुराना है और यह काग्रेस के कार्यकाल में 1962 के भारत चीन युद्ध के बाद से चला आ रहा है। मदरसों की जांच के बारे में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि मदरसों की जांच नही सर्वे किया जा रहा जिससे उनका परिषदीय व माध्यमिक कालेजों की तरह विकास किया जा सके और इसमें किसी को हर्ज भी नही होना चाहिए। इस सम्बन्ध में कुछ समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला भी दिया था । मैं इस फैसले से काफी खुश हूं। कांग्रेस अध्यक्ष पद पर होने वाले चुनाव के बारे में पूछे प्रश्न के जवाब में कहा कि जब काग्रेस में अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति नही बन पाई तब चुनाव हो रहा है। मैने अपनी ओर से किसी को प्रस्तावित नहीं किया है। चुनाव संसद में काग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर के बीच होना है। इससे पूर्व काग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के अलावा सभी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है जिससे अध्यक्ष का चुनाव निष्पक्ष हो सके। देश के सभी सक्रिय सदस्य अपना नया अध्यक्ष चुनेंगे। नया अध्यक्ष स्वयं अपनी नई कार्यकारणी और पदाधिकारी सभी सक्रिय सदस्यों के सहयोग से बना सकेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज गंगवार, पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद, मृतुजंय शर्मा , उजेर खा,श्रीकृष्ण गौतम,प्रमोद शुक्ला,पुन्नी शुक्ला शकुंतला देवी सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन को लेकर भाजपा ने की बैठक

**फतेहपुर।** जिला भाजपा कार्यालय में शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन को लेकर बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना से विधायक व निर्वाचन क्षेत्र संयोजक राजीव सिंह पारीक्षा उपस्थित रहे। इलाहाबाद झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले जनपद में निर्वाचन की बैठक में मुख्य अतिथि की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की जिम्मेंदारी तय की गयी। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि शीघ्रता के साथ गुरूजनों का नाम मतदाता सूची में कैसे दर्ज हो इसकी चिंता के साथ ही इस कार्य में तेजी से लगना है। जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता निष्ठा व ऊर्जा से भरा है।

## बच्चो को बाटे योग किट

**फर्रुखाबाद।** आकांक्षा समिति की बैठक फतेहगढ़ स्थित आफिसर्स क्लब में नीतू सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत विभिन्न कालेजों की 55 छात्राओ को योगा मैट दी गई। मुख्य अतिथि सी डी ओ एम अरुण मौली ने कहा कि गांव के गरीब छात्राओ को यह योगा मैट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन लगाकर पढ़ना चाहिए जिससे डी एम एसी डी ओएडाक्टर इंजीनियर बन सके।

# बाइक भिड़ीं, आशाबहू सहित दो घायल



घायल आशा बहू



वाइक चालक ओमकार

## ● प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को किया गया हैलट रिफर

संवाददाता। घाटमपुर

**गुरुवार** दोपहर बाद नगर के कानपुर रोड पर दो वाइके भिड़ गयीं जिससे कोतवाली की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के गांव मोमिनपुर निवासी ओमकार ( 28 ) पुत्र रामस्वरुप व गांव की आशा बहू क्रांन्ती ( 38 ) पत्नी शिव प्रकाश घायल हो गये, ओमकार अपनी गर्भवती पत्नी अर्चना को मेडिकल जॉंच ( अलट्रा साउन्ड ) के लिये मोटर साइकिल घाटमपुर आ रहा था, मोटर साइकिल में आशा बहू भी बैठीं थी, ओमकार जैसे ही कुष्मॉण्डा देवी मंदिर के सामने पंहुचा की तभी बिपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल से टक्कर हो गयी, हादसे में ओमकार व आशा बहू क्रान्ती दोनों घायलों हो गये जिन्हे परिजन इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया, जहॉं हालत गंम्भीर होने के चलते डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलट कानपुर के लिये रिफर कर दिया है।

# ऑटो पार्ट्स व्यापारी लूटकांड के चार बदमाश गिरफ्तार, 91,400 की नगदी बरामद



**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के कादरी गेट पुलिस चौकी से आगेओ0पी0 लान के समीप सेए 30 सितंबर 2022 रात्रि करीब 8. 30 बजे अज्ञात ससस्त्र लुटेरे बदमाशों ने शहर कोतवाली के बालाजीपुरम निवासी एवं बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के सामने दुकान करने वाले ऑटो पार्ट्स व्यापारी गगन कटियार से 42.5लाख रुपए की लूटपाट करने वाले बदमाश फरार थे।

उन्होंने बताया कि ऑटो पार्ट्स व्यापारी लूटपाट कांड का पर्दाफाश करने के लिए गठित पुलिस टीमों में शहर कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला एवं एसओजी प्रभारी अशोक कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ आज गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली के ग्राम खानपुर के मैदान में एक अन्य लूटपाट योजना बनाते समय मुठभेड़ के बाद चार लुटेरे बदमाशों को धर दबोचा गया जबकि इनका एक साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के कादरी गेट शांति नगर निवासी शिवम व इसी मोहल्ले के निवासी रवि, एवं मोहल्ला गंगादरवाजा निवासी छपाई कारीगर नीरज तथा गंगादरवाजा के ही निवासी आजाद के पास से लूट के 91400 बरामद किए। इसके अलावा इन लुटेरे बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल , मिर्ची पाउडर, 3 अवैध 315 बोर के तमंचे कुछ कारर्तूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि घटना का मास्टरमाइंड लुटेरे बदमाश अतुल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दविशे देनी शुरू करदी हैं और इसे भी जल्द पकड़ा जाएगा।

# प्ले स्कूल की तर्ज पर तैयार हों आंगनबाड़ी केंद्र : सीडीओ

संवाददाता। कानपुर देहात



ग्रामों के सतत विकास के लिये आयोजित बैठक में प्रधानों से चर्चा करती सीडीओ सौम्या पाण्डेय पायनियर

**सीडीओ** सौम्या पाण्डेय ने ग्रामों के विकास हेतु ग्राम प्रधान व अभियॅताओं के साथ बैठक कर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व स्वावलम्बन पर चर्चा करते हुये ऑगनवाडी केन्द्रों को प्ले स्कूल की तर्ज पर तैयार करने की अपील की। अपील के दौरान अकबरपुर व सिकन्दरा तहसील के प्रधान तथा प्रधानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीडीओ द्वारा गॉवों के सतत विकास हेतु तकनीकी सोच प्रगति करने के लिये विकास भवन सभागार में ग्राम प्रधानो व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सिवल व आर्कीटेक्चर अभियन्ताओं के साथ गॉवों के विकास में आने वाली समस्याओं के निराकरण व प्रत्येक विकासखण्डों में विकास की लहर पर चर्चा की गयी। सीडीओ ने अकबरपुर, व सिकन्दरा तहसील के अर्न्तगत मैथा, राजपुर रोहिणी, खास बारा, आदि ग्रामों के प्रधान व उनके प्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने गॉवों में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा, निराश्रित गौवॅश व आवास सॅबन्धित समस्यायें रखी गयी, ग्राम बैना में 40 बीघा ग्राम समाज की जमीन में 32 बीघा जमीन पर कब्जे की बात कही गयी जिस पर बताया गया कि मामला एसडीएम सिकन्दरा की कोर्ट में लॅबित है तथा जिसकी शिकायत लिखित रूप से की गयी है। सीडीओ ने एडीएम प्रशासन से तत्काल मामले में जॉच के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने गॉवों के सतत विकास हेतु सभी ग्राम प्रधानों से पूर्व से अच्दे तालाब को चयन कर उन्हें अमृत सरोवर में तब्दील किये जाने के साथ ही, गॉवों में खेल मैदान, अमृत वाटिका आदि विकास के कार्य कराए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया, उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान गॉव का मुखिया होता है जिसके ऊपर गॉव के विकास की जिम्मेदारी होती है, गॉवों के कलस्टर के अनुसार सभी गॉवों में गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चत किये जाने के निर्देश दिये, बुन्देलखण्ड व औरैया जनपद की सीमाओं से आने वाले निराश्रित गौवॅशों के आने व उनके रहने के लिये बडी गौशाला के प्रबन्ध के अनुरोध पर सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से सॅबन्धित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। सीडीओ ने जरूरतमॅदों को आवास उपलब्ध कराये जाने के निर्देश के साथ उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवीन तरीके अपनाये जाने, विभिन्न विद्यालयों को माडल स्कूल के रूप में विकसित करने के साथ ऑगनवाडी केन्द्रो को प्ले स्कूल की तर्ज पर तैयार किये जाने के निर्देश दिये। सीडीओ ने गॉवों के सतत विकास के लिये विभिन्न उपायों पर सार्थक चर्चा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये।

# क्विक न्यूज

## वन्यजीव सप्ताह: हरी झण्डी दिखाकार किया डाल्फिन सर्वे टीम को रवाना

**फतेहपुर।** वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत डाल्फिन दिवस पर अनुभूति केन्द्र ओमघाट भिटौरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एन रवीन्द्रा, मुख्य वन संरक्षक, दक्षिणी क्षेत्र, उ0प्र0, प्रयागराज, राजीव मिश्रा, सेवा निवृत्त मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 प्रयागराज वृत्त उ0प्र0, प्रयागराज अखिलेश पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी रामानुज त्रिपाठी एवं महन्त स्वामी विज्ञानानन्द महाराज, ओमघाट भिटौरा, नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेन्द्र शरन सिम्पल सहित लगभग 80 की संख्या में डाल्फिन मित्र व अन्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एन रवीन्द्रा ने हरी झण्डी दिखाकार डाल्फिन सर्वे टीम को रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति को संरक्षित रखने के लिए मानव वन्य प्राणियों का सह-अस्तित्व बनाये रखन आवश्यक है। वन्यजीवों के संरक्षण की महत्ता को जन साधारण तक पहुंचाने के लिए वन्यजीवों के परिवेश को सुरक्षित रखने तथा इनके संरक्षण की जानकारी जन सामान्य को देने हेतु वन्य प्राणी सप्ताह का अत्याधिक महत्व है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने लोगों को सारस एवं डाल्फिन वन्यजीव के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में आशीष मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा ने डाल्फिन मित्रों को कहा कि गंगा एवं डाल्फिन एक दूसरे के पूरक हैं। गंगा स्वच्छ रहेगी तो डाल्फिन का संवर्धन होता रहेगा। नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल ने डॉल्फिन दिवस पर सभी को डॉल्फिन संरक्षण हेतु संकल्प दिलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से राम सिंह यादव, प्रभागीय वनाधिकारी, कौशाम्बी एवं संजय शर्मा, सहायक वन संरक्षक, प्रयागराज आदि अधिकारी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएल सैनी, समस्त वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## छत ढहने से माँ की मौत, पुत्री घायल

**फतेहपुर।** बकेवर कस्बा में देर शाम बारिश के कारण अचानक छत ढह जाने से 45 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गयी। वहीं पुत्री घायल हो गयी। जिसे नजदीके के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बकेवर कस्बा निवासी रामऔतार की पत्नी उर्मिला देवी अपनी 16 वर्षीय पुत्री नैन्सी के साथ देर रात घर के अन्दर खाना खा रही थी। इसी दौरान बारिश के कारण भर भराकर छत ढह गयी। जिसके मलवे के नीचे मां बेटी दब गये शोर शराबा सुनकर परिजन व आस पास के लोगो ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाया और मां बेटी को बाहर निकाला। तब तक उर्मिला की मौत हो चुकी थी। वही पुत्री घायल हो गई। जिसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद परिजनो में मातम छा गयां।

## हेल्थवॉच ने चिकित्सा सेवाओं का किया विस्तार

**लखनऊ।** मरीज़ों को उनके घर पर टेलीडायग्नॉस्टिक्स एवं इंटरनेशनल हेल्थकेयर सेवाएं उपलब्ध कराने और कार्डियक रिदम मॉनिटरिंग में विशेषज्ञ कंपनी हेल्थवॉच टेलीडायग्नॉस्टिक्स ने लखनऊ में अपना कार्यालय खोला है। कंपनी लखनऊ एवं आस.पास के क्षेत्रों में मरीज़ों को अपनी प्रमुख एक्सटेंडेड होल्टर एवं एबीपीएम जांच सेवाएं उपलब्ध कराएगी। 2010 में दूरदृष्टा सामाजिक उद्यमी डॉ एस सेंथिल कंदीपन द्वारा हेल्थवॉच की स्थापना की गई, जो भारत में चिकित्सा सेवाओं के स्तर को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के समकक्ष लाना चाहते थे। डॉ कंदीपन ने कहा हमें यह घोषणा करते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्यसेवाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से एक और शहर में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने जा रहे हैं।

## सर्प दंश महिला की जान गई

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरमंगदपुर नरवा में दोपहर खेत में काम कर रही 53 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार धरमंगदपुर नरवा गांव निवासी मटरूप्रसाद लोधी की पत्नी रामदुलारी खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया इस बात की जानकारी परिजनो को हुई तो तत्काल उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## क्रिश्चियन कालेज के मैदान में राम रावण युद्ध के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

**फर्रुखाबाद।** रामलीला मंडल के बैनर तले क्रिश्चियन कालेज के मैदान में दशहरा पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी एम अरुण मौली रही । सरस्वती भवन से दो रथों पर राम व लक्ष्मण और दूसरे रथ पर लंकापति रावण चौक, घूमना,लालगेट होकर किरिश्चियन्न कालेज के मैदान में पहुंचे। रामएलक्ष्मण का रावण के साथ घोर संग्राम हुआ। अंत में रावण धरासायी हो गया। बाद में रावण का 50 फुट का तथा कुंभकरण व मेघनाथ का 48 फुट का पुतला श्रीराम व लक्ष्मण ने बाण मारकर तीनों पुतलो को फूंक दिया। लंका को भी फूंका गया। कार्यक्रम में कृष्ण राधा का मयूर नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर भारी भीड़ के बीच नगर विधायक मेजर सुनील दत्त दिवेदी, कमेटी की संरक्षक डा रजनी सरीन, अध्यक्ष लालजी टंडन,मंत्री कपिल गुप्ता,कोषाध्यक्ष अशोक गर्ग,अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ,संजय गर्ग,कन्हैया सक्सेना, अशोक मिश्रा सहित रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। भारी पुलिस व्यवस्था सुरक्षा को दृष्टि से मौजूद रही ।

## दुर्गा माँ को जयकारे के साथ दी विदाई

**फतेहपुर।** ब्लॉक बहुआ के ग्राम सुजानपुर में माँ दुर्गा की प्रतिमा की पूरे विधि विधान से पूजा करने के बाद प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सभी नें माता रानी के जयकारे लगा उन्हें विदाई दी। इस दौरान गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष व बहुआ ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष एवं सुजानपुर की प्रधान हेमलता पटेल ने भी माँ दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना करते हुए मंगलकामनाओं की प्रार्थना की एवं नम आँखों से मातारानी को विदाई दी।

## लिबास बढ़ा रहा नेटवर्क

**लखनऊ।** एनएसई में लिस्टेड लिबास कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कई प्रमुख विविधताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसके तहत उसने श्केएनजी ब्रांड ऑर्गेनिक इनरवियरश् लॉन्च किया है जो कि बांस के फाइबर से बने हुए हैं ऐसा माना जा रहा है कि सस्टेनबल और एलर्जी नहीं करने वाला होने के कारण यह रेगुलर इनरवियर की जगह ले सकते हैं। केएनजी ब्रांड को उसकी वेबसाइट से एक्सक्लूसिव तौर पर रिटेल किया जाएगा और ऑर्गेनिक इनरवियर के कुछ प्रोडक्ट को ऑनलाइन मल्टी.चैनल जैसे केएनजी लिमिटेड, अमेजॉन फ्लिपकार्ट मिंत्रा स्नैपडील मीशो पेटीएम मॉल नायका फैशन शॉपक्लूजए आदि के जरिए भी रिटेल किया जाएगा।

## करंट से महिला की मौत

**फतेहपुर।** थाना सुल्तानपुर घोष कस्बा में सुबह घरेलू काम करते समय करंट की चपेट में आ जाने से 47 वर्षीय अधेड महिला की मौके में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष कस्बा निवासी जगमोहन की पत्नी माया देवी सुबह घरेलू कार्य कर रही थी। इसी दौरान घरेलू बिजली की चपेट मे आ गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022



# गौशालाओं में चारा सहित सभी व्यवस्थाओं को रखें दुरुस्त: उप मुख्यमंत्री



संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने अपने एक दिवसीय जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत बछरावां कान्हा गौशाला, ग्राम पंचायत करनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्राथमिक विद्यालय करनपुर का निरीक्षण व चौपाल कार्यक्रम, हरचन्दपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम मझिगांवा में हर घर नल योजना भौतिक निरीक्षण, मलिन बस्ती कल्लू का पूरवा, पुलिस लाइन निर्माणाधीन ट्रांजिट हास्टल के निर्माण आदि का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण के दौरान पहले नगर पंचायत बछरावां की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गाय की आरती की तथा गायों को गुड़ व केला भी खिलाया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से गौशाला में उपस्थित गोवंशों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनपद की सभी गौशालाओं केन्द्रों पर गौवंश को बीमारियों आदि से बचाव के समुचित उपायों के साथ ही सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरूस्त रखा जाए। वर्षा आदि को देखते हुए केन्द्रों को अच्छे से ढ़क कर रखा जाये। इसके अलावा पशुओं को किसी भी प्रकार की बीमारी आदि न हो सके इसी जांच भी पशु चिकित्साधिकारी से कराते रहे। गौवंशों के खान-पान चारा आदि की भी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाये।उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत करनपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बच्चों से पढ़ाई व मिड डे-मील के बारे में पूछा-ताछ की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम में चुनरी, सिंदूर, मिठाई, फल आदि वितरण किया गया। उपस्थित बच्चों को बिस्कुट भी वितरण किया। इसी दौरान आदर्श प्राथमिक विद्यालय कुंदनगंज में आयोजित जन-चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने जन-चौपाल में लोगों को बताया कि लोगों की समस्याओं को सुनने तथा योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार स्वयं आपके दरवाजे पर चलकर आयी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव में अन्तिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें, लोगों का उत्थान एवं विकास हो सके।

## 2024 में भगवामय होगा रायबरेली: बृजेश पाठक




**रायबरेली** । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि की बैठक में मा0 उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक जी ने कहा कि कार्याकर्ताओं की मेहनत लगन एवं त्याग से जनपद रायबरेली भगवामय होगा, तथा जिले का समग्र विकास का खाका खींचा जा रहा है, आप सभी कार्यकर्ता मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में एक बार फिर 2024 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है एवं लोकसभा 36 रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी दर्जा प्राप्त मंत्री मा0 वीरेन्द्र कुमार तिवारी जी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मनोयोग से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा 2024 में भाजपा का कार्यकर्ता स्वयं योगी, मोदी बनकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत दिलायेगा। तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, सलोन विधायक अशोक कोरी, लोकसभा संयोजक आर0बी0 सिंह, पूर्व एम0एल0सी0 राजा राकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना चौधरी, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, रामलाल अकेला, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव, मंच का संचालन कर रहे जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष पशुपति शंकर बाजपेई, सुशील शर्मा, अजय त्रिपाठी, जिला महामंत्री अमरेश सिंह मौर्य, शरद सिंह, विवेक शुक्ला, विजय बाजपेई, विश्व प्रकाश पाठक, अली हैदर नकवी, यू0पी0 सी0वी0 डायरेक्टर अनुभव कक्कड़, जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र चतुर्वेदी, जनमेजय सिंह, जिला मंत्री विजय कुमार सिंह,, कृष्णा चौधरी, संतोष गुप्ता, अनुभव मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## डा. एपीजे अब्दुल कलाम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2022 का परिणाम हुआ जारी

**मुसाफिरखाना, अमेठी** ।भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम बुधवार को जारी हुआ । बताते चलें कि प्रतियोगिता अमेठी जनपद सहित आसपास के जनपदों में आयोजित हुई जिसका परिणाम जारी हुआ जिसमें परीक्षा नियंत्रक सुबोध तिवारी ने बताया के प्रत्येक कक्षा से 10 विद्यार्थियों की मेरिट सूची संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध करा दी गई है जिसमें कक्षा 1 3 4 5 6 8 में प्रथम स्थान जे. एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्राप्त किया एवं कक्षा 2 में निर्मला देवी पब्लिक स्कूल के साहिल यादव एवं कक्षा 7 9 10 में डिवाइन पब्लिक स्कूल पूरे ताज के इकरा कमर मो. साद जूही तनवीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके साथ ही कक्षा 11 में ए. एच. इंटर कालेज मुसाफिरखाना की अंजली मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,कक्षा 12 में डब्लू. एच. पब्लिक स्कूल के रितिक मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं स्नातक एवं परास्नातक वर्ग में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्मारक महाविद्यालय की ईरम फातिमा ने परचम लहराया। आयोजक नंद किशोर त्रिपाठी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का सम्मान समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवती प्रसाद यादव स्मारक महाविद्यालय एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान वारिसगंज में आगामी 23 अक्तूबर रविवार को आयोजित किया गया है।

## क्विक न्यूज

### अखिल भारतीय मौर्य महासंघ ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**अमेठी।** अखिल भारतीय मौर्य महासंघ ने अशोक विजयादशमी के पर्व पर कार्यक्रम आयोजित करके प्रतिभाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को बुद्ध प्रतिमा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । संघ के अध्यक्ष हौसिला प्रसाद मौर्य, उपाध्याय संजय कुमार मिश्रा ,महामंत्री अरुण कुमार मौर्य और संदीप मौर्य ने एस आई श्वाति मौर्य के साथ सामाजिक कार्यकर्ता राम चंद्र मौर्य, रंजीत मौर्य, मनोज मौर्य, वरिष्ठ पत्रकार संजीव भारती, रामफल फौजी, प्रमोद कुमार, रामलाल मौर्य, महेश मौर्य, आशीष मौर्य, ललित कुमार ,राहुल मौर्य, दूधनाथ मौर्य, रामशंकर दानी आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम मे एक दर्जन से अधिक महिलाएं भी शामिल हुईं। संतोष मौर्य, बाबू लाल, रामराज ,राकेश कुमार,संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल टावर जला



**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के तिवारीपुर मजरे सेमरौता गांव में लगे वोडाफोन के टावर पर मंगलवार की रात आकाशीय बिजली गिरने से टावर क्षतिग्रस्त हो गया।जिसके चलते वोडा फोन ग्राहकों की सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई है। गौर तलब है कि क्षेत्रीय वोडा फोन धारकों की बेहद मांग पर तिवारीपुर गांव में वोडा फोन कंपनी ने इस आशय से टावर लगाया था कि क्षेत्रीय उपभोगताओं को मोबाइल का अच्छा सिग्नल मिले और उपभोगता निर्बाध रूप से सेवा का लाभ ले सके।लेकिन मंगलवार की रात गरज चमक के साथ हल्की बरसात के दौरान कड़की आकाशीय बिजली की जद में वोडा फोन का टावर आ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।और इसी के साथ क्षेत्र के हजारों वोडा फोन धारकों के फोन का सिग्नल बाधित हो गया।टावर के इंजिनियर हेमेंद्र सिंह ने बताया कि टावर पर आकाशीय बिजली गिरने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली टावर पर गिरने से आई पी एम एस और बैट्री बैक अप सिस्टम पूरी तरह से तबाह हो गया है।

### बरसात की भेंट चढ़ा शिवरतनगंज का दशहरा मेला

**तिलोई,अमेठी।** बुधवार को दिन भर रुक रुक कर हुई बरसात के चलते शिवरतनगंज का ऐतिहासिक दशहरा मेला बरसात की भेंट चढ़ गया।दशहरा मैदान में होने वाले राम रावण युद्ध का मंचन भी नहीं हो सका।दशहरा मैदान में बरसात के चलते हुए जलभराव के कारण दुकानें भी नहीं लग सकीं। हैदरगढ़-सेमरौता मार्ग पर औपचारिकता में दुकानें लगी भी लेकिन बरसात के चलते मेला देखने वाले ही नहीं पहुंचे। चाट और जलेबी तथा कुछ अन्य गिनी चुनी दुकानों तक सीमित रहे मेले में मेला देखने वाले ही नहीं पहुंचे।मेले में जलेबी की दुकान लगाने वाले अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते तीन साल से दशहरा मेला गड़बड़ होता रहा है।दो साल दशहरा का मेला कोरोना की भेंट चढ़ा तो इस बार बरसात की भेंट चढ़ गया।

### सर्प दंश से युवक की मौत

**तिलोई,अमेठी** । थाना क्षेत्र शिवरतन गंज अन्तर्गत पूरे हिंदू मजरे खरांवा गाँव में एक 22 वर्षीय युवक को गुरुवार सुबह घर में सर्प ने काट लिया । युवक को पहले झाड़ फूँक वालों के हवाले परिजनों ने किया बाद में बाराबंकी जिला चिकित्सालय ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका ।जानकारी के मुताबिक गाँव निवासी रोहित विश्वकर्मा पुत्र गंगासागर विश्वकर्मा 22 वर्ष गुरुवार सुबह घर में साँप ने काट लिया।सर्प काटने पर वह बेहोश हो गया। परिजन आनन फानन उसे लेकर झाड़ फूँक वालों के पास ले गये परन्तु उसे होश नहीं आया बाद में जिला चिकित्सालय बाराबंकी ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अटेवा ने मनाया पेंशनर्स सम्मान दिवस

**शिवगढ़,रायबरेली।** अटेवा शिवगढ़ द्वारा पेंशनर्स सम्मान दिवस मनाया गया। आयोजित पेंशनर्स सम्मान दिवस पर विभिन्न विभागों से आए करीब एक दर्जन लोगों को द्वारा सम्मानित किया गया। पेंशनर्स दिवस पर अटेवा के वक्ताओं ने नई पेंशन और पुरानी पेंशन में अन्तर बताते हुए कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम के तहत मूल वेतन की आधी पेंशन मिलती हैं। वहीं पुरानी नई पेंशन स्कीम के तहत 700 और 900 रुपए प्राप्त होते हैं। जो किसी भी मायने में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के हित में नही होगी। बुढ़ापे की लाठी कहीं जाने वाली पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अटेवा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई शुरु करनेजिला संयोजक मोहम्मद इमरान अहमद, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य, शिवगढ़ ब्लॉक संयोजक आशुतोष कुमार यादव को प्रदान की। वहीं कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा व प्राथमिक विद्यालय हिंदूगंज के शिक्षकों ने मिलकर 2500-2500 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर अटेवा शिवगढ़ के ब्लॉक संरक्षक सुरेंद्र कुमार वर्मा, महिला संयोजिका गीता बिष्ट, ब्लॉक महामंत्री पंकज वर्मा, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार, नन्हे लाल सहित भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारी बारिश के बीच हुआ रावण दहन व मूर्ति विर्सजन

**लालगंज रायबरेली।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्योहार इस बार बारिस के चलते फीका रहा। जहां इसके लिये लोगो के साथ बच्चो में उत्साह देखने लायक था लेकिन बारिस ने उनकी उम्मीदो पर पानी फेर दिया। बारिस के बावजूद भी नगर में निकलने वाली रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई था रामलीला मैदान में मंचन के बाद रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सबसे अधिक दिक्कत दुकानदारो को हुई। मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने बताया कि सालभर से उनको इस दिन का इंतजार रहता है लेकिन बारिस ने उनका व्यापार ही नही चौपट किया बल्कि बेचने के लिये लाया गया माल भी डंप हो गया। जिससे उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। वही दूसरी ओर मां दुर्गा की मूर्तियों का विर्सजन कार्यक्रम भी गेंगासो गंगा तट पर बारिस में कडी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुआ। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक स्वयं मौके पर मौजूद रहे तथा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। टैक्टर ट्रालियों पर कडे प्रतिबंध का असर देखने को मिला। जिसके बाद भक्तो में मां की मूर्तियों को लोडर व अन्य साधनो से विर्सजन स्थल पहुंचाया। जहां विधि विधान के बाद मूर्तियों को भू विसर्जित किया गया। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है।

# दुर्गा पूजा कार्यक्रम में रामलीला का मंचन



**महराजगंज रायबरेली।।** विकास खंड क्षेत्र के पूरे बरियार सिंह मजरे ज्योना गांव में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चल ? रहे दुर्गा पूजा कार्यक्रम में रामलीला का मंचन भी किया जा रहा था जिसका समापन कलाकारों ने मंगलवार की रात्रि रावण वध एवं भगवान राम का राज्याभिषेक का मंचन कर उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं इस मौके पर ज्योना ग्राम प्रधान एवं स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह के प्रतिनिधि उमेश कुमार कुन्नू ने कलाकारों को सम्मानित कर उनका मनोबल भी बढ़ाया आपको बता दें कि क्षेत्र के ज्योना गांव में दुर्गा पूजा कार्यक्रम के साथ ही राम लीला का भी मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा अनवरत नौ ? दिनों से किया जा रहा था जिसका समापन मंगलवार को मेघनाद द्वारा लक्ष्मण जी को शक्ति बाण मारने हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना भगवान द्वारा अहंकारी दसानन का वध विभीषण का लंका का राज तिलक एवं भगवान राम के राज्याभिषेक के पाश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित ज्योना ग्राम प्रधान व स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री के प्रतिनिधि उमेश कुमार कुन्नू ने राम, बने शिवम यादव लक्ष्मण, बने समसुद्दीन हनुमान, बने धर्मराज उर्फ भल्लन ? जामवंत, बने राम अभिलाख, बाली, बने राजन, सुग्रीव बने छेदु प्रजापति, कुंभकरण, बने भोला मिस्त्री, माता सीता, का रोल अदा करने वाले जग्गू सहित आदि कलाकारों को ग्राम प्रधान द्वारा उपहार स्वरूप भेंट प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया और कार्यक्रम को सराहते हुए ग्राम ने कहा की राम लीला जैसे कार्यक्रमों के मंचन से नई पीढ़ी को एक नई दशा और दिशा मिलती है, भगवान राम का जीवन काल हम सबको एक सीख देता है।

# कच्ची ईंटों से बने पावे के गिरने से मलबे में दबकर किसान की मौत

## हो रही मूसलाधार बारिश बनी कारण, जनजीवन अस्तव्यस्त



**शिवगढ़,रायबरेली।** बारिश के चलते मिट्टी के ईटों से बना पावा कृषक के ऊपर गिरने से मलबे में दबकर 55 वर्षीय कृषक की घटनास्थल पर ही हृदय विदारक मौत हो गई, कृषक की मौत से गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत सकतपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक सकतपुर मजरे बसन्तपुर सकतपुर गांव का रहने वाला 55 वर्षीय कृषक दुखी पुत्र पराग गुरुवार की सुबह करीब साढ़े बजे शौच से वापस लौटने के बाद घर के सामने स्थित इंडिया मार्का हैंडपम्प में हाथ पैर धुल रहा था। तभी पड़ोसी कृषन रावत का कच्ची ईंटों से बना बंगले का पावा बडेर सहित कृषक के ऊपर गिर गया। जिससे वह बडेर (बल्ली) और ईटों के मलबे के नीचे दब गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने जब तक कृषक को मलबे से बाहर निकाला तब तक उसकी हृदय विदारक मौत हो चुकी थी। बताते है कि आकाश में बिजली की कड़क एवं मूसलाधार बारिश होने के चलते लोगों के इकट्ठा होने में कुछ वक्त लग गया। मृतक पैर से दिव्यांग था जो अपने घर में अकेले रहता था। उसे क्या पता था सुबह नल पर मौत उसका इंतजार कर रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। हृदय विदारक हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, इस दर्दनाक घटना ने ग्रामीणों के मन को विचलित कर दिया है।

# भारी बारिश से सब्जियों को हुआ नुकसान

संवाददाता। अमेठी



कालोनी में जलभराव की स्थिति

**आचार्य नरेंद्र** देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर के आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में जिले में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई जिस कारण अधिकतर खेत पानी से लबालब भर गए। इस बारिश से धान की लंबी अवधि की प्रजातियां को काफी फायदा हुआ है क्योंकि इन प्रजातियों की फसल मे किसान सिंचाई कर रहे थे। धान की कम अवधि की प्रजातियां जिसमें बालियां आ गई थी तथा फसल लगभग पक चुकी थी उसमें इस बारिश से नुकसान होगा। कुछ जगहों पर धान की फसल गिरने की भी शिकायत है। इसके अतिरिक्त जिन किसानों ने तिल, उर्द, मूंग आदि फसलों की अभी तक कटाई नहीं की थी उन फसलों को काफी ज्यादा नुकसान होने की संभावना है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसान सब्जियों की खेती करते हैं और कई किसानों ने अगेती फूलगोभी, पत्ता गोभी, टमाटर आदि सब्जियां लगा रखी थी, इस बारिश से अगेती सब्जियों की फसल एवं नव रोपित सब्जियों की पौध को भारी नुकसान हो सकता है। बहुत से किसानों ने काफी मात्रा में सब्जियों की नर्सरी भी डाली हुई थी जिसमें पानी लगने से नर्सरी भी खराब होने की संभावना है। जिले के काफी किसानों ने खाली खेत में तोरिया की बुवाई की थी तथा कुछ किसानों ने खेत में पर्याप्त नमी को देखते हुए पिछले चार-पांच दिनों के अंदर सरसों की बुवाई कर दी थी, लेकिन इस बारिश से इन दोनों फसलों को काफी नुकसान होने की खबर है। केंद्र के अध्यक्ष ने किसानों को सुझाव दिया कि सब्जियों, उर्द, मूंग, तिल तथा धान की अगेती प्रजातियों मे यदि पानी लग गया हो तो तत्काल पानी को निकाल दें तथा अगले दो-तीन दिन के लिए भी जल निकास की उत्तम व्यवस्था रखें। पानी के कारण सब्जियों की जो फसल खराब हो गई हो उसमें मौसम खुलने के बाद किसी अच्छे फफूदनाशी का छिड़काव करके कुछ हद तक फसल को बचाया जा सकता है। इस बारिश का आगामी रबी की फसलों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि बुवाई के लिए खेत में पर्याप्त नमी मिलेगी, इसलिए बारिश निकलने के बाद जैसे ही खेत तैयार होने लायक हो जाए उसी समय खेत की तैयारी करके सरसों, चना, मटर, मसूर आदि फसलों की बुवाई की जा सकती है।कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ सीताराम मिश्रा ने बताया कि कुमारगंज एवं उसके आसपास पिछले 24 घंटे में 142 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अमेठी जिले में भी लगभग ऐसे ही बारिश हुई है। शुक्रवार को भी ऐसे ही मौसम खराब रहने की संभावना है तथा 9 अक्टूबर तक छिटपुट बारिश होती रहेगी।भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रस्तावित जिला प्रशिक्षण वर्ग 8 से 15 अक्टूबर के बीच जिले में होना है इसकी तैयारी बैठक हेतु आज भाजपा कार्यालय गौरीगंज में भाजयुमो जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा के नेतृत्व में बैठक आहूत की गई इस बैठक में प्रदेश से आए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो अंकित पांडे ने प्रशिक्षण वर्ग में होने वाले तीनों सत्र की विस्तृत जानकारी दी और बताया यह प्रशिक्षण एकदिवसीय होगा वक्ता के रूप में प्रदेश से किसी भी मंत्री या प्रदेश पदाधिकारी को लगाया जाएगा इस प्रशिक्षण में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री अपेक्षित रहेंगे बैठक में जिला उपाध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंह शुभम तिवारी जिला मंत्री अमित सिंह आशीष श्रीवास्तव पंकज तिवारी दिवाकर द्विवेदी सोनू पांडे प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाबदर सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार चोरी के माल बरामद



गिरफ्तार अभियुक्त गण

**अमेठी** । जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 वेद रत्न शुक्ला थाना संग्रामपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु तथा वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त अमन सरोज पुत्र रामलाल नि0 ग्राम नैनहा मजरे बरतली थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष व संदीप पुत्र श्यामलाल नि0 ग्राम नैनहा मजरे बरतली थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को मालती नदी पुल के पास से समय करीब 07¬40 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक बोरी में घरेलू उपयोग के किराना के सामान, 250 रूपये नगद, भगौना आदि बर्तन बरामद हुआ । बरामद सामान के बारे में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उक्त बरामद सामान हम दोनो मिलकर नौ सितंबर की रात एक परचून की दुकान से तथा 24 सितंबर की रात नैनहा बरतली स्कूल से चोरी किया था । गिरफ्तार अभियुक्त अमन सरोज पुत्र रामलाल जिलाबदर अपराधी है । थाना संग्रामपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# होमगार्ड को गंगा नदी में धकेलने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ऊंचाहार।** गत बुधवार की शाम कल्यानी गंगा घाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के साथ मूर्ति विसर्जन करने आये दबंगों ने होमगार्ड के साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई की। और उसे जान से मारने की नीयत से गंगा नदी में धकेल दिया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से किसी तरह होमगार्ड की जान बचाई जा सकी। होमगार्ड की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र के छोटा सरबहदा गांव निवासी रामनरेश यादव होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। बुधवार को मूर्ति विसर्जन के अवसर पर लोगों की सुरक्षा को लेकर इनकी ड्यूटी कल्यानी गंगा घाट पर लगाई गई थी। तभी खनधारीपुर गांव के कुछ लोग मूर्ति विसर्जन करने गंगा घाट पहुंचे। और प्रशासन की रोक के बावजूद भी देवी मां की मूर्ति को गहरे स्थान पर गंगा नदी में प्रवाहित करने जा रहे थे। जब होमगार्ड ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो आरोप है होमगार्ड के साथ वो लोग गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। और होमगार्ड को जान से मारने की नीयत से गंगा नदी में धकेल दिया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने होमगार्ड को नदी से बाहर निकाला तब जाकर उसकी जान बच सकी। जिसके बाद होमगार्ड ने दो आरोपितों को पकड़कर कोतवाली ले आया। वहीं तीसरा आरोपित मौके से भागने में कामयाब रहा। कोतवाल संजय कुमार त्यागी ने बताया कि होमगार्ड की तहरीर पर खंधारी पुर गांव निवासी लव कुश कुमार पुत्र फूलचंद, सतीश कुमार पुत्र शालिकराम तथा जागरण पुत्र गुलाब के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लव कुश कुमार व सतीश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं तीसरे आरोपी जयकरण की तलाश की जा रही है। जिसे भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# रामलीला के कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया



**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** किशोर रामलीला समिति हनुमानगंज चौराहा निजामुद्दीनपुर के तत्वावधान में चल रहे रामलीला के दूसरे दिन रामजन्म व नामकरण संस्कार का मंचन हुआ। रामजन्म होते ही अयोध्या में बधाइयां बजने लगी। श्रीराम के जयकारे से वातावरण राममय हो गया।लीला के आरंभ में ऋषियों, मुनियों व तपस्वियों पर असुर अत्याचार करता हैं। रावण अपने दरबार में बैठा है। तभी असुर घ? में रक्त लेकर पहुंचते है। आकाशवाणी होती है कि हे रावण घ? का रंग लाल है इसी में तुम्हारे वंश के विनाश का काल है। रावण घब ?ाकर घ? को जनकपुर में ग ?वा दिया। कुछ समय पश्चात जनकपुर में अकाल प ?ा। निवारण के लिए जनकपुर के राजा और रानी खेत में हल चला रहे थे। हल घ? से टकराकर रुक गया और घ? से सीता के रूप में कन्या उत्पन्न हुई। दूसरी तरफ राजा दशरथ के चौथेपन में वंश को जीवित रखने के लिए चिंतित होना स्वाभाविक है। चिंतित मुद्रा में राजा ऋषि मुनियों के शरण में आते हैं। कुछ समय पश्चात राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न का जन्म हुआ। जन्म के पश्चात सभी भाइयों का नामकरण किया गया। बाल कलाकारों के इस मंचन ने समा बांध दी।इस मौके पर रामसजीवन यादव सुरेश यादव तेजप्रताप यादव ब ?लाल निषाद दिलीप साहू मुन्नालाल निषाद मित्रसेन यादव गगन यादव अमर सिंह यादव लोहा मनीष रवींद्र दयाराम साहू राहुल यादव राजेन्द्र गुप्ता अरुण यादव श्याम जी संदीप निषाद विनीत सहित आदि कलाकार मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्यः डा. अफरोज

संवाददाता। बस्ती

**सदस्य** जज, नेशनल ग्रीन ट्रिबुनल (एनजीटी) प्रिंसिपल ब्रान्च, नई दिल्ली, डा0 अफरोज अहमद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का प्रमुख कर्तव्य है। विकास कार्यक्रमों केसाथ पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के उपाय करने होंगे ताकि नयी पीढी को हम स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण दे सके। वे सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि एन.जी.टी. द्वारा समय-समय पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आदेश जारी किए जाते है। नदी प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध जुर्माना भी लगाया जाता है। स्थानीय प्रशासन आदेशों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि सबसे पहले नागरिको को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए तथा इसके संरक्षण के उपायों पर समय-

## ● नदी में विषैला पदार्थ न छोड़ं, ध्वनि 40 डिसिबल से अधिक ना हो, पंचायतों में सालिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो, प्लास्टिक बैन आदेश पर प्रभावी कार्रवाई हो

समय पर उनसे चर्चा की जानी चाहिए। उन्होने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि नदी में किसी प्रकार का विषैला पदार्थ न छोड़ा जाय। ध्वनि 40 डिसिबल से अधिक ना होने पाये। नगर निकाय तथा ग्राम पंचायतों में सालिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था की जाय। प्लास्टिक बैन आदेश पर प्रभावी कार्यवाही की जाय। कहा कि प्रत्येक शहर में बायोमेडिकल, एलेक्ट्रानिक्स वेस्ट



मैनेजमेंट के लिए भी व्यवस्था करायी जाय। बड़े जलाशयों को चिन्हित करके वेटलैण्ड घोषित कराया जाय। उन्होने बताया कि प्रदेश में पहले केवल दो ही वेटलैण्ड घोषित थे, अब लगभग 10 हो गये है। उन्होने कहा कि प्राकृतिक एंव आर्गेनिक खेती को बढावा दिया जाय। उन्होने बताया कि एन.जी.टी. द्वारा कम्युनिटी रेडियों को बढावा दिया जा रहा है ताकि लोगों को स्थानीय भाषा में पर्यावरण एवं अन्य जानकारी दी जा सकें। इन्होंने वन विभाग सामाजिक वानिकी के अतिरिक्त कृषि वानिकी को बढावा दने का निर्देष दिया। कृषि विज्ञान केन्द्रों से समन्वय करके पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अमल में लाया जाय। नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सालिड एवं लिक्विड वेस्ट अलग करके वर्मी कम्पोस्ट तैयार की जाय। चीनी मिलों तथा बड़े उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण संयत्र अनिवार्य रूप से लगवाया जाय। प्लास्टिक बैन होने की दशा में कागज के लिफाफे एवं डिब्बे को बढावा दिया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में पेड़, पौधों की नर्सरी स्थापित करायी जाय।

डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि जिले की प्रमुख मनोरमा नदी की सफाई के लिए सर्वे कराकर परियोजना तैयार की गयी है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए लाउडस्पीकर उतरवाया गया है। एसडीओ फारेस्ट ए.के. पाण्डेय ने बताया कि जिला पर्यावरण योजना तैयार कर ली गयी है। जिले के ग्रामों में कुल 26 नर्सरी स्थापित है। ईओ नगरपालिका बस्ती दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र की आबादी लगभग 1.25 लाख है तथा यहॉ से 25 टन वेस्ट प्रतिदिन निकलता है। ग्रामीण स्वच्छता मिशन के जिला प्रबन्धक राजाशेर सिंह ने बताया कि 05 हजार से अधिक आबादी के 13 ग्राम पंचायतों में सालिड एंव लिक्विड वेस्ट अलग-अलग कराया जाता है। मत्स्य के संदीप वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष निजी क्षेत्र के 60 तालाबों में मत्स्य पालन शुरू कराया गया है। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने सभी का स्वागत किया। उन्होने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मनरेगा के अन्तर्गत नर्सरी स्थापित करायी जा रही है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, अर्थ एवं संख्याधिकारी मो0 सादुल्ला, जलनिगम, पशुपालन, पीडब्ल्यूडी, भूगर्भ जल, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# विधायक ने घायलों के इलाज में हर मदद का दिया भरोसा



बीआरडी मेडिकल कालेज में मरीजो का हाल जानते मेंहदावल विधायक

**संतकबीरनगर।** जनता के प्रति समर्पित रहने वाले मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी की संवेदनशीलता बुधवार की रात देखने को मिली झुड़िया पुल पर ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से घायल मरीजो का हाल जानने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदावल से लेकर गोरखपुर तक पूरी रात दौड़ते रहे। क्षेत्र में कोई भी घटना घटने पर मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी सक्रिय रहते है। अभी कुछ दिन पूर्व झुड़िया पुल पर ही एक घटना में एक परिवार के 3 लोगो की मृत्यु होने के बाद उन्होने झुड़िया पुल को ब्लैक स्पाट घोषित करने की मांग लोक निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र देकर मांग किये थे। उन्होने घायलो को बेहतर ईलाज दिये जाने के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज के चिकित्सको से वार्ता की। उन्होने कहा कि मरीजो के स्वस्थ होने में जो भी सहायता की जरूरत पड़ेगी उसके लिए वह तैयार खड़े है।

# बस्ती मेडिकल कालेज के दो चिकित्सक किए गए निलंबित

**बस्ती।** मेडिकल कालेज के दो डाक्टरों को निलंबित कर दिया गया है। लखनऊ की एक महिला ने दोनों चिकित्सकों पर रेप का आरोप लगाया था। इसीक्रम में आज मेडिकल कालेज प्राचार्य ने दोनों चिकित्सकों को निलंबित कर दिया।महिला ने मेडिकल कालेज ब्लड बैंक के प्रोफेसर डा. सिद्धार्थ शंकर सिन्हा और सहायक प्रफेसर पैथालाजी कमलेश गौतम पर रेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आज इसी सिलसिले में प्राचार्य डा.मनोज कुमार ने उनके निलंबन के आदेश जारी किए हैं।

# झुड़िया मोड़ पुल दुर्घटना में घायलों की कुशलक्षेम जानने के लिए अस्पताल पहुंचे डीएम-एसपी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने विगत दिवस देर सांय दूर्गा प्रतिमा/मूर्ति विसर्जन कर वापस आते समय हुए हादसे का निरीक्षण करने जिला अस्पताल पहुंचकर श्रद्धालुओं/घायल व्यक्तियों का कुशलक्षेम जाना। बताया गया कि दुर्घटना में घायल सभी 11 व्यक्ति बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरसन गांव के निवासी है, जो ट्रैक्टर ट्राली पलटने के कारण दुर्घटना में घायल हुए है। घायलों के इलाज हेतु 11 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया और प्राथमिक इलाज



जिला अस्पताल पर मरीजों का कुशलक्षेम जानते डीएम-एसपी

मेंहदावल सीएससी पर इलाज किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल डीएम व एसपी द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर सभी घायल श्रद्धालुओं का हाल चाल पूछने पर सीएमओ से जानकारी हुई कि इसमें से पॉच लोगों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल से फोन पर वार्ता कर रेफर व्यक्तियों के समुचित इलाज एवं किसी भी प्रकार से कहीं कोई इलाज में लापरवाही ना हो सके इसके लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में भर्ती व्यक्तियों का कुशलक्षेम पूछते हुए सीएमओ/सीएमएस को निर्देशित किया यहां पर भर्ती लोगों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम और सीओ को भी निर्देशित किया है कि घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कराकर आख्या प्रस्तुत करे।

# स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी को रखना होगा आभा कार्ड

## मरीजों का सारा विवरण होगा कार्ड में उपलब्ध नये साल के पूर्व जिले के समस्त केन्द्रों पर लगेगा हेल्थ एटीएम मशीन

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब योजना का लाभ पाने वाले हर मरीजों के लिए आभा कार्ड बनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठा रहे लोगों के लिए दीपावली के बाद से आभा कार्ड बनेगा। इस कार्ड में मरीजों की पहले की बीमारियों की पूरी जानकारी ऑनलाइन अपडेट हो जाया करेगी।यह सब कार्ड संख्या कम्प्यूटर में डालते ही सामने आ जाएगी। यह आईडी प्रूफका भी काम करेगा। आभा कार्ड आधार कार्ड या डाइविंग लाइसेस होने पर ही बनेगा। इसके साथ जिले को नये साल के पूर्व ही एक तोहफा हेल्थ एटीएम मशीन भी दिया जायेगा। उसके माध्यम से कोई भी जांच की रिपोर्ट मात्र एक घण्टे के अन्दर मिल जायेगा। जिससे मरीजों का उपचार बिना विलम्ब के साथ शुरू कर दिया जायेगा। विभाग इस गति के साथ काम कर रहा है आने वाले दिनों में किसी को कोई भी रोग शुरू होते ही उसका उपचार कर दिया जायेगा।जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि यह कार्ड मण्डलीय चिकित्सालयए महिला चिकित्सालय के अलावा 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ही बिल्कुल निशुल्क बनाया जायेगा। यह कार्ड विभागीय स्तर से दीपावली से बनाये जाने की तैयारी है। कार्ड बनाने के लिए जिले में उपलब्ध 117 सीएचओं को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके बाद डीपीएम ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए 12 टीम गठित किया गया है। हर टीम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा एक सीएचओ रहेगा । जो हर केन्द्रों पर तिथिवार प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी। उसके बाद दीपावली त्यौहार के बाद यह मरीजों के लिए तोहफा देने का कार्य करेगी। आभा कार्ड बनाने की शुरूआत जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा। यह व्यवस्था आज की तिथि में गुजरात प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग दे रहा है। वही व्यवस्था अब शीघ्र प्रदेश में भी शुरू होने जा रही है। इसके लिए प्रदेश स्तर से भी समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को एक माह पूर्व ही पत्र देकर सूचित कर दिया हैं।

**रोजगार मेला 10 कोः** कानपुर देहात। निदेशकए प्रशिक्षण एवं सेवायोजनए उ0प्र0ए लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए अकबरपुर कानपुर देहात में 10 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद कानपुर देहात की प्रतिष्ठित अधिष्ठानध्उद्योग व अन्य कम्पनीज प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त मेले में आई0टी0आई0ए पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण एवं हाईस्कूलध्इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यार्थी समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 03:00 बजे तक मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति के साथ उक्त मेले प्रतिभाग कर अप्रेन्टिसशिपध्रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# सुनो सरकार, सैनिक परिवार की गुहार



पीड़ित सैनिक परिवार — पायनियर

## ● कोतवाली क्षेत्र के निपनिया में सैनिक के परिवार की जमीन कब्जा करने का मामला

संवाददाता। बस्ती

**कोतवाली** थाना क्षेत्र के निपनिया गांव के एक सैनिक का परिवार आज न्याय के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। अपने सैनिक पिता को सम्मान दिलाने के लिए बेटा सीएम से लेकर डीएम तक अपनी गुहार लगा चुका है मगर आज तक उसे कही से न्याय नहीं मिल पाया, और पिता को सैनिक कोटे में सरकार द्वारा मिली जमीन पर दबंग धड़ल्ले से कब्जा कर रहे है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया गांव के रहने वाले विनोद कुमार भले ही अब दुनिया में नहीं है मगर आज भी उनका परिवार अपने मुखिया के सेना में होने की सजा भुगत रहा है, बेटे मुकेश अपने पिता को आज भी वो सम्मान नहीं दिला पाए जिसको उनके पिता को सरकार से मिला था। घर के आंगन में पड़े मेडल और सर्टिफिक्रेट इस बात की गवाही भले ही दे रहे हो कि सेना में रहते हुए विनोद कुमार ने अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया, जब वे रिटायर हुए तो 10 अक्टूबर वर्ष 2014 को जीवन यापन करने के लिए सैनिक कोटे से एक बिस्वा जमीन आवंटित हुआ, सैनिक विनोद कुमार ने सोचा जब सरकार ने उन्हें सम्मान के तौर पर जीवन यापन के लिए जमीन दी है तो फिर उस पर कोई कब्जा कैसे कर सकता है। धीरे धीरे समय बीता और किडनी की बीमारी से सैनिक विनोद कुमार की मौत वर्ष 2018 में इलाज के दौरान हो गई। इससे पहले विनोद की पत्नी की भी मौत हो चुकी है, अब दिवंगत सैनिक विनोद के बेटे मुकेश के कंधों पर परिवार की सारी जिम्मेदारी आ गई। मुकेश अपनी नौकरी छोड़कर पिता और माता की सेवा करता रहा मगर ईश्वर को कुछ और मंजूर था और दोनो ने उसका साथ छोड़ दिया। मुकेश ने सोचा अब पिता को आवास बनाने के लिए सरकार ने जो जमीन पट्टे में दी थी उस पर मकान बनाकर पिता के सपने को पूरा करे। तभी मुकेश ने देखा जिस जमीन को सरकार ने सैनिक कोटे से उनके पिता को आवास के लिए पट्टा किया था उस पर अनिरुद्ध नाम के एक शख्स द्वारा कब्जा जमाया जा रहा है। इसकी शिकायत करने वे डीएम और एडीएम के पास पहुंचे, मगर लेखपाल द्वारा अधिकारियों को यह कहकर बंगला दिया गया कि सैनिक विनोद कुमार को जिस जमीन का पट्टा सरकार से हुआ है उसका और कब्जा करने वाले शख्स अनिरुद्ध का गाटा संख्या 429 ख एक ही है, ऐसे में अधिकार पहला सैनिक के परिवार का है उसके बाद पीछे बची जमीन पर दूसरे काश्तकारों की जमीन है बावजूद इसके जबरन तरीके से सैनिक के हिस्से की जमीन पर भी दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। सैनिक के परिवार पर प्रशासन को जरा भी दया नहीं आ रही, और न्याय के लिए दिवंगत सैनिक का बेटा इधर उधर भटकने को मजबूर है। वहीं सदर तहसील के उप जिला मजिस्ट्रेट शैलेश दुबे ने इस पूरे मामले को लेकर बताया कि प्रकरण की जांच कराई गई है, सैनिक परिवार को सैनिक कोटे से पट्टे में एक बिस्वा जमीन दी गई थी, उन्हे बताया गया कि कुछ लोग सैनिक परिवार की जमीन पर कब्जा कर रहे है जिस पर अवैध निर्माण को रोकने का आदेश कर दिया गया है और जांच करवाई जा रही है, सैनिक परिवार को उनका पूरा अधिकार दिलवाने के लिए तहसील प्रशासन कटिबद्ध है।

# आसमान से बरस रही आफत तो वही राप्ती नदी के रौद्र रूप से सहमे ग्रामीण

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिले में 40 घण्टे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है बारिश का पानी लोगो के घरों में प्रवेश कर गया है जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस आसमानी आफत के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा हैए लगातार हो रही बारिश से मुख्यालय भिनगा सहितए इकौना नगर में बारिश का पानी लोगो के घरों व मकानों में घुस गया है लोग अपने स्तर से पानी को घर से बाहर निकालने में जुटे हैं बाढ़ का पानी कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश कर गया है। बारिश के चलते जिला प्रशासन ने लोगो से अपने घरों में रहने की अपील की है बारिश के चलते कई क्षेत्रों में विधुत सप्लाई बाधित है। लगातार दो दिनों से हो रही भीषण बारिश व पड़ोसी देश नेपाल के पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से पश्चिमी राप्ती कुसुम से छोड़े गए पानी से श्रावस्ती के जमुनहा क्षेत्र से होकर बहने वाली राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। गुरुवार को दोपहर में राप्ती बैराज पर नदी का जल स्तर 127.70 के स्थान पर 129.10 मापा गया।

# शांतिपूर्ण ढंग से मां की प्रतिमाएं विसर्जित, भारी बारिश के बाद भी मेलार्थियों ने मनाया दशहरा पर्व

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जनपद** में शांतिपूर्ण ढंग से मॉ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन कार्य पुलिस प्रशासन की निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह विसर्जन स्थलों पर तैनात अधिकारियों से जानकारी लेते रहे। भारी बारिश के बाद भी जुलूश में मेलार्थियों व भक्तों की भारी भीड़ रही और नाचते-गाते भक्ति गीतों में शहर से होकर विसर्जन स्थल तक उल्लास पूर्ण वातावरण रहा। बुधवार को समय माता मंदिर समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित मेलार्थियों के लिए प्रसाद वितरण का शुभारम्भ खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्वप्रथम मंदिर में पूजन अर्चन कर 9 कन्याओं को भोजन कराया। उसके बाद मेलार्थियों में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर प्रिंस वर्मा, नवीन गुप्ता, श्रवण कुमार अग्रहरि, अमित जैन, बनार्जी लाल अग्रहरि, पुष्कर चौधरी, खलीलाबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, राजीव कसेरा, राकेश गुप्ता, राधे जायसवाल, विवेक श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश सिपाही सहित समिति पदाधिकारी एवं सभ्रान्त नागरिक उपस्थिति रहे। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित करने वाली समितियों के सहयोग से दुर्गा



प्रसाद वितरित करते सदर विधायक — पायनियर

प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस सफल रही। ज्ञात हो कि जिले में नवरात्र के अवसर पर भारी उत्साह व जोश-खरोश देखने को मिलता है तथा भक्तों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन करके पूर्व को भव्यता प्रदान की जाती है। भगवती जागरणों में मशहूर कलाकारों की आमद से श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ जाता है। श्री समय जी सेवा महारानी ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा समय जी माता मंदिर परिसर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने किया। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने भी भण्डारे का आयोजन कर इसमें भागीदारी की। वहीं पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल ने कई स्थानों पर मां दुर्गा के चरणों में नमन करने के बाद भण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर बनार्जी लाल अग्रहरि, पुष्कर चौधरी, श्रवण अग्रहरि, अमित जैन सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जिले में हो रही वर्षा एवं बाढ़ के मद्देनजर जिला स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित बाढ़ कण्ट्रोल रूम से लेकर जिले का सुबह से ही निरन्तर कई गाँवोए राप्ती वैराज एवं भखला पुल का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम वीरपुर लौकिया एशिकारी चौड़ा सहित दर्जनों गाँवो का दौरा कर ग्राम वासियों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने ग्रामीणों से कहा किबसभी लोग धैर्य एवं संयम से स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित करें अपने गाँव और पास पड़ोस वालो को भी धैर्य एवं संयम बरतने के लिए प्रेरित करेंए और सुरक्षा के दृष्टिकोण से यदि पानी बढ़ता है तो बाढ़ पीड़ितों हेतु स्थापित आश्रय स्थल में जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अलावा लोग अपने क्षेत्र के तहसीलदार के नंबर पर भी फोन कर सूचित कर सकते हैंए उन्होंने बताया है कि क्रमशः तहसीलदार भिनगा का मोबाइल नम्बर. 94544 16092ए तहसीलदार इकौना का मोबाइल नंबर. 94544 16093 एवं तहसील दार जमुना का मोबाइल नंबर. 94544 16 095 है। जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ चौकी प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में व्यापक निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले में स्थापित हर बाढ़ चौकियों पर जरूरी दवाओं के साथ मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

# भाजपा नेत्री के नये प्रतिष्ठान का सांसद ने किया उद्घाटन

## ● जनता की मनी बचत अब सम्भव है इलेक्ट्रिक बाइक लेकर बचाएं पैसाः दुष्यन्त अग्रहरि

संवाददाता। संतकबीरनगर

**दशहरा** पर्व के दिन जनपद की सक्रिय भाजपा नेत्री/महिला मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्षा श्रीमती सुनीता अग्रहरि एवं उनके पति एडवोकेट दुष्यंत अग्रहरि के नये प्रतिष्ठान एसडी एसोसियेट/अखिलेश मोटर्स शोरूम का उद्घाटन सांसद इं0 प्रवीण निषाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता अग्रहरि एवं दुष्यंत अग्रहरि ने अतिथियों का स्वागत चॉदी का मुकुट पहनाकर सांसद, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रो0 एडवोकेट दुष्यंत अग्रहरि ने कहा कि महंगाई के दुष्टिकोण से इलेक्ट्रानिक बाईक जनता की मनी बचत होगी। उन्होने कहा कि पेट्रोल-डीजल वाहनो के सापेक्ष इलेक्ट्रानिक बाईक सर्विस



शोरूम का उद्घाटन करते सांसद इं0 प्रवीण निषाद — पायनियर

खर्च बहुत ही कम है। आसान किस्तो पर इलेक्ट्रानिक बाईक उपलब्ध है। भारी बारिश के बाद भी भाजपा नेत्री सुनीता अग्रहरि के नए प्रतिष्ठान पर सभ्रान्त नागरिको का हुजुम सुबह से ही आने-जाने का क्रम लगा रहा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान, इं0 जीविता अग्रहरि, डॉ0 एन0एन0 श्रीवास्तव, डॉ0 आलोक सिन्हा, डॉ0 विवेक खन्ना, डॉ0 संजीव श्रीवास्तव, डॉ0 अशोक चौधरी, डॉ0 अशरफ अली, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, सुधाशु सिंह, अमरेश सिंह, रामकुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिपाही, पंतजलि अग्रहरि, सतविन्दर पाल जज्जी, विमला सिंह, तारा राय, नीलम, मंजू, सुनीता मोदनवाल, समस्त रोटेरियन पदाधिकारी सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का डीएम ने एडीएम के साथ किया निरीक्षण



संवाददाता। संतकबीरनगर

**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय पर बने ई0बी0एम0 गोदाम का निरीक्षण प्रत्येक माह 05 तारीक से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाना होता है तथा इसकी आख्या मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाता है। तत्क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने ई0बी0एम0 गोदाम का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी(न0नि0)/अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 में नगरीय निकायों के निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण, 2022 में वर्तमान में बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही करते हुये वृद्धि, शुद्धि एवं लोप की कार्यवाही की जा रही है, जो आगामी 20 अक्टूबर, 2022 तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ऐसे सभी अर्ह भारतीय नागरिक जो किसी नगरीय निकाय के किसी वार्ड (कक्ष) के अन्तर्गत सामान्य रूप से निवास कर रहे हैं और जो गत 01 जनवरी, 2022 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिये है वे अपने निवास स्थान से सम्बन्धित नगरीय निकायों के वार्ड (कक्ष) की निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराने के अर्ह होंगे। बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो। उन्होंने बताया कि त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली लोकतंत्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। उन्होंने समस्त नगरीय निकाय के निवासियों से अपेक्षा की है कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण हेतु आपके घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 7 अक्टूबर 2022



# नम आंखों से देवी भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का किया विसर्जन

● तालाबों पर तैनात रहा भारी पुलिस बल

● शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ दुर्गा विसर्जन

संवाददाता। चित्रकूट

**नौ दिनों** तक जिले में मां दुर्गे की प्रतिमा की तन-मन-धन से सेवा करने वाले लाखों भक्तों ने नम आंखों से मां को अंतिम विदाई दी। जिले के सभी तालाबों व नदी घाटों किनारे गड्ढ़े में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन विधि-विधान व पूजा-पाठ के साथ किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा के चौकस इंतजाम किये थे।

गुरुवार को शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जिले के चारों ओर मां दुर्गा पूजा के गीत-संगीत से सराबोर शहर में देवी भक्तों ने अबीर-गुलाल व जय माता दी के नारे लगाते हुये देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करने को तालाबों व चिन्हित स्थानों की ओर गये। भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। दुर्गा पूजा समितियों के आयोजक सवेरे से विसर्जन की तैयारी में जुटे थे। सभी मोहल्लो में सजी देवी प्रतिमाओं की महाआरती की गई। इसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद कमेटी के सदस्यों ने धूमधाम से अबीर-गुलाल की बौछार के बीच देवीगीतों की धुन पर नाचते-झूमते तालाबों की ओर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु टैक्टर में देवी मूर्ति रखकर लाये थे। टैक्टरों में परम्परागत गीत-संगीत चलता रहा।

अपरान्ह एक बजे से तालाबों व नदी घाटों के किनारे शुरू विसर्जन देर रात तक चला। श्रद्धालुओं ने राणन तालाब, रानीपुर भट्ट, दुर्गादास तालाब, शिवशंकर तालाब बनकट समेत जिले के चिन्हित एक सैकड़ा से अधिक



तालाबों में मूर्ति विसर्जन कराया। तालाबों में डटे श्रद्धालुओं की भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गे को अंतिम विदाई दी। भक्तों ने नाव में रखकर मूर्ति को प्रवाहित किया। मूर्ति विसर्जित होते ही भक्तों की आंखें छलछला उठीं। जयकारा करते हुये भक्त अगले बरस नवरात्र पर्व जल्द आने की कामना लेकर वापस आये। इस दौरान व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ व्यवस्था में लगे प्रशासन का सहयोग किया। मानिकपुर, पहाड़ी, मऊ, लालतारोड, राजापुर, सीतापुर प्रतिनिधि के अनुसार, मानिकपुर में भरोसा सिंह सागर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। विसर्जन के दौरान पहले मैं व तू को लेकर नोंक-झोंक व तीखी बहस के बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहाड़ी के कुछ दुर्गा समितियों के लोगों ने अलग-अलग तालाबों पर विसर्जन किया। राजापुर व मऊ में भी देवी प्रतिमायें विसर्जित की गईं।

### फिल्मी गीतों में थिरकते रहे देवी भक्त

**चित्रकूट।** मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन में देवीगीत के अलावा कई घण्टों तक फिल्मी व फूहड़ गीतों की बहार रही। अबीर-गुलाल में नहाये युवक शराब पीकर पूरे रास्ते हुड़दंगबाजी करते देखे गये। फिल्मी गीतों पर शराब के नशे में धुत्त युवक सडकों पर नाचते रहे। इन्हें देखकर लोगों के मुंह से निकला कि यही असली देवी भक्त हैं।

### मन मसोस कर रह गये आयोजक

**चित्रकूट।** जिले की किसी भी नदी में इस वर्ष दुर्गा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती से हाईकोर्ट के रोक लगाने के आदेश का पालन कराने को डीएम व एसपी का रवैया खासा कड़ा रहा। इसके चलते प्रतिवर्ष की भांति नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कर नदी में प्रदूषण फैलाने वाले आयोजकों को मन मसोस कर रह जाना पड़ा। हालांकि कुछ देवी प्रतिमाओं के आयोजक मंदाकिनी व अन्य नदियों में विसर्जन का मन बनाये रहे। नदियों में प्रतिमा विसर्जन रोकने को जिला मुख्यालय समेत कस्बाई क्षेत्रों में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## बिचौली पहुंचे पीडी ने विकास कार्यों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**गुरुवार** को ग्राम पंचायत बिचौली में जिला परियोजना अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुमताज अली, तकनीकी सहायक सोहन लाल वर्मा, ग्राम प्रधान महेश कुमार एवं रोजगार सेवक प्रवीण सिंह सहित अनेकों ग्रामीणों की मौजूदगी में गांव में कराये गये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

परियोजना अधिकारी डा. शिवाकांत द्विवेदी ने सीसी निर्माण कार्य लज्जाराम के दरवाजे से प्राथमिक विद्यालय तक लंबाई लगभग 150 मीटर सीसी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और नाला निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया हर पल के घर से राजेश दोहरे के घर तक मरम्मत कार्य जिसकी लंबाई लगभग 90 मीटर का भी निरीक्षण किया जो मानक के अनुरूप पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सीसी निर्माण कार्य जो लज्जाराम के



दरवाजे से प्राथमिक विद्यालय तक कराया गया पूरा खड़ंजा उखड़ चुका था जिससे ग्रामीणों व स्कूल के छात्रों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तो ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधान बिचौली महेश कुमार ने शीशी निर्माण कार्य कराया उस समय इलेक्शन भी था जिससे गाड़ियों को स्कूल तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी तो प्रशासन का भी आदेश था इसलिए यह सीसी निर्माण कार्य बहुत जरूरी था जो प्रधान द्वारा कराया गया जबकि यह खड़ंजा निर्माण पूर्व प्रधान अनीता गुप्ता पत्नी राजू गुप्ता के द्वारा सन 2018 में निर्माण कराया गया था जो पूर्ण रूप से तालाब में समाहित हो चुका था।

## क्विक न्यूज

### शिक्षक को मारपीट कर जख्मी कर दिया,रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गाँव निवासी ग्रामीण ने बीती शाम घर जाते समय पुरानी रंजिश केचलते रास्ते में रोककर लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के मनकी खुर्द गाँव निवासी जगत सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती शाम गाँव के छोटे लाल के घर से तगादा करके अपने घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में गाँव के ही मुन्नू निषाद ,रामायण,कुंवर सिंह , संदीप ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे मना करने पर चारो ने मिलकर लाठी डंडे से मारपीट की जिससे मेरे सिर व हाथ पैर में चोट आई है। सिर में चोट लगने से में बेहोश होकर गिर गया। शोर सुनकर ग्रामीण आये तथा बचाव किया। वह लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट कर घायल करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### कुल्हाड़ी से वार कर घायल किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बेरी गाँव के रिटायर्ड शिक्षक ने तीन लोगो कुल्हाड़ी से वार कर जख्मी कर दिया है।क्षेत्र के बेरी गाँव निवासी रिटायर्ड शिक्षक रामआसरे सिंह न पुलिस को बताया कि अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी मोहल्ले के सदाराम सिंह, सजंय सिंह, व सतेंद्र ने आकर गाली गलौज किया मना करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे सिर में चोट आई है। पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### विर्सजन के लिये जा रहे युवक को चौपहिया वाहन ने रौंदा

**राठ (हमीरपुर)।** उरई मार्ग स्थित गोहांड तिराहे के पास देवी विसर्जन करने के लिए पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रौंद दिया। घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। जरिया थाने के गोहांड निवासी 22 वर्षीय विपिन पुत्र जगदीश बुधवार की दोपहर देवी विसर्जन करने के लिए जा रहा था। तभी गोहांड तिराहे के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई थी। मृतक युवक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र देवी विसर्जन करने के लिए मुहाना नदी में जा रहा था। तभी चार पहिया वाहन ने रौंद दिया। मौके पर ही पुत्र की मौत हो गई थी। बताया कि उसके पुत्र के पास करीब 15 बीघा जमीन थी। उसके साथ वह खेती करता था। युवक की मौत पर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष जरिया ने बताया कि मृतक के मामा की तहरीर पर कार चालक केके निवासी मझगवां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपित की तालाश की जा रही है।

### कुयें में गिरने से वृद्ध की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के टोला रावत गांव में कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। टोला रावत गांव निवासी 85 वर्षीय शिंभू पुत्र उदैया अहिरवार गुरुवार को घर के बाहर बने कुएं में असंतुलित होकर गिर गया। स्वजनों और ग्रामीणों ने कुएं के अंदर चारपाई डालकर रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर वृद्ध को बाहर निकाला। तब तक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो पुत्र रामनारायण और पृथ्वीराज को छोड़ गया गया। थानाध्यक्ष मझगवां पंकज तिवारी ने बताया कि असंतुलित हो वृद्ध कुएं में गिर गया था।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के पवई गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण तलाशने में पुलिस जुटी है। पवई गांव निवासी शिवराम विश्वकर्मा गांव के बस स्टैंड के पास खराद बैल्डिंग की दुकान किए है। उसका इकलौता बेटा शंकर (32) भी उसके काम में हाथ बटाता था। गुरुवार को सुबह शिवराम किसी काम से सरीला गया था। शिवराम ने बताया कि उसका बेटा शंकर दुकान पर ही नहीं गया था। मकान के आगे के कमरे में लेटा था। पत्नी अपनी बहू के साथ घर के अंदर काम कर रही थी। काफी देर बाद बहू लाली कमरे में गई तो शंकर पंखे के हुक से फांसी पर लटका था। उसकी मौत हो चुकी थी। उसके एक बेटा पीयूष (9) बेटी बेटू (6) है। बताया कि आत्महत्या का कारण पता नहीं चल रहा है। घटना के बाद से मृतक के घर कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष जरिया रामआसरे सरोज ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान, जमकर हुई हाथापाई

**हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव में मूर्ति विसर्जन के लिए गांव में निकाले जा रहे जुलूस में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षो में जमकर हाथापाई हुई।एक पक्ष के रतिराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह मूर्ति विसर्जन का जुलूस देखने गया था। लौटते समय अभय सिंह, रामजी सविता निवासी मवईजार व राम सिंह निवासी छानी बुजुर्ग उसे अकारण ही गालियां देने लगे। एतराज करने पर उसे जमीन में गिराकर डंडों से पीटा। जिसे बचाने आए उसके पुत्र धर्मेंद्र व बुआ फूलकली को भी मारापीटा।

### बारिश से भीगे रावण व मेघनाथ के पुतलों को जलाने में करनी पड़ी मशक्कत

**हमीरपुर।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व बुधवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर दशहरा पर्व की बधाई दी। हालांकि बारिश ने पर्व पर खलल डाला। बारिश के चलते पुतले भींग जाने से जलाले में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शहर के परेड ग्राउंड में दशहरा मिलन समारोह एवं मेला का आयोजन हुआ।शहर भ्रमण के बाद शोभायात्रा परेड ग्राउंड पहुंची। रावण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। उधर नगर पालिका के पंडाल में जिलाधिकारी डॉ.चंद्रभूषण, पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, चेयरमैन कुलदीप निषाद, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार आदि अधिकारियों ने लोगों को बधाई दी। बारिश ने पर्व में खलल डाला। दोपहर में शुरू हुई बारिश देर शाम तक चलती रही। जिससे रावण व मेघनाद के पुतले भीगने से जलाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### आर्म जीव्स की सेवाओं में विस्तार

**लखनऊ।** स्वदेशी ई कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी सर्विस आर्म जीव्स की सेवाओं में विस्तार की घोषणा की है। ग्राहकों तथा व्यवसायों के लिए पोस्ट.सेल्स एंड टू एंड सर्विस सॉल्यूशंस की पेशकश करने वाली जीव्स अपनी विस्तारित सेवाओं के जरिए ग्राहकों को होम एप्लायंसेज़ मोबाइल्स आईटी प्रोडक्ट्स फर्नीचर कंज्यूमर इलैक्ट्रॉनिक्स आदि समेत अन्य कई उत्पाद श्रेणियों की विस्तृत रेंज के लिए सेवाएं प्रदान करेगी। निपुण शर्मा सीईओ जीव्स फ्लिपकार्ट ने कहा, घरेलू ब्रैंड के तौर पर हमारा प्रयास भारत के गतिशील डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाने का रहता है।

### न्यायालय आये ग्रामीण की बाइक चोरी

**जालौन (उरई)।** न्यायालय में आए व्यक्ति की बाइक कोर्ट के बाहर से अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाई। पीड़ित ने वाहन चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू की। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गधौसा निवासी जसवंत ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते मुंसिफकोर्ट आए थे।

## रावण दहन के बाद धूमधाम से मना दशहरा

**चित्रकूट।** रावण दहन की खुशियां पूरे देश में मनाई जा रही है। भगवान राम की तपस्थली के चलते यहां के दशहरे की अलग ही ख्याति है। रावण दहन के बाद लोगों ने गले मिलकर दशहरा पर्व मनाया। बुधवार को जिला मुख्यालय के धुस मैदान में सबसे पुरानी रामलीला में रावण दहन का मंचन हुआ। इस मंचन में रावण वध को लेकर रामलीला मैदान में सूर्यास्त होते ही रावण का अंत भगवान राम के बाणों से हुआ। ये मंचन देखने को तकरीबन दस हजार लोग धुस मैदान परिसर में एकत्र हुए। बुराई का अंत और सच्चाई की जीत का जश्न लोगों ने गले मिलकर मनाया। माना जाता है कि ये रामलीला सैकड़ों वर्ष पुरानी है। चित्रकूट के घाट पर गोस्वामी तुलसीदास को अपने अराध्य भगवान राम के दर्शन हुए थे। इसके बाद उन्होंने श्रीरामचरितमानस लिखा था। सरल भाषा में लोगों ने रामायण को जाना। सबसे पहले रामलीला का मंचन चित्रकूट और काशी में हुआ।

## गाजे-बाजे के साथ जिले में मां को दी गयी विदाई

संवाददाता। हमीरपुर

**गुरूवार** को दुर्गा प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर विसर्जन किया गया। हाईवे पर दुर्गा प्रतिमाओं के पहुंचने से जाम सा लगा रहा। इस दौरान वाहनों को रेंगते हुए निकलना पड़ा। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों देवी मंदिरों के साथ देवी पंडालों में मां के सभी रूपों की पूजा अर्चना की गई। सुबह शाम आरती में सैकड़ों की भीड़ उमड़ती रही। गुरूवार को इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व शहर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें युवक युवतियां डीजे की धुनों पर नाचते गाते चल रहे थे। लोगों पर जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। शहर भ्रमण के बाद देर शाम प्रतिमाओं का बेतवा नदी में शंकरी पीपल के पास गड्ढों में विसर्जन किया गया। सुमेरपुर के अनुसार श्रद्धा व उत्साह के साथ देवी भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम विदाई दी। कस्बा सहित



दुर्गा विर्सजन के लिये जाती प्रतिमा पायनियर

आसपास के गांवों में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमाओं को गायत्री तपोभूमि प्रांगण तालाब में विसर्जित किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी कस्बा सहित आसपास के गांवों में रखी गई दुर्गा प्रतिमाओं को गायत्री तपोभूमि तालाब में विसर्जित किया गया। इस मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर मूर्तियों का विसर्जन कराते रहे। सरीला संवाददाता के अनुसार नगर में देवी प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। नगर के मांझखोर, सूरईदाई, मुख्या बाजार में सजे मां दुर्गा पंडालों में हवन पूजन के बाद प्रतिमाओं का नगर भ्रमण जुलूस निकाला गया। जिसमें डीजे की धुन में युवा व माताएं बहने अबीर गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन में मां के जयकारे लगाते नृत्य करते हुए चल रहे थे। देवी मां को नम आंखों से विदाई दी। देवी प्रतिमाओं का जलालपुर, चंडौत व चिकासी गांव के पास बेतवा नदी किनारे गड्ढों में विसर्जन किया गया। इस मौके पर नदी किनारे एसडीएम खालिद अंजुम, सीओ घनश्याम सिंह, चंडौत में जरिया थाना प्रभारी राम आसरे सरोज, थानाध्यक्ष जलालपुर संजय सिंह, चिकासी थानाध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा व लेखपाल मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग में आटा चक्की सहित मुर्गी फार्म हुआ स्वाहा

**जालौन (उरई)।** ग्राम सहाव में बिजली की शॉर्ट सर्किट होने से आटा चक्की एवं मुर्गी फार्म में आग लग गई। जिसके कारण लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। तहसील क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी शिवराज पुत्र आसाराम ने बताया कि उसके खेत पर आटा चक्की लगी हुई है। उसी के पास मुर्गी फार्म है जिसमें लगभग 800 मुर्गी के बच्चे थे। बुधवार की रात सभी लोग घर पर दशहरा मना रहे थे। रात करीब 11 बजे अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से आटा चक्की में आग लग गई। आग लगने से चक्की में रखा सारा सामान, 20 क्विंटल आटा, दो बाइक, एक कुटी मशीन समेत 10 हजार रुपये नगद जलकर राख हो गए। आग बढ़ती हुई मुर्गी फार्म में भी पहुंच गई। जिससे मुर्गी फार्म का सामान, दाना समेत 800 मुर्गी के बच्चे भी जल गए। ग्रामीणों ने मिलकर जब तक आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ जलकर समाप्त हो गया था।

## डीएम ने दो खिलौना बैंकों का फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी** चाँदनी सिंह ने जनपद में नवाचार के रूप में आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिये 'खिलौना बैंक' की स्थापना विकास भवन उरई में फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी द्वारा कलैक्ट्रेट परिसर एवं विकास भवन परिसर में एक-एक खिलौना बैंक की स्थापना की गयी। जिलाधिकारी द्वारा खिलौना बैंक पेटिका में खिलौने जमा करते हुए कहा कि समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों कहा कि वह नये, पुराने खिलौनों को "खिलौना बैंक" पेटिका में जमा करें, यह खिलौने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के खेलने हेतु प्रयोग में लाये जायेंगे। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्कूल पूर्व शिक्षा से लाभान्वित हो सके। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खिलौना बैंक पेटिका



में खिलौने जमा करते हुये समस्त अधिकारियों से भी अपील की कि वह भी खिलौना बैंक में खिलौना जमा करें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में खिलौने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित किये जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद ने कहा कि उक्त खिलौना बैंक की स्थापना जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की प्रेरणा से जनपद में नवाचार के रूप में की गयी है। जिसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खिलौनों के माध्यम से बच्चों को खेल के साथ प्री-स्कूल शिक्षा से लाभान्वित कराना है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों सहित वरिष्ठ लिपिक रमाकांत दोहरे व आदर्श तिवारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के खेलने हेतु "खिलौना बैंक" में खिलौना जमा किये गये।

## वावली में आयोजित दंगल में पहलवानों ने दिखायें दांवपेंच

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम वावली में दशहरा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्य अतिथि मूलचंद्र निरंजन विधायक, अमित निखरा, आशीष चतुर्वेदी, गोलू पालीवाल उदयन पालीवाल पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने दूर दराज से आए पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। विशाल दंगल में रैफरी में बड़े लला कुठौंद महाराज धातू पंडा बाबई तेजराम वावली की मुख्य भूमिका रही। दंगल में काफी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर दाव पेंच दिखाए आयोजनकर्ताओं की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हम युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर कर सकते है। यह एक बेहतर प्रयास है। और इस हम सभी को आगे लेकर जाना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों सहित सामाजिक कार्यों की ओर अग्रसर हों स ताकि समाज को बेहतर दिशा की ओर आगे लेकर जा सके।

## राशन का चावल ले जाती पिकप को पूर्ति निरीक्षक ने पकड़ा

● गाड़ी चालक सहित दो के विरुद्ध दर्ज करायी एफआईआर

संवाददाता। जालौन (उरई)

**बाजार में** बिकने जा रहा सरकारी चावल पूर्ति निरीक्षक ने पकड़ा। पूर्ति निरीक्षक ने पिकअप गाड़ी चालक समेत दो लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई। मुनाफा कमाने के चक्कर में दुकानदार सरकारी चावल को खरीद कर पड़ोसी जनपदों में बेंच देते हैं। सरकारी चावल लगातार बाजार में बेंचा जा रहा है। मंगलवार को कुठौंद पुलिस को चेकिंग के दौरान पिकअप पर लदकर जा रहा सरकारी चावल मिल गया। जिसकी जानकारी उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को दी। पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और जूट व प्लास्टिक की बोरियों में भरे चावल को खुलवाया। जिनमें



पकड़ी गयी पिकप में चावल को देखते पूर्ति निरीक्षक पायनियर

सरकारी चावल भरा हुआ मिला। जिसकी जानकारी डीएम को दी गई। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने पिकअप के चालक प्रदीप पुत्र मेवालाल व वीर सिंह पुत्र मेहरबान निवासी निवासी थाना कुठौंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के 23 बोरियों में बंद लगभग 11 क्विंटल चावल को पकड़ा था। जांच के दौरान वह सरकारी चावल होने पर 2 लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## भक्तों ने नम आंखों से देवी प्रतिमाओं को किया विसर्जित

**कोंच (जालौन)।** गत सितंबर से आरंभ हुए शारदीय नवरात्रि महोत्सव में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिष्ठापित की गयीं देवी माँ की प्रतिमाओं को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एकादशी को नम आँखों के बीच विसर्जित किया गया। गुरुवार को अल सुबह करीब 5 दर्जन की संख्या में अलग अलग देवी पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूर्णाहुति के पश्चात आकर्षक ढंग से सजाए गये रथ पर सोलह श्रंगार से सुसज्जित देवी प्रतिमाएं विराजित करायीं गयीं और फिर प्रशासन की ओर से नियत क्रम संख्या के हिसाब से एक साथ देवी प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा आरंभ हुई।विसर्जन यात्रा मुख्य मार्ग से होकर पुरानी स्टेट बैंक, भुजरया चौराहा, नई बस्ती, नगर पालिका, चंदकुआँ चौराहे से होती हुई धनुताल मैदान पहुँची जहाँ देवी भक्तों ने नम आंखों से देवी माँ के जयकारे लगाते हुए देवी प्रतिमाओं को जल में विसर्जित किया। विसर्जन शोभायात्रा में डीजे,बैंडबाजों व ढोल नगाड़ों के बीच बज रहे मैया के गीतों पर लाल चुनरी ओढ़े महिला व पुरुष श्रद्धालु गुलाल उड़ाकर जय माता दी।

## बरगढ़ में बन रहीं औद्योगिक इकाइयों को जल्द उपलब्ध कराएं विद्युत आपूर्तिः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

● छापे की वीडियोग्राफी कराये विजिलेंस टीम

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी कक्ष में संपन्न हुई । बैठक में झटपट पोर्टल, राजकीय सापेक्ष में राजस्व प्राप्ति, बिलिग, नेवर पेड कंजूमर, राजस्व वसूली, रेड पोर्टल, ट्रांसफार्मर आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि झटपट पोर्टल से विद्यालयों में जो कायाकल्प के अंतर्गत करा सकते हैं वे कराएं। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में यह सुनने को न मिले । उन्होंने कहा बरगढ़ में बन रहे औद्योगिक सेंटर में वरुणववेज व अन्य कम्पनियों के लिए सप्लाई भी जल्द से जल्द कराएं। राजकीय सापेक्ष में राजस्व प्राप्ति के अंतर्गत उन्होंने कहा कि बांदा डिवीजन व दक्षिणांचल का औसत क्या है इसका प्रारूप टोटल करें । उन्होंने विलींग के अंतर्गत कहा कि शहरों में ठीक है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में भी विलिंग की समस्या होती है व रीडिंग की भी समस्या होती है । उन्होंने अधिशासी अभियंता से कहा कि इसकी समीक्षा करते रहें व इसमें बढ़ाएं । उन्होंने राजापुर में विलिंग की समस्या के बारे में जानकारी लिए उन्होंने कहा कि अगर मीटर रीडिंग में कमी है तो उसको स्टाक में रखें इसकी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग स्टाफ को बुलाकर हर महीने में लगभग 3 बार मीटिंग करें व मीटिंग में यह भी बताएं कि किस क्षेत्र में कमी है । उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को कहां की आपके यहां विलिग सबसे कम है इसमें प्रोग्रेस कराएं। उन्होंने कहा कि आप के हित में व जनता के हित में समस्या का समाधान कराए।उन्होंने कहा कि गलत बिल आ जाएगा तो उसके तत्काल निस्तारण कराएं ।उन्होंने यह भी कहा कि तहसील दिवस, हमारे पास, जनप्रतिनिधियों के पास



निर्देश देते डीएम पायनियर

शिकायत नहीं आनी चाहिए। नेवर पेड कंजूमर के अंतर्गत उन्होंने कहा कि कंजूमर 20/ 30 प्रतिशत जमा कर रहे हैं तो उसे कराएं 100 प्रतिशत के चक्कर में न रहे। राजस्व वसूली के अंतर्गत उन्होंने कहा की टोटल आरसी से कितनी वसूली हुई है। उन्होंने कहा कि आरसी वसूली नंबर मंगा कर उसे मिलान कराएं। रेड पोर्टल के अंतर्गत विजिलेंस एसएचओ से कहा कि रेड पडा तो मैनेज करके खत्म न कर दे ऐसा नहीं होना चाहिए। कहा कि चोरी करने वाले व सही कन्ज्यूमर्स वाले की लिस्ट निकालें। उन्होंने एसएचओ विजिलेंस को कहा कि इसको ध्यान में रखें कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। जो बड़े कंजूमर हैं जैसे आटा चक्की, बड़े बिजली खपत करने वाले को पकड़े। कहा कि जो बड़े कमर्शियल लोड वाले हैं रेड के दौरान वीडियोग्राफी भी कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को छोड़ना नहीं है शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत विभाग में विद्युत चोरी को रोकना है व राजस्व वसूली को भी बढ़ाना है। कहा कि 20 रेड चेकिंग लिस्ट निकाले जिसका हम अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा कि मीटर व विलिग की संख्या बढ़ाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता राजापुर से कहा कि बड़े-बड़े कंजूमर के पास जाकर जमा कराएं एवं उन्होंने यह भी कहा कि एसडीएम और प्रधानों के साथ मिलकर कैंप लगाएं व जिस गांव में ज्यादा बकाया है उस गांव को चिन्हित करके जाएं और अगले मीटिंग में बताएं कि हम इस गांव में गए थे। ट्रांसफार्मर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर रिप्लेस टाइमलाइन के अंतर्गत होनी चाहिए। दीपावली के अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बढ़ाएं । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अधीक्षण अभियंता ब्रजेश कुमार, अधिशासी अभियंता राजापुर के के वर्मा, अधिशासी अभियन्ता कर्वी आर यस वर्मा, एस एच ओ विजिलेंस सुरेंद्र सिंह व सम्बंधित एसडीओ उपस्थित थे।